आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 35, अंक 149, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14

अमेरिका-यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12

## रेलवे की 1 जुलाई से यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी।

## प्रत्येक गांव के नियत दायरे में हो ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा: शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश**



वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी, एमपी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी। प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा देने की बात कही।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।

### धामी ने कुंभ के लिए मांगा सहयोग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के दौरान राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अधिक सहयोग का आग्रह किया। ग्लेशियर अध्ययन केंद्र, जैव विविधता संरक्षण संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

### देश ने हर क्षेत्र में पहचान बनाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित 11 साल का कालखंड नई प्रेरणा देता है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उन्होंने यूपी की विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। कहा कि यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है।

# सुबह सीजफायर, दिनभर हमले रात को जंग के खात्मे का ऐलान

## इजराइल-ईरान युद्ध : ट्रंप की ओर से जंग रोकने की घोषणा के चंद घंटे में टूटा था संघर्ष विराम

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी



मिसाइल हमले में इजराइल के बीरशेबा शहर में क्षतिग्रस्त इमारतें।


- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 लोगों की मौत और 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। हालांकि देर शाम ईरान की ओर से जंग के खात्मे का एलान किया गया। इस तरह इजरायल के साथ 12 दिन की जंग का अंत हो गया।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने और शासन के लक्ष्यों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए गहन अभियान फिर से शुरू करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। ट्रंप की घोषणा और संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी। ईरान ने भी मंगलवार की सुबह इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए।

### नेतन्याहू से बोले ट्रंप, अब सैन्य कार्रवाई नहीं करेंगे



**दुबई।** अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले किए जाने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि वह आगे अमेरिका से आक्रामक सैन्य कार्रवाई की उम्मीद नहीं करें। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार को ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर अमेरिका की बमबारी के बाद ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा कि अब युद्ध रोकने और कूटनीतिक वार्ता की ओर लौटने का समय आ गया है। ट्रंप का रुख था कि अमेरिका ने ईरान द्वारा उत्पन्न किसी भी आसन्न खतरे को दूर कर दिया है।

### अब परमाणु हथियार नहीं बनाएगा ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान अब परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और ईरान में सत्ता परिवर्तन भी नहीं होगा, क्योंकि इससे वहां अराजकता फैल सकती है। ट्रंप ने ये भी कहा कि चीन अब ईरान से तेल खरीद सकता है। साथ ही वो चाहेंगे कि वो अमेरिका से भी तेल खरीदें।

**श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री**

## भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## देश के पूंजीगत व्यय में यूपी की 16.3% होगी हिस्सेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व कर्नाटक से आगे यूपी
- 2024-25 में भी टॉप कंट्रीब्यूटर रहे यूपी की नए साल में भी खास रहेगी उपलब्धि

**अमृत विचार** : यूपी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक से पूंजी व्यय में यूपी टॉप पर रहेगा।

पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे।

### राजस्व में भी अव्वल

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10.6% बढ़कर 69.4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12.3% और पूंजीगत प्राप्तियां 6.6% बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13.3% राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11.3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5.9% प्रत्येक) रहेंगे।

### निवेशकों के लिए पहली पसंद बना यूपी

योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

## गृह मंत्रालय ने जैन व भारद्वाज के खिलाफ जांच को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आम आदमी पार्टी ने किया आरोपों से इनकार

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अस्पताल परियोजनाओं में देरी से संबंधित कथित घोटाले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी जांच को मंजूरी दे दी है। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोपों से इनकार किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह नियमित परियोजनाओं में देरी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि सक्षम प्राधिकारी ने अस्पताल घोटाले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा जांच की मंजूरी दे दी है।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा। सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने मुद्दे को उठाया।

## अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को आज रवाना होंगे शुभांशु



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बुधवार 25 जून को एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) रवाना होंगे। एक्सिओम-4 बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार तड़के 2:31 बजे अमेरिका से उड़ान भरेगा। एक्सिओम-4 गुरुवार सुबह सात बजे आईएसएस पर पहुंचेगा। इसके तहत चार सदस्यीय चालक दल 14 दिनों के मिशन पर होगा और लगभग 60 अनुसंधान करेगा। इस दल के आईएसएस पर रहने के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा किए जाने वाले सात प्रयोग शामिल हैं। प्रक्षेपण स्थानीय समय के अनुसार 2:31 बजे और भारतीय समयानुसार बुधवार/गुरुवार को 12:01 बजे होने की संभावना है।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा के विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लाखों सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। ईपीएफओ ने कोविड-19 महामारी के समय पहली बार ऑनलाइन स्वतः निपटान व्यवस्था शुरू की थी।

## दिल्ली-मुंबई समेत प्रमुख हवाई अड्डों पर मिलीं ढेरों खामियां

नई दिल्ली, एजेंसी

**विमानन नियामक ने अहमदाबाद हादसे की पृष्ठभूमि में कराई थी हवाई अड्डों की जांच**

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को कहा कि प्रमुख हवाई अड्डों पर की गई निगरानी में विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में कई खामियां सामने आई हैं। नियामक ने कहा कि इनमें कई ऐसे मामले शामिल हैं, जहां विमान में खामियां फिर से दिखाई दीं और रनवे पर केंद्र रेखा का निशान धुंधला हो गया था। अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पृष्ठभूमि में की गई इस जांच में उड़ान संचालन, उड़ान योग्यता, रैंप सुरक्षा, हवाई यातायात नियंत्रण, संचार, नेविगेशन प्रणाली और उड़ान-पूर्व चिकित्सा मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया था।

नागर विमानन महानिदेशालय ने बयान में विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में एयरलाइन कंपनियों या किसी अन्य इकाई का नाम बताए बिना कहा कि सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए संबंधित पक्षों को सात दिन के भीतर निष्कर्षों के बारे में बता दिया गया। बयान में कहा गया कि निगरानी के दौरान, एक अनुसूचित एयरलाइन की घरेलू उड़ान घिसे हुए टायरों के कारण रुकी हुई पाई गई। नियामक ने कहा कि ऐसे कई मामले थे, जिनमें पहले पता चल चुकी खामियां विमान में फिर से दिखाई दीं, जिससे अप्रभावी निगरानी और अपर्याप्त सुधार का संकेत मिलता है। नियामक ने यह भी पाया कि एक सिम्युलेटर विमान की बनावट से मेल नहीं खा रहा था और सॉफ्टवेयर भी वर्तमान संस्करण में 'अपडेट' नहीं किया गया था। संयुक्त महानिदेशक के नेतृत्व में दो दलों ने दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों सहित प्रमुख हवाई अड्डों पर रात और सुबह के समय निगरानी की।




### कई उपकरण खराब, लाइफ जैकेट भी नदारद

डीजीसीए के बयान में कहा गया कि निगरानी के दौरान 'बैगेज ट्रॉली' जैसे उपकरण खराब पाए गए। विमान के रखरखाव के दौरान कार्य आदेश का पालन नहीं किया गया था और अनुपयोगी 'थ्रस्ट रिवर्सर' प्रणाली और 'फ्लैप स्लैट लीवर' को लॉक नहीं किया गया था। रखरखाव के दौरान, विमान रखरखाव इंजीनियर द्वारा विमान रखरखाव मैनुअल के अनुसार सुरक्षा सावधानियां नहीं बरती गईं। डीजीसीए ने पाया कि विमान में कई जीवन रक्षक जैकेट उनकी निर्धारित सीट के नीचे ठीक से नहीं रखे गए थे। कई हवाई अड्डों के आसपास नए निर्माण के बावजूद कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया था। डीजीसीए ने कहा कि विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में जोखिमों का पता लगाने के लिए भविष्य में व्यापक निगरानी जारी रहेगी।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### वर्षा जल संचयन प्रणाली से लैस होंगे 2.35 लाख सरकारी भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार वर्षा जल संचयन को लेकर व्यापक अभियान चला रही है। प्रदेश के करीब 34,000 सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरटीआरडब्ल्यूएच) सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल 2 लाख 35 हजार सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन प्रणाली से युक्त किया जाए। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत 16 जिलों ने 100 प्रतिशत वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है। इनमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और पीलीभीत शामिल हैं।

### मांगों को लेकर मंत्री से मिला लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति, उप्र. के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विधान भवन में राजनीतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर कई मांगें रखीं। इस दौरान राजनीतिक पेंशन विभाग की प्रमुख सचिव, संयुक्ता समद्दार, विशेष सचिव, मनोज कुमार राय व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। लोकतंत्र सेनानियों की मांगों में राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित वोल्वो एवं प्लेटिनम बसों में एक सहयात्री के साथ नि:शुल्क यात्रा की सुविधा, सभी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा और राज्य अतिथि गृहों, विश्राम गृहों में कक्ष आवंटित किया जाना शामिल है। इसके अलावा राज्य संपत्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग से लोकतंत्र सेनानियों को भी वर्गीकृत किये जाने के लिए अनुरोध किया गया।

# किसानों को पारंपरिक सिंचाई से मुक्ति दिलाएगी एमसीएडी योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योजना को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 1600 करोड़ रुपये
- जल प्रबंधन व ग्रामीण समृद्धि की ओर बड़ा कदम, हर खेत तक पहुंचेगा पानी

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम (एमसीएडी योजना) का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्जा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडब्ल्यूएम (कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी।

### 50 से 5000 हेक्टेयर तक के बनाए जाएंगे क्लस्टर

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

### मिलेगा रोजगार बढ़ेगा कृषि बाजार

जीएस नवीन ने बताया कि योजना के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को सिंचाई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाएगी। एमसीएडी योजना के तहत 'एक क्लस्टर, एक फसल' मॉडल को अपनाया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

योजना की निगरानी तीन स्तरों क्रमश: राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर होगी। वहीं जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति बनेगी। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर जिलाधिकारी योजना के कार्यों की निगरानी करेंगे। साथ ही आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), एससीएडीए (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन), जीआईएस (ग्राफिक इंफ्रॉर्मेशन सिस्टम और सैटेलाइट) डेटा जैसे तकनीकी उपकरणों के जरिए भी निगरानी की जाएगी। योगी के इस कदम से न केवल जल की बर्बादी रुकेगी, बल्कि किसानों की उत्पादकता, आमदनी और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी।

### आपातकाल की कांग्रेस नीति पर प्रहार करेगी भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा आपातकाल के 50वें वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल की भयावहता, क्रूरता एवं दमन की कांग्रेसी नीति को लोक दरबार में लेकर पहुंचेगी। 25 जून को जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने वाले आपातकाल के काले अध्यायों पर संवाद करेगी। मुख्यमंत्री योगी लखनऊ व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद में संगोष्ठी में जनसंवाद करेंगे।

# माफिया मुक्त गाजीपुर बढ़ रहा आगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की, कई प्रस्तावों को दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर को माफिया मुक्त बताते हुए कहा कि अब विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विकास की कई सौगात दी। जनप्रतिनिधियों की मांग पर गाजीपुर में अंधऊ चौकिया बाईपास के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।



गाजीपुर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

गाजीपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी ने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण और विकास कार्य व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चितनाथ घाट व कलेक्टर घाट से गाजीपुर से जुड़े कॉरिडोर निर्माण से संबंधित प्रस्ताव का डीपीआर मंगाया गया है। इस पर भी आगे कार्रवाई होगी। विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर तेजी से राजस्व वादों का निस्तारण भी हुआ है।

योगी ने कहा कि अभी यूपी की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। देश के सबसे बड़े पुलिस बल में 60,244 युवाओं की भर्ती हुई है। इनमें से 1534 अभ्यर्थी गाजीपुर जनपद के हैं। योगी ने चयनित अभ्यर्थियों व उनके परिवारों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है। जनपद का इतिहास रामायण काल और उससे भी प्राचीन है। बीच के कालखंड में इस जनपद को पहचान के संकट से गुजरना पड़ा था, लेकिन आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज यहां की पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर माफिया मुक्त जनपद बना है। विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त कर रहा है, जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को शक्तिनगर तथा गंगा एक्सप्रेसवे को मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक मिलाने की कार्रवाई आगे बढ़ने जा रही है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद गाजीपुर को नई पहचान दिलाएगा।

# खाद प्रकरण में सीतापुर के डीएओ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद की कोई कमी नहीं कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : शाही

**अमृत विचार :** खाद की कालाबाजारी मामले में सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) मनजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 75 जिलों में 25 लाख 74 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। फिर भी यदि कोई किसान को ऊंचे दामों पर खाद बेच रहा है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि 22 और 23 जून को लखनऊ, सीतापुर समेत कई जिलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ओवररेटिंग, टैगिंग और रजिस्टर में गड़बड़ी के मामलों में संबंधित प्रतिष्ठानों को सील कर उनके लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिए गए हैं। कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी से जब पूछा गया कि पिछली बार निरीक्षण कब किया गया तो उन्होंने बताया कि मार्च के बाद से वे निरीक्षण पर नहीं गए। यह बात सुनते ही मंत्री ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने बताया कि अब सिर्फ सक्रिय रिटेलर ही खाद का व्यवसाय कर सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उर्वरक का संतुलित उपयोग सिखाया जाए। अत्यधिक रासायनिक खादों से भूमि की उर्वरता पर असर पड़ता है।

### इस सप्ताह जमकर बारिश होने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस सप्ताह जमकर बारिश होगी। आगरा, लखीमपुर खीरी और कुशीनगर समेत 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच बारिश की वजह से कई जगहों पर बिजली गिरने का भी अलर्ट है। दरअसल, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मॉनसून अपना असर दिखाना शुरू कर रहा है। इस दौरान कई जगहों पर भारी बारिश और आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा। विभिन्न हिस्सों में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले हफ्ते भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के मध्य भागों में ऊपरी हवा में चक्रवाती हलचल है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल स्तर पर निम्न दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। खासकर उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत में भी भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 30 जून तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है, जिसमें उत्तराखंड में 27 जून तक बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान बिजली गिरने की घटनाएं संभावित हैं।

# सरकारी अस्पतालों को मिले 355 विशेषज्ञ चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएचएम के तहत तैनात किए गए चिकित्सक
- 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों से सर्जरी को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकारी अस्पतालों में 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों की तैनाती को स्वीकृति दी है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार अभियान चलाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर रही है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। रिवर्स बिडिंग के तहत 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री के अनुसार, 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे अस्पतालों में सर्जरी के लिए एनस्थीसिया विशेषज्ञों का इंतजार नहीं करना होगा। सर्जरी की संख्या में भी वृद्धि होगी। बच्चों को अच्छा व आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए 78 बाल रोग विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे बच्चों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

### महिला रोग विशेषज्ञों का भी चयन

सुरक्षित प्रसव कराने के लिए 63 महिला रोग विशेषज्ञों की अस्पताल में तैनाती की जा रही है। इससे गर्भवती महिलाएं व विभिन्न बीमारी से पीड़ित महिलाओं को आसानी से उपचार मिल सकेगा। साथ ही 32 आर्थोपैडिक्स, 27 जनरल सर्जन, 20 पैथोलॉजिस्ट, 11 रेडियोलॉजिस्ट, 11 कंसल्टेंट मेडिसिन, आठ जनरल मेडिसिन, आठ ईएनटी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। एक चेस्ट फीजिशियन, पांच मानसिक रोग विशेषज्ञ, तीन माइक्रोबायोलॉजिस्ट, सात नेत्र रोग विशेषज्ञ व एक फिजिशियन का चयन किया गया है।

### हिंसक जानवरों के लिए बनेंगे रेस्क्यू सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने 57 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च कर मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट में रेस्क्यू सेंटर तैयार किया है। इसके जरिए बाघ, तेंदुआ, सियार जैसे बड़े मांसाहारी जीवों के वन क्षेत्र के समीप के गांवों और शहरों में आए दिन होने वाले संघर्ष से बचाव होगा। इसका खर्च एसडीआरएफ उठाएगी, जल्द ही जरूरी मैन पावर और उपकरणों की व्यवस्था कर इनका संचालन शुरू हो जाएगा। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ वन क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामवासियों की इन हिंसक पशुओं से सुरक्षा प्रदान करना है।

# सामूहिक विवाह योजना की निगरानी होगी सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के विवाह के लिए सामूहिक विवाह योजना की निगरानी सख्त करने के निर्देश दिए हैं। कन्या के आधार सत्यापन में लापरवाही पर जिम्मेदार अफसरों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही विवाह स्थल पर वर-वधू दोनों की बायोमीट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य होगी, ताकि फर्जीवाड़ा रोका जा सके। शादी में दी जाने वाली उपहार सामग्री, जलपान और भोजन आदि के मानक तैयार कर उनका सख्ती से पालन करवाया जाएगा।

यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि एक ही स्थान पर 100 या उससे अधिक जोड़ों की शादियों की स्थिति में संबंधित जिलाधिकारी स्वयं मौजूद रहेंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के मुताबिक, राज्य सरकार की मंशा है कि योजना का लाभ पात्र परिवार आसानी से ले सकें। इसके लिए कई स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं। योजना में लाभार्थियों को दिए जाने वाले उपहारों की गुणवत्ता और आपूर्ति में पारदर्शिता के लिए अब फर्मों के चयन की प्रक्रिया निदेशालय स्तर से की जाएगी, ताकि जिला स्तर पर किसी तरह की अनियमितता न हो।

# ज्यादा ट्रांसफार्मर जले तो अभियंता होंगे निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में ज्यादा ट्रांसफार्मर जलने वाले क्षेत्रों के अभियंता निलंबित होंगे। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने इस सिलसिले में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिये। अध्यक्ष मंगलवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति व राजस्व वसूली की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पिछले ढाई-तीन महीने में जहां ज्यादा ट्रांसफार्मर जले हैं, वहां अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी को निलंबित किया जाए। उन्होंने इस मामले की समीक्षा की जिम्मेदारी निदेशक वितरण को सौंपी। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक उपभोक्ताओं के फोन रिसीव करें। कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए। वरिष्ठ अधिकारी बिजली बाधित होने पर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि 15 दिन में राजस्व वसूली में सुधार न होने पर फिरोजाबाद के सभी अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने मुख्य अभियंता को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने निदेशक वाणिज्य को राजस्व वसूली की समीक्षा कर सभी मुख्य अभियंताओं व अधीक्षण अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

# धार्मिक स्थलों से हो रहा खिलवाड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हिन्दुत्व के नाम पर बनी भाजपा सरकार हिन्दू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश में सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों के स्वरूपों को बदला जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



पत्रकारों को जानकारी देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सरकार को घेरा

उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी प्राचीन शहर हैं। सबने अपना स्वरूप बचाकर रखा है। किसी ने उसको नहीं बदला है, पर भाजपा सरकार पुराने सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि बनारस के मूल स्वरूप को बर्बाद किया गया। सैकड़ों शिवलिंग और मंदिरों को तोड़ा गया, वट वृक्ष काट दिया गया। उन्होंने कहा कि अब सरकार की निगाह मां विंध्यवासिनी के मंदिर पर है। इसके बाद वृंदावन की कुंज गलियों को भी खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी ईश्वर से जुड़े आस्था के स्थान हैं, जिनको भाजपा सरकार पर्यटन स्थल या पिकनिक स्पॉट में बदल रही है। उन्होंने बताया कि सोहनलाल मिश्र चारों वेदों के ज्ञाता हैं और वृंदावन के तीर्थ पुरोहित भी हैं। इनका परिवार और इनका समाज 500 वर्षों से मंदिर में सेवा कर रहा है। सरकार इन लोगों पर जगह खाली करने का दबाव डाल रही है।

# भागवत कथा क्यों नहीं कह सकते

## वर्चस्ववादी लोगों के कारण इटावा में हुआ कथा वाचक का अपमान : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्चस्वादी और प्रभुत्ववादी लोग कथा वाचन में अपना एकाधिकार बनाये रखना चाहते हैं। कथा वाचन को जिन्होंने भावना की जगह व्यवसाय बना लिया, उन्हीं प्रभुत्ववादियों और वर्चस्ववादी लोगों के कारण इटावा में कथा वाचक का अपमान कांड हुआ है।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित एक प्रेसवार्ता में मंगलवार को अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि इस सरकार में बैठे लोग लगातार अन्याय करा रहे हैं। प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोग लगातार पीडीए परिवार के लोगों को डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोचने का सवाल यह है कि श्रीमद्भागवत कथा सबके लिए है। जब सब सुन सकते हैं तो सब बोल क्यों नहीं सकते हैं। भागवत कथा तो श्री कृष्ण से जुड़ी है। अगर सच्चे कृष्ण भक्तों को ही भागवत कथा कहने से रोका जायेगा तो कोई यह अपमान क्यों सहेगा। अखिलेश यादव के मुताबिक, ये वर्चस्ववादी और प्रभुत्ववादी लोग कभी घर को और कभी मंदिर को गंगाजल से धुलवाकर पीडीए समाज को अपमानित और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर एकाधिकार स्थापित करना है तो जिस तरह से दावा करते हैं कि धारा 370 खत्म किया, उसी तरह से देश में कानून लेकर आएं कि कथा वाचन का काम वर्चस्ववादी ही कर सकते हैं और कोई नहीं कर सकता है।

### लोनिवि मुख्यालय में विधानभवन की तर्ज पर मिलेगा प्रवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक निर्माण विभाग मुख्यालय लखनऊ के परिसर में अब लोकभवन और विधानभवन की तर्ज पर ही प्रवेश संभव है। यहां आगंतुकों के प्रवेश के लिए उप्र. सचिवालय प्रवेश नीति-2018 की व्यवस्था को लागू किया गया है। इस प्रक्रिया में अब लखनऊ स्थित लोक निर्माण विभाग मुख्यालय परिसर में प्रवेश के लिए दैनिक प्रवेश पास बनावाना होगा। यह पास विभागीय सक्षम अधिकारी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि की स्वीकृति के बाद गेट नं-1 पर स्थित प्रवेश पास काउंटर पर बनेगा। प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मुद्दा — संघर्ष समिति ने की सीबीआई जांच कराने की मांग

# आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के बाद निजीकरण पर मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के बाद ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर शासन व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन स्तर पर में मंथन शुरू हो गया है। निजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की रणनीति पर विचार-विमर्श जारी है। नियामक आयोग की ओर से जुलाई के शुरुआती दिनों में वृहद रिपोर्ट दिये जाने की संभावना है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

निजीकरण पर नियामक आयोग से अभिमत मांगे जाने पर आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कई वित्तीय खामियां उठाई थीं। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे कहा कि सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के जरिये तैयार की गई रिपोर्ट में कई खामियां हैं। समिति पहले से ही इस कंपनी का विरोध कर रही है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अवैध ढंग से नियुक्त की गई सलाहकार कंपनी से बड़े घोटाले की आशंका बलवती हो गई थी।

**उपभोक्ता परिषद ने लगाया आरोप :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की बैलेंट शीट पर रिपोर्ट तैयार करने में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता बरती। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजी घरानों को लाभ देने के लिए कंज्यूमर कंट्रीब्यूशन यानी कॉस्ट डाटा बुक के तहत जमा योजना में उपभोक्ता की ओर से जमा की जाने वाली धनराशि व सरकार के अनुदान को भी 'एसेट' मानकर रिटर्न ऑफ इक्विटी बढ़ाने की बड़ी साजिश की। उन्होंने इस प्रकरण को आगे बढ़ाने वाले कॉरपोरेशन के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की।

### खाली पड़े निदेशक के पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों में खाली पड़े 15 निदेशक के पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 30 जून तक आवेदन मांगे गये हैं। पिछले दिनों मध्यांचल निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चंद्र अग्रवाल व निदेशक वित्त एमके बंसल ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। इससे कॉरपोरेशन प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए थे। इस बीच, कॉरपोरेशन की ओर से 15 निदेशकों का विज्ञापन निकाला गया। इसमें मध्यांचल निगम के दोनों निदेशकों के पद के अलावा पावर कॉरपोरेशन के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कॉरपोरेट प्लानिंग, निदेशक आईटी, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, पूर्वांचल निगम के लिए निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, निदेशक वित्त, मध्यांचल निगम के निदेशक वाणिज्य, उत्पादन निगम के लिए निदेशक तकनीकी, निदेशक वित्त, पारेषण निगम के लिए निदेशक ऑपरेशन, निदेशक एसएलडीसी, निदेशक वाणिज्य एवं योजना शामिल हैं। मालूम हो कि कॉरपोरेशन में निदेशक वित्त व दक्षिणांचल निगम के निदेशक वित्त का चयन पूर्व में किया गया, पर दोनों ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया।

# जाति प्रमाण पत्र न बनने की रिपोर्ट शासन को भेजेगा आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने की शिकायतों पर सुनवाई

**अमृत विचार :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जाति प्रमाण पत्र न बनाये जाने की शिकायतों की रिपोर्ट शासन को भेजेगा। मंगलवार को इंदिराभवन में सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने इस सिलसिले में निर्देश जारी किये।

आयोग में विभिन्न जिलों से प्राप्त कुल 25 शिकायतों व पत्रावलियों पर सुनवाई की। अध्यक्ष ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने पिछड़े वर्ग के जाति प्रमाण पत्र के प्रारूप में संशोधन के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव कार्मिक विभाग की ओर से संयुक्त सचिव मनीष चन्द्र श्रीवास्तव के साथ बैठक की। बैठक में जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी गई। इस प्रकरण में विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। सुनवाई के दौरान सत्यम पटेल के पदोन्नति प्रकरण में श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें पदोन्नति दी जाएगी। अध्यक्ष ने इस प्रकरण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेदारी निर्धारित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गिरीश चन्द्र मौर्य के मृतक आश्रित नियुक्ति प्रकरण में भेदभावपूर्ण कार्रवाई पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसंद
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
ईमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

37.5° अधिकतम तापमान | 27.6° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज



- कानपुर रोड स्थित सीएमएस ऑडिटोरियम में व्यमोत्सव– 10 :00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन के लोहिया सभागार में डीडीओ की अध्यक्षता में फैमिली आईडी पर जागरूकता कार्यक्रम– 11 :00 बजे।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग में आधुनिक पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर कार्यशाला– 11 :00 बजे।
- कैसरबाग स्थित गांधी प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय किसान मंच की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी– 1 :00 बजे।
- 1090 चौराहा पर विश्व मद्यनिषेध दिवस की पूर्व संध्या पर नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त संकल्प, गोष्ठी व शिविर– 6 :00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में यायावर रंगमंडल की ओर से उल्लास बाल पर्व के तहत नाटक उठ जाग मुसाफिर और मन की बात का मंचन– 7 :00 बजे।

# गुडंबा में मौरंग ठेकेदार की गला रेतकर हत्या

## बेड पर पड़ा मिला अर्द्धनग्न शव, रसोई में शराब की दो बोतलें और तीन गिलास मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कमरे में जांच करती फॉरेंसिक टीम और बाहर छज्जे पर खड़े पुलिसकर्मी व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गुडंबा स्थित अर्जुन एंक्लेव में ठेकेदार की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह बेड पर औंधे मुंह अर्द्धनग्न शव घर पर पड़ा मिला। पुलिस को किचन से शराब की दो बोतलें और तीन गिलास मिले हैं। शुरुआती जांच में हत्या में किसी करीबी का हाथ होने का शक है। रुपये के लेनदेन और आशनाई के बिंदुओं को आधार बनाकर पुलिस जांच कर रही है। पत्नी ने छह लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुल्तानपुर के लंभुआ भरखरे के मूल निवासी उमाशंकर (46) दो महीने से गुडंबा के अर्जुन एन्क्लेव के फेस-2 में मुस्तकीम के मकान में पहली मंजिल पर किराए पर रह रहे थे। वह बालू-मौरंग ठेकेदारी करने के साथ सुल्तानपुर निवासी पार्टनर के साथ प्याज की आढ़त का काम भी करते थे। मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे विकासनगर निवासी परिचित वैशाली सिंह उमाशंकर से मिलने उसके कमरे पर गई थी। ताला खोलकर वैशाली कमरे में पहुंचीं तो बेड पर उमाशंकर की अर्द्धनग्न लाश पड़ी थी ओर आसपास खून फैला था। वैशाली उल्टे पैर लौटीं और मुस्तकीम को जानकारी दी।

- मां, बेटी समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज
- लेन-देन व आशनाई के बिंदुओं पर जांच कर रही पुलिस

मुस्तकीम ने वैशाली को कमरे का कोई सामान न छूने की हिदायत देकर डॉयल-112 पर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह, एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह व इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि हत्या गला रेतकर की गई है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम को किचन में शराब की दो बोतलें और तीन गिलास मिले हैं। मृतक की दूसरी पत्नी ममता सिंह ने गुडंबा थाने में वैशाली, उसके पिता दिनेश, मां सुमित्रा, भाई अनुराग और अविनाश के साथ ही उमाशंकर के दोस्त संदीप पांडेय के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मृतक का मोबाइल फोन, मकान में लगे सीसी कैमरे की रिकार्डिंग समेत अन्य साक्ष्य कब्जे में ले लिए हैं। मृतक की कॉल डिटेल के आधार पर जांच की जा रही है।

### वैशाली के प्रेमी ने फोन कर दी थी धमकी

पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो पता चला कि उमाशंकर और वैशाली सिंह का चार वर्ष से मिलना–जुलना था। दोनों रोज ही मिलते थे। वैशाली के पास उमाशंकर के किराए के मकान की चाबी भी थी। वह अक्सर मकान में आती–जाती थी। ममता ने बताया कि करीब एक हफ्ते पहले वैशाली के प्रेमी संदीप पांडेय ने उन्हें फोन कर धमकी दी थी कि अपने पति को समझा लो। उमाशंकर की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। अंजाम बुरा होगा।

### सोमवार को गांव से लखनऊ लौटा था उमाशंकर



मृतक उमाशंकर।

उमाशंकर के प्याज की आढ़त में पार्टनर शिवा सिंह गुडंबा के मायापुरी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उमाशंकर सोमवार दोपहर को सुल्तानपुर से लौटा था। सोमवार रात 9 :29 बजे उसे फोन किया था। मंगलवार सुबह 10 :05 बजे फिर फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। फोन न उठने की जानकारी उमाशंकर की पत्नी ममता सिंह भी दे दी थी।

### उमाशंकर ने दो शादियां की थीं, दोनों पत्नी गांव में

डीसीपी पूर्वी ने बताया कि उमाशंकर ने दो शादियां की थी। पहले पत्नी रेनू और दूसरी ममता सुल्तानपुर में रहती हैं। हत्या की सूचना पर ममता पहले किराए वाले मकान फिर गुडंबा थाने पहुंची। उन्होंने साजिश रचकर पति की हत्या का आरोप लगाया है। परिवार में दो बेटियां और बेटा आयु राज है।

# बलरामपुर अस्पताल में अब 15 मशीनों पर डायलिसिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रोजाना किया जा रहा औसतन 30 मरीजों का डायलिसिस

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में अब मरीजों की वेटिंग कम हो गई है। यूनिट में पांच और नई मशीनों को स्थापित कराकर विस्तार किया गया है। अब कुल 15 मशीनों का संचालन होने से रोजाना औसतन 30 मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है।

जिले के सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा सिर्फ बलरामपुर अस्पताल में है। चिकित्सा संस्थानों में मरीजों का लोड अधिक होने के कारण कई मरीजों को रोजाना बलरामपुर अस्पताल भेजा जाता है।

अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में लगी सात में से दो मशीने कंडम हो चुकी थी। इससे डायलिसिस के लिए लंबी वेटिंग थी। हर दिन 10 -12 मरीजों की ही डायलिसिस हो पा रही थी। लिहाजा मरीजों को लौटाया जा रहा था। अस्पताल प्रशासन के प्रयास से

एनएचएम से बीते मार्च माह में पांच नई मशीन अस्पताल को मिली थी। इसके आलावा इसी सप्ताह एक संस्था ने भी पांच मशीने दान की है। यूनिट में अभी कुल 15 मशीनों पर मरीजों की डायलिसिस शुरू करा दी गई है। इससे गुर्दे रोगियों को राहत मिली है। वहीं इससे पहले मरीजों को डायलिसिस के लिए दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ता था। चिकित्सालय के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने बताया डायलिसिस यूनिट की क्षमता बढ़ने से गुर्दा रोगियों को राहत मिलेगी।

### अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर भी संचालित हैं 13 मशीन

बलरामपुर अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर 13 डायलिसिस यूनिट मशीन लगी हैं। जहां पर मरीजों की मुफ्त डायलिसिस हो रही है।

हर दिन यहां पर दस से पंद्रह मरीजों की डायलिसिस हो रही है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि प्रदेश की सबसे बड़ी डायलिसिस यूनिट बलरामपुर अस्पताल में संचालित हो रही है।

# कहीं रिमझिम फुहार, कहीं झूमकर बरसे बादल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुराने लखनऊ स्थित घंटाघर के पास बारिश के बाद ओवरफ्लो होता सीवरेज। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मानसून के दस्तक देने के साथ ही राजधानी में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को जानकीपुरम, बीकेटी इलाके में हल्की और पुराने लखनऊ व शाम को गोमतीनगर में तेज बारिश हुई। बारिश से बचने के लिए राहगीरों ने फ्लाईओवर और दुकानों का सहारा लिया। लोहिया चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने रात में तेज बारिश और 50 किलोमीटर की गति से हवा चलने की संभावना जताई है।

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और तूफान की गतिविधियां हो सकती हैं। 30 जून तक लखनऊ में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। इसके चलते में मध्यम और भारी बारिश की संभावना है। दिन में उमस भरी गर्मी का दौर बना रहेगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम और 0.9 डिग्री ज्यादा रहा। हवा में नमी का स्तर अधिकतम 92 फीसदी और न्यूनतम 79 फीसदी के बीच रहा।

### कई इलाकों में हुआ जलजमाव

बारिश से त्रिवेणी नगर में बड़ा दुर्गा मंदिर का नाला चोक होने से सड़कें पानी से लबालब हो गईं। घरों में नाले का गंदा पानी घुस गया। बड़ा दुर्गा मंदिर के पीछे के बड़े इलाके में घरों से लेकर गलियों में पानी भर जाने से लोगों का घरों से आवागमन बंद हो गया। नगर निगम के कंट्रोल रूम पर शहर के कई इलाकों से जलभराव की शिकायतें आईं। जिसके बाद मौके पर पहुंची अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने सफाईकर्मियों की मदद से जलनिकासी करवाई। यही हाल चौक में देखने को मिला। घंटाघर के पास सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगा। डालीगंज स्थित पुल के नीचे और घंटाघर बारिश से जल हुआ जलभराव। गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार और फैजुल्लागंज आदि क्षेत्रों में लोगों को जलभराव से परेशानी हुई।



बारिश के बाद पुराने लखनऊ में जलजमाव। अमृत विचार

# गोमती, कुकरैल और सई नदी किनारे के 34 गांवों में लगेंगे 68 हजार पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्राम्य विकास विभाग को मिला है 12.40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य
- विभाग ने 7.96 लाख गड्ढे खोदने का किया कार्य पूरा



**अमृत विचार :** गोमती, कुकरैल और सई नदी किनारे के 34 गांव पौधरोपण अभियान से हरे भरे होंगे। ग्राम्य विकास विभाग मनरेगा के तहत नदी के दोनों तरफ स्थित गांवों में करीब 68 हजार फल, छायादार व औषधीय पौधे रोपित करेगा। इससे पांच-पांच किमी में पौधों से हरियाली आएगी और बागवानी का क्षेत्रफल बढ़ेगा।

इस अभियान में औषधीय व अन्य गुणकारी पौधे से पोषण वाटिका विकसित की जाएगी। साथ ही पैच बनेंगे। यानी एक ही स्थल पर मियावकी पद्धति से कई पौधे लगेंगे। अभियान में स्थानीय ग्रामीण की सहभागिता रहेगी, जो अपनी पसंद के पौधे विभाग से लेकर लगाएंगे और संरक्षण करके लाभ उठाएंगे। पौधरोपण अभियान की तिथि निर्धारित होने से पहले चिह्नित क्षेत्रों में 50 फीसदी गड्ढे खोद लिए हैं। इस अभियान से पर्यावरण के साथ दोनों नदियों का संरक्षण होगा।

### इन गांवों में होगा पौधरोपण

गोमती नदी किनारे ग्राम अकड़िया कला, दुधरा, जमखनखां, कठवारा, शिवपुरी, सुल्तानपुर, इचवलिया, बक्कास, मोहम्मदाबाद, सुरियामऊ, सलेमपुर, फरीदपुर, गौरियाकला, मझौवा, शाहपुर गोडवा, मंझी, बदैया, कोलवा भनौरा, बहरौरा व टिकरी कला। इसी तरह सई नदी किनारे स्थित ग्राम मीरानपुर, राती, बरवलिया, सल्सामऊ हिल्गी, अकबरपुर बेनीगंज। कुकरैल किनारे ग्राम अस्ती, गोहनाकला व दुर्जनपुर आदि।

पौधे वन विभाग द्वारा दिए जाएंगे। किसानों के मनपसंद पौधों की मांग की गई है। साथ ही गांव-गांव लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग को कुल 12.40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। करीब 7.96 लाख गड्ढे खोदे गए हैं। उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार सिंह ने बताया कि अभियान की तैयारी काफी हद तक पूर्ण हो गई हैं। गांव-गांव लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

## एक नजर

### नगर निगम सदन की बैठक 4 जुलाई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम कार्यकारिणी समिति के खाली छह सदस्यों के पद भरने के लिए 26 जून को प्रस्तावित सदन अब 4 जुलाई को होगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में सुबह 11 बजे से सदन आयोजित किया जाएगा। महापौर ने सभी पार्षदों एवं नामित सदस्यों से सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है। सदन में केवल पार्षद, नामित सदस्य एवं संबंधित अधिकारी–कर्मचारी ही भाग ले सकेंगे।

### परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी 10 ट्रेनें

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोंडा–बाराबंकी रेल खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के कारण दो ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन किया गया है। लखनऊ से गोरखपुर और लखनऊ होकर जाने वाली 10 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। 4 जुलाई तक यह ट्रेनें जरवल रोड और करनैलगंज रेलवे स्टेशन से होकर नहीं चलेंगी। इनका शार्ट टर्मिनेशन रहेगा – बेंगलुरु से 30 जून को चलने विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु–गोमती नगर स्पेशल गोमती नगर के स्थान पर बनारस स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। गोमती नगर से 4 जुलाई को चलने वाली गोमतीनगर– तिथेवरैया टर्मिनल बेंगलुरु सोशल गोमती नगर के स्थान पर बनारस से चलाई जाएगी।

### पुरानी पेंशन योजना पर की गई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन की डिविजनल काउंसिल की बैठक में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि ओपीएस के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। इस मौके पर लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह का सम्मान किया गया। उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री बी शर्मा, महामंत्री यूथ विंग रमणीक शर्मा, मंत्री अवधेश दुबे, मंडल मंत्री आरपी राव सहित कई अन्य पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

# नीलामी से व्यावसायिक संपत्तियों की खरीद पर मिलेगी 6 फीसदी तक छूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब लखनऊ विकास प्राधिकरण व्यावसायिक संपत्तियों की नीलामी पर 6 फीसदी तक छूट देगा। प्राधिकरण ने यह आदेश लागू कर दिया है। छूट 1 अप्रैल 2025 से मान्य होगी। नई व्यवस्था में भुगतान करने पर छूट के और विकल्प मिलेंगे।

प्राधिकरण ने शहर में व्यावसायिक संपत्ति खरीदने वालों को राहत दी है। दिसंबर, 2024 में बोर्ड बैठक में पारित छूट का प्रस्ताव लागू कर दिया है। नये आदेश में नीलामी से व्यावसायिक संपत्ति खरीदने 45 दिन के अंदर संपूर्ण भुगतान करने वाले आवंटी को 6 फीसदी की छूट मिलेगी। इसी तरह 60 दिन में संपूर्ण भुगतान करने पर 5 फीसदी, 75 दिन में 4 फीसदी और 90 दिन में संपूर्ण भुगतान करने पर 3 फीसदी की छूट मिलेगी। इससे पहले 45 दिन में संपूर्ण भुगतान करने पर मात्र 5 फीसद छूट मिलती थी। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पारित हुआ था। नए आदेश से खरीदारों को भुगतान में काफी राहत मिलेगी।

# बंदी भागने के मामले में दो हेड कांस्टेबल बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** कचहरी परिसर में 18 जून को पुलिस अभिरक्षा से बंदी मो. जैद के भागने के मामले में डीसीपी मुख्यालय ने अभिरक्षा में तैनात हेड कांस्टेबल फरीद अहमद और मुकीम को बर्खास्त कर दिया है। डीसीपी ने यह कार्रवाई एसीपी लाइन की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है।

डीसीपी मुख्यालय अनिल यादव ने बताया कि बंदी के भागने के मामले में एसीपी लाइन को जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में इस बात का पता चला कि अभिरक्षा में लगे दोनों दोनों हेड कांस्टेबल फरीद और मुकीम कचहरी परिसर में बने लॉकअप से सुबह 11 बजे लेकर बंदी जैद को निकले थे। इसके बाद शाम करीब साढ़े चार बजे दोनों ने इस बात की सूचना दी कि बंदी मो. जैद उनकी अभिरक्षा से भाग निकला। पांच घंटे तक वह लोग कहां थे, इसका पता नहीं चल सका है। सूत्रों के अनुसार आरोपी सिपाहियों ने अपने मोबाइल से जैद की फोन पर बातचीत भी कराई थी। सिपाहियों का यह कृत्य उनकी लापरवाही उजागर करता है। डीसीपी ने बताया कि इसी के चलते दोनों सिपाहियों को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

चिंता | बीबीएयू के डॉ . व्यंकटेश दत्ता के अध्ययन में सामने आया चौंकाने वाला सच

# 60 प्रतिशत सिकुड़ गई गोमती नदी की जलधारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** गोमती की सहायक नदियां विलुप्त होती जा रही हैं और नदी का 35 प्रतिशत बहाव क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। इससे नदी की धारा 60 प्रतिशत तक सिकुड़ गई है। अब केवल नदी की 40 प्रतिशत धारा ही प्रवाहित है। ये चिंताजनक सच बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के डॉ. व्यंकटेश दत्ता के अध्ययन में सामने आया है। डॉ. दत्ता ने 1960 से अब तक नदी के प्रवाह व अन्य स्थितियों पर अध्ययन किया है। अंबेडकर विवि में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. दत्ता ने जल संसाधन प्रबंधन और नदी संरक्षण के लिए कानून और नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश की छोटी व गंगा की सहायक नदियों के पुनरुद्धार के लिए बनाई गई समिति के वह सदस्य और तकनीकी सलाहकार भी हैं। डॉ. दत्ता ने बताया कि गोमती, घाघरा और राप्ती बेसिन की 17 नदियों और छोटी धाराओं के प्रवाह में विगत कुछ दशकों में भारी कमी आई है। वर्ष 2011 में उन्होंने गोमती नदी की 960 किलोमीटर तक यात्रा कर उसकी 27 प्रमुख सहायक नदियों का दस्तावेजीकरण किया था। डॉ. दत्ता का कहना है कि नदियां केवल पानी ढोने का एक चैनल मात्र नहीं है, बल्कि कई छोटी सहायक नदियों, पौधों, जानवरों और प्राकृतिक रहवासों से जुड़ा एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र हैं। विकास की प्रक्रिया में हमने नदियों को चेनेलाइज़ कर सीधा कर दिया है और कई जगह पर खोद दिया है। उनके प्राकृतिक तट भी काटने के साथ किनारों को सीमेंट और कंक्रीट से सख्त कर दिया है।

### प्रदेश की 75 नदियों के पुनर्जीवन पर हो रहा कार्य

डॉ. दत्ता के प्रयास से प्रदेश में 75 छोटी नदियों का पुनर्जीवन कार्य शुरू हो गया है। नाले में परिवर्तित हो चुकी कुकरैल को फिर नदी का दर्जा दिलाया गया। डॉ. दत्ता कुकरैल नदी पुनर्जीवन में उत्तर प्रदेश सरकार के सलाहकार के रूप में विशेष योगदान दे रहे हैं। उनकी शोध और रुचि जल संसाधन प्रबंधन में है, जिसमें कैचमेंट प्लानिंग, नदी पुनर्स्थापन और इको–हाइड्रोलॉजी पर विशेष जोर दिया गया है।

### जल एटलस तैयार किया गया

गंगा की सहायक नदियों के जीर्णोद्धार के लिए मुख्य सचिव के निर्देशन में मंडल स्तरीय समिति बनाई गई है। इसमें मंडल के सभी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम के साथ तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं। डॉ. दत्ता के सुझावों के आधार पर नदियों पर अतिक्रमण संबंधित जिलों के जिलाधिकारी हटवाएंगे। डॉ. दत्ता ने जल एटलस तैयार करके सरकार को दिया है। इसमें सभी नदियों, झीलों और तालाबों का सैटेलाइट से मैपिंग की गई है।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता
एस–80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### आयुर्वेद कॉलेज के नए प्राचार्य ने पौधा लगाकर संभाला कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजकीय आयुर्वेद कॉलेज टुड़ियागंज एवं अस्पताल के नए प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्र मौर्या ने मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. दिनेश चंद्र बरेली के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज से स्थानांतरित होकर आए हैं। डॉ. दिनेश ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र के साथ सभी विभागों, अस्पताल, ओपीडी का निरीक्षण किया। प्राचार्य ने मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया।



# ऑपरेशन के दौरान संक्रमण से मरीज की मौत

## परिजन ने चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप, खेत गिरवी रखकर कराया था ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिजन ने खेत गिरवी रखकर दुबग्गा के निजी अस्पताल में मरीज के आंत का ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन में हुई लापरवाही से मरीज संक्रमण की चपेट में आ गया। जिसके कारण मरीज की सोमवार देर रात घर पर मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए जबरन डिस्चार्ज कर घर भेज दिया था। आरोप है कि ऑपरेशन में हुई लापरवाही से मरीज की जान चली गई। शिकायत का संज्ञान लेते हुए सीएमओ ने जांच के निर्देश दिए हैं।

- दुबग्गा के निजी अस्पताल में मरीज की आंत का ऑपरेशन करने का मामला

उन्नाव के औरास स्थित मवई गांव के रहने वाले राजेंद्र कुमार ने बताया कि भाई विनोद कुमार की अचानक हालत बिगड़ने पर मई माह में नजदीकी कुंदन हॉस्पिटल रहीमाबाद ले गए थे। वहां पर डॉक्टर सत्य प्रकाश ने बेहतर इलाज का झांसा देकर दुबग्गा स्थित तुलसी हॉस्पिटल भेज दिया। जहां अस्पताल प्रबंधक ने आंत का ऑपरेशन करने की बात कही। इलाज के लिए करीब 3.50 लाख रुपये का खर्च बताया।



ऑपरेशन के बाद बिगड़ी मरीज की हालत
कार्यालय संवाददाता, लखनऊ
परिजनों ने इलाज में लापरवाही और वसूली का लगाया आरोप

अमृत विचार में मंगलवार को प्रकाशित खबर। अमृत विचार

परिजनों ने खेत गिरवी रखकर रुपये का इंतजाम किया। जिसके बाद जून माह में मरीज विनोद की आंत का ऑपरेशन हुआ। तीसरे दिन मरीज को डिस्चार्ज करके कुंदन अस्पताल भेज दिया गया था। वहां पर टांके सूज गए, फिर दूसरे दिन तुलसी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया था। अस्पताल में दोबारा आंत का ऑपरेशन किया गया था। जिसके बाद फिर से आंत में लगे टांकों में सूजन आ गई। मरीज की हालत नाजुक बनी हुई है। भाई राजेंद्र कुमार का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधक ने इलाज के लिए दो लाख रुपये की और मांग कर रहा है। रुपये न देने पर मरीज को जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया। भाई ने अस्पताल प्रशासन पर गलत ऑपरेशन व वसूली का आरोप लगाते हुए सोमवार को ही सीएमओ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। देर रात मरीज ने दम तोड़ दिया। सीएमओ डॉ.एनबी सिंह का कहना है कि घटना की जांच करवाई जाएगी। यदि लापरवाही की शिकायत मिलती है तो अस्पताल के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# कोरोना के दो नए मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** राजधानी के अलग-अलग इलाकों में मंगलवार को कोरोना के दो मरीज मिले हैं। दोनों मरीजों में लक्षण आने पर निजी लैब से जांच कराई थी। दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मरीज होम आईसोलेशन में हैं। चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा।

सीएमओ कार्यालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार चौक की रहने वाली महिला (30) को तीन दिन से बुखार व जुखाम की शिकायत थी। सांस लेने में तकलीफ होने पर डॉक्टर की सलाह पर जांच कराई। रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं दूसरी महिला (32) त्रिवेणीनगर की रहने वाली है। जिले में अब तक कुल 69 कोविड पॉजिटिव रोगी की पाए गए हैं। जिनमें से एक्टिव केस की संख्या 28 है।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

MIDLAND HEALTHCARE
NOTICE OF INTENT TO DESTROY MEDICAL RECORDS
As per rule of Director General of Health Services, Mohfw (Govt. of India) Fno. A.12034/3/2014 any hospital has to store Medical Records in a hard copy till 3 years
Therefore it is to inform to public, Midland Healthcare and Research Center, B-55, Mandir Marg, Mahanagar Extension, Lucknow will going to destroy all the Medical Records dated till December 31, 2020.
Anyone wishing to request their copy of medical records or any query regarding the medical records must contact prior to destruction date on 10th July, 2025.
Numbers: 0522-4042888, 9196888888, 6396660234
Mail ID-midlandiko@gmail.com
Timing: 10am to 5 pm
ADMINISTRATOR

# सरकार की नीतियों के खिलाफ की भूख हड़ताल

## कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर कर्मचारियों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को कर्मचारियों ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ भूख हड़ताल करते हुए बीएन सिंह प्रतिमा पर पुलिस आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने बताया कि 8 वर्ष से भाजपा एनडीए सरकार प्रदेश में है, लेकिन मुख्यमंत्री ने एक बार भी शिक्षक और कर्मचारियों की मांगों पर बैठक नहीं की, जिसके कारण महत्वपूर्ण कई मामले लंबित पड़े हैं। मुख्य सचिव स्तर पर 18 नवंबर 2024 को बैठक हुई थी, लेकिन उसमें लिए गए निर्णय का कार्यवृत्त नहीं जारी किया गया। इस कारण प्रदेश के कर्मचारी व शिक्षक आक्रोशित हैं। महासचिव शशि कुमार मिश्रा ने कहा कि सातवें वेतन आयोग और संवर्गों का पुनर्गठन, सेवा नियमावलियां, वेतन विसंगतियां, आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा सुरक्षा न्यूनतम वेतन, रिक्त पदों पर नियुक्तियों में वरीयता, रोडवेज सहित सभी राजकीय निगमों, विकास प्राधिकरणों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांगों पर सार्थक निर्णय नहीं हो पा रहे हैं।



भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य।

संयोजक सतीश पांडे ने कहा कि संगठनों के सचिवालय प्रवेश पत्र न बनने से संवाद बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के आदेश के बावजूद मोर्चा के पदाधिकारी के प्रवेश पत्र नहीं बन पाए हैं। फाइल प्रमुख सचिव कार्मिक के पास लंबित पड़ी है। शासन स्तर पर अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाता है। प्रदर्शन में मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्रा, राजकीय निगम महासंघ के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार रावत, महामंत्री अतुल मिश्रा, फारेस्ट कर्मचारी फैडरेशन के अध्यक्ष आशीष पांडे, फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, आदि उपस्थित रहे।

# आरक्षित पदों पर सामान्य अभ्यर्थियों की भर्ती मामले की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

केजीएमयू

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में आरक्षित पदों पर सामान्य अभ्यर्थियों की भर्ती मामले की जांच होगी। शिकायत का संज्ञान लेकर शासन की ओर संयुक्त जांच समिति का गठन किया गया हैं। बुधवार को समिट केजीएमयू पहुंचकर मामले की जांच करेगी।

केजीएमयू प्रशासन पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़ा वर्ग की आरक्षित सीटों पर गैर आरक्षित व्यक्तियों की नियुक्ति करने के आरोप हैं। यह मामला केजीएमयू में काफी लंबे समय से चल रहा है। इससे केजीएमयू में शिक्षकों की भर्ती एक वर्ष से ज्यादा लटकी रही। लंबी जद्दोजहद के बाद चयनित अभ्यर्थियों के नामों के लिफाफे खोले गए। अब शासन की ओर से गठित संयुक्त समिति बुधवार को केजीएमयू आएगी। स्थलीय निरीक्षण करेगी। समिति भर्ती से संबंधी सभी दस्तावेजों का परीक्षण कर सकती है। शासन की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश विधान मंडल की अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियों और विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (2024-25) की ओर से यह जांच की जानी है।

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक 5576/15–1 दिनांक, कानपुर 20/06/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रभाग की बिल्हौर रेंज स्थित बण्सठी ग्राम समाज, वाजिदपुर कटरी में वृक्षारोपण 2025 हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 28.06.2025 तक आमंत्रित की जा रही है। निविदा दिनांक 28.06.2025 के अपरान्ह 02:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री / हॉथोहॉथ उपलब्ध करायी जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 28.06.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा दिनांक 25.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक क्रय की जा सकती है।

(दिव्या)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

# मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजली, नहर, पशु, खाद की समस्या पर जताया रोष
- पुलिस ने बैरिकेडिंग कर किसानों को रोका

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) ने परिवर्तन चौक पर प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के कार्यकर्ता परिवर्तन चौक से जीपीओ की ओर बढ़ने लगे तो पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। गुस्साए किसानों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने किसानों को समझा बुझाकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास भेजा। इस दौरान किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन पुलिस अधिकारियों को सौंपा। इस दौरान परिवर्तन चौक के आसपास ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई।

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने कहा कि यह बेहद अफसोसजनक है कि अन्नदाताओं को अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। संघर्ष करना पड़ रहा है। किसानों को सम्मान और दोगुनी आय सिर्फ कागजों में मिल रहे हैं। जमीन पर किसान की न तो आय दोगुनी हुई है और न ही मांग पूरी हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार परम्परागत बीजों की प्रजातियों को छोड़कर उत्पादन बढ़ाने के नाम पर जेनिटिकली मोडिफाईड किस्म के ट्रायल को मंजूरी दे रही है। इससे पर्यावरण और मानव जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। शिक्षा जैसे क्षेत्र में निजीकरण पूरी तरीके से हावी हो चला है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों जैसे शिक्षामित्र, रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, पंचायत सहायकों आदि को समान कार्य के लिए एक जैसा वेतन मिले। वर्तमान में वे बेहद कम मानदेय पर काम कर रहे हैं।

# ऋण देने में पीएनबी, बीओआई और एचडीएफसी बैंक पीछे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीएम ने सीएम युवा योजना के तहत ऋण स्वीकृति व वितरण के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम युवा योजना के ऋण स्वीकृत एवं वितरण के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक आदि की स्थिति अच्छी नहीं पाई गई। यह भी पाया गया कि उक्त बैंकों द्वारा प्रकरणों को निरस्त भी अधिक संख्या में किया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त सभी बैंकों द्वारा निरस्त किए गए प्रकरणों की सूची कारण सहित प्राप्त करते हुए रैंडमली 10-10 निरस्त प्रकरणों को चिन्हित करके जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन कराएं।

एचडीएफसी बैंक भरवारा ब्रांच के आवेदनकर्ता ने बताया कि बैंक द्वारा अभी तक उनका सर्वे ही नहीं किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि शाखा प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 30 मई तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को 30 जून तक निस्तारित किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, डीसी डीआईसी मनोज चौरसिया, लीड बैंक मैनेजर मनीष, समस्त बैंकों के डीसी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक 5577/15–1 दिनांक, कानपुर 20/06/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रभाग की घाटमपुर रेंज स्थित बरईगढ़ ग्राम समाज–1, बरईगढ़ ग्राम समाज–2, बरईगढ़ ग्राम समाज–3, पतारा ग्राम समाज–1, पतारा ग्राम समाज–2, निवादा ऊजागर लैण्डबैंक–1, निवादा ऊजागर लैण्डबैंक–2 में वृक्षारोपण 2025 हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 30.06.2025 तक आमंत्रित की जा रही है। निविदा दिनांक 30.06.2025 के अपरान्ह 02:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री / हॉथोहॉथ उपलब्ध करायी जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 30.06.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा दिनांक 26.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक क्रय की जा सकती है।

(दिव्या)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

## सार-संक्षेप

### श्रीयांस वेलफेयर एवं चैरिटेबल ट्रस्ट का गठन


कार्यक्रम में मौजूद विधायक डॉ. नीरज बोरा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ:** श्रीनगर कॉलोनी सीतापुर रोड के रहने वाले श्रीयांस श्रीवास्तव की गत वर्ष 26 सितंबर को डेंगू से मौत हो गई थी। उनकी स्मृति में नीलम श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं रश्मि श्रीवास्तव द्वारा श्रीयांस वेलफेयर एवं चैरिटेबल ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट की शुरुआत विधायक डॉ. नीरज बोरा ने की। प्रबंधक ट्रस्ट प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने ट्रस्ट के माध्यम से समाज हित में कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी साझा की। जिस पर विधायक ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर स्थानीय सभासद रश्मि सिंह, श्रीनगर जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### समस्याओं के समाधान को नगर आयुक्त से मांगा समय

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखकर मुलाकात का समय मांगा है। संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने बताया कि नगर निगम के उद्यान विभाग, कैटल कैचिंग विभाग, अभियन्त्रण विभाग, आरआर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मुख्यालय सहित सभी जोनों के कर्मचारियों ने 21 जून को संघ कार्यालय में आकर लम्बित मांगों के निराकरण के लिए अपना प्रत्यावेदन दिया था।

# पदनाम परिवर्तन पर जताया आभार

## नर्सेज संघ ने उप मुख्यमंत्री से लंबित मांगों के निस्तारण की मांग की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजकीय नर्सेज संघ उप्र. ने प्रदेश सरकार द्वारा स्टाफ नर्स का पदनाम बदलकर नर्सिंग अफसर, सिस्टर इंचार्ज का सीनियर नर्सिंग अफसर किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। संघ ने उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे एक सकारात्मक कदम बताया है। साथ ही अन्य लंबित मांगों का भी जल्द निस्तारण कराने का आग्रह किया है।

संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि यह बदलाव पहले ही केजीएमयू, एसजीपीजीआई और सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान इटावा में लागू किया जा चुका था। उन्होंने सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य सचिव समिति द्वारा सितंबर 2024 में निर्णय ले लिये जाने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में इसे लागू करने में अनावश्यक देरी हुई, जबकि चिकित्सा शिक्षा विभाग में जनवरी 2025 में ही इसे अमल में लाया गया था।


उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को गुलदस्ता भेंट करते नर्सेज संघ के पदाधिकारी।

संघ के पदाधिकारियों ने अप्रैल 2025 में स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर पदनाम परिवर्तन सहित तीन प्रमुख मांगें रखी थीं। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें शासन स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था, किंतु अब तक केवल एक मांग पर ही आदेश जारी किया गया है। अन्य दो प्रमुख मांगें गृह जनपद तैनाती और केंद्र के समान भत्तों की सुविधा अभी भी लंबित हैं।

संघ के उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि जहां एक ओर अन्य चिकित्सा संस्थानों की नर्सेज को केंद्र के समान भत्ते दिए जा रहे हैं, वहीं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की नर्सेज इससे वंचित हैं।

### टीबी मरीजों को गोद लेने के अभियान की सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप नर्सिंग अधीक्षक केजीएमयू प्रदीप गंगवार टीबी से ग्रसित मरीजों को गोद लेने का अभियान चला रहे हैं। प्रदीप अब तक 115 मरीजों को गोद ले चुके हैं। मंगलवार को प्रदीप ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास पर मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ने प्रदीप के इस अभियान की सराहना करने के साथ ही विस्तार से चर्चा भी की। उन्होंने प्रदीप गंगवार से कहा कि आप बहुत अच्छा काम कर रहे हो, इस कार्य को इसी प्रकार आगे बढ़ाते रहना है। उपमुख्यमंत्री ने प्रदीप गंगवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान भी प्रेषित किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड नं0–430093335794 में मेरा नाम त्रुटिवश राज कुमार अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम रोहित शुक्ला है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में अंकित है। अत: मेरे आधार कार्ड में दर्ज गलत नाम राज कुमार के स्थान पर मेरा सही नाम रोहित शुक्ला अंकित किया जाये। **रोहित शुक्ला पुत्र मुन्ना बाबू शुक्ला निवासी– 505/74, जोशी टोला, डालीगंज, निराला नगर, जिला– लखनऊ।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र अंकित अनुरागी के गलत चाल चलन एवं अराजक तत्वों के साथ उठने बैठने को लेकर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उसके द्वारा किये गये कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कृष्णा कुमारी पुत्री मंगल निवासी – नई बस्ती, पठानपुरा राठ (हमीरपुर) उ0प्र0**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 212073648 में मेरा नाम महेशा अंकित है, जबकि सभी आईडी प्रूफ में अनीता देवी पत्नी पुरुषोत्तम लाल माधौपुर सुल्तानपुर अरखा ऊंचाहार जिला रायबरेली दर्ज है। महेशा पत्नी पुरुषोत्तम लाल और अनीता पत्नी पुरुषोत्तम लाल दोनों ही नाम मेरे हैं। मैं दोनों नामों से जानी जाती हूं।

सूचना
सूचित हो कि मैं Arun Pandey पुत्र राम करन पाण्डेय, निवासी– W/20, मानस नगर, अलीनगर सुनहरा, संत सांई पब्लिक स्कूल के पास, लखनऊ, उ0प्र0–226023, मेरी पुत्री Sakshi Pandey के सभी शैक्षिक दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मेरा नाम त्रुटिवश – Arun Kumar Pandey अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि सत्य एवं वास्तविक नाम Arun Pandey है, जो कि आधार कार्ड नं0–45580218 8219 में दर्ज है। अत: मेरा वास्तविक नाम Arun Pandey उपरोक्त पुत्री – Sakshi Pandey के समस्त दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मान्य किया जाय।

सूचना
मेरा पुत्र दीपक दीक्षित गलत संगत में पड़ गया है। इस कारण मैंने उससे सम्बंध विच्छेद कर लिए। यदि उससे कोई किसी प्रकार का लेन देन करता है। तो वह इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मैंने उसे अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **विजय कुमार पुत्र रघुवीर सहाय, निवासी– 89 यमुना विहार कालोनी – करनपुरा, इटावा**

सूचना
सूचित हो कि मै **सिमरह सिद्दीक पुत्री उमर सिद्दीक तबरेज, निवासिनी–544क/44 सरदार नगर कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ,** मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 11–02–2010 है जोकि आधार कार्ड पर भी अंकित है। लेकिन मेरे हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 10–02–2010 अंकित हो गयी है जो गलत है। अत: मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज किया जाय।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सैयद रजा का चाल–चलन ठीक नहीं है। वह मेरा भरण पोषण नहीं करता है और आए दिन झगड़ा लड़ाई करता है। जिससे तंग होकर मैं उसे अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अहमद रजा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद राजा निवासी – मोहल्ला बमपुलुस, कस्बा व थाना एवं तहसील– करनैलगंज जिला गोंडा**

### निधि आपके निकट कार्यक्रम 27 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से 27 जून को निधि आपके निकट 2.0 जिला आउटरीच कार्यक्रम आयोजित जाएगा। इसमें निजी, संगठित और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की टीमें परिक्षेत्र में आने वाले जिलों में समस्याएं सुनेंगी। प्रवर्तन अधिकारी संदीप कुमार सिंह लखनऊ के चिनहट में देवा रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में मेसर्स सुप्रभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड प्लॉट नंबर डी-2 में समस्याएं सुनेंगे।

# स्वच्छता का आकलन करेगी केंद्र की टीम, मिलेगी रैंकिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्र से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण की टीम आकर गांवों में हुए कार्यों का आकलन करेगी। इस आधार पर जिलों को रैंकिंग मिलेगी। टीम भ्रमण की जानकारी एक दिन पहले जिलों पर देगी।

केंद्रीय टीम सभी जिलों में गांवों का भ्रमण कर स्वच्छता संबंधी कार्यों का आकलन करेगी। धरातलीय सत्यापन के बाद रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। केंद्र ने सीधे गांवों के नाम भ्रमण के लिए चयनित कर लिए हैं। जिन जिलों ने जानकारी नहीं दी है वहां औचक भ्रमण होगा। कार्यक्रम की जानकारी एक दिन पहले दी जाएगी। मंगलवार को पंचायती राज निदेशालय से आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में सभी जिलों को जानकारी देकर तैयारी करने के निर्देश दिए गए।

### आरआरसी सेंटर जल्द कराएं क्रियाशील

मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार ने ग्राम पंचायतों पर कूड़ा निस्तारण के लिए निर्मित आरआरसी सेंटर की समीक्षा की। इस दौरान न के बराबर आरआरसी सेंटर का संचालन करना पाया। इस पर नाराजगी जताई और सचिवों को चेतावनी दी। निर्देश दिए कि 28 व 29 जून को ग्राम पंचायतों पर बैठक करके कूड़ा उठान का शुल्क निर्धारित करें और जो भी कमियां हों, उन्हें दूर करके आरआरसी सेंटर संचालित कराएं।

SCL COMMERCIAL INDIA PRIVATE LIMITED
No.303,3rd Floor Rohini complex, Shakarpur Delhi . 110092
We would like to inform that SCL Commercial India private Limited willing to market following 100 % Water soluble mixture of Fertilizers in Uttar Pradesh as per FCO Order no. S.O. 2900 (E) Dated 24th October 2015. We shall comply all the terms & conditions as per referred notification of Govt of India. We hereby publish products information to all stakeholders.
(Imported from Italy)
(a) COLORE: N-5%, K2O-48%, SO3-31%, B-0.3% Imported 100 % Water soluble mixture of Fertilizers
(b) DOLCE: P2O5-25%, K2O-26%, B-1% Imported 100 % Water soluble mixture of Fertilizers
(C) DINAMICO: N-7.5%, P2O5-27%, B-1%, ZN-1.5% Imported 100 % Water soluble mixture of Fertilizers
Manufactured by: SCL Italia,
Via Fabio Filzi 25/A 20124 Milano – Italy
Imported & marketed by:
SCL Commercial India Pvt. Ltd., New Delhi

## सार-संक्षेप



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सरोपा भेंटकर करते सिख समुदाय के लोग।

### गुरुद्वारा आलमबाग में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने माथा टेका

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरुद्वारा आलमबाग में मंगलवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में अरदास की और माथा टेका। उन्हें सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। भाजपा अवध क्षेत्र के पूर्व सह मीडिया प्रभारी सतवीर सिंह राजू ने गुरुद्वारे में अखंड पाठ का आयोजन कर पाठक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्मल सिंह, राजेंद्र सिंह राजू, राजिंदर सिंह बग्गा, भूपिन्दर सिंह पिंदे, मनमोहन सिंह मोनी, तेजपाल सिंह बग्गा और परमजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### 26 को देखा जाएगा मोहर्रम का चांद

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया व सुन्नी चांद कमेटियां आगामी 26 जून को मोहर्रम का चांद देखेंगी। चांद नजर आया तो 27 जून को पहली मोहर्रम होगी वर्ना 28 जून से मोहर्रम की शुरुआत होगी। कर्बला के शहीदों की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। लखनऊ में पहली मोहर्रम, 7 व 8 मोहर्रम तथा 10 मोहर्रम को बड़े जुलूस निकलते हैं। पुराने शहर में मोहर्रम की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। जरीह, ताजिये और मिम्बर बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम मनाने की अपील



बैठक में चर्चा करते कृष्णा नगर एसीपी विकास पाण्डेय, व्यापारी और अन्य लोग।

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार शाम कृष्णा नगर कोतवाली में मोहर्रम शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर बैठक हुई। इसमें कृष्णा नगर एसीपी विकास पाण्डेय, कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कृष्णा नगर पीके सिंह सहित आलमबाग नटखेड़ा युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना, सतीश आडवाणी सहित तमाम व्यापारी लोग उपस्थित रहे। एसीपी ने व्यापारियों, धर्मगुरुओं, ताजियादारों, जनप्रतिनिधियों से अफवाहों पर ध्यान न देने और ताजिया जुलूस के समय पर विशेष ध्यान देने के साथ शांतिपूर्वक जुलूस निकाल की अपील की।

### इमामबाड़ा तकी साहब में पहली से 9 मोहर्रम तक मजलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** जन्नत मआब सोसाइटी के सचिव सैयद साजिद अब्बास नकवी ने बताया कि हर वर्ष की तरह से तहसीन की मस्जिद के पीछे इमामबाड़ा सैयद तकी साहिब अकबरी गेट में पहली से 9 मोहर्रम तक मजालिस का सिलसिला जारी रहेगा। पहली मुहर्रम से नौवीं मुहर्रम तक रोजाना सुबह नौ बजे मजलिस होगी। जिसे मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी खिताब करेंगे। सैयद साजिद अब्बास नकवी ने बताया कि मोहर्रम की 5 तारीख को हजरत औन और मुहम्मद के ताबूत की ज़ियारत होगी। 6 मुहर्रम को हज़रत अली अकबर के ताबूत की ज़ियारत होगी। इसी तरह 7 मोहर्रम को जनाबे कासिम के निकाह का मंजर पेश किया जाएगा। 8 मोहर्रम को अलम-ए- हज़रते अब्बास की ज़ियारत कराई जाएगी और 9 मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन का ताबूत निकाला जाएगा। इस मौके जी हज़रत अली असगर के झूले की जियारत कराई जाएगी।

### डॉक्टरेट मिलने पर राम सजीवन रावत का अभिनंदन



राम सजीवन को सम्मानित करते शिक्षक सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी शिक्षक सभा के लखनऊ में हुए प्रांतीय सम्मेलन में गांधी इंटर कॉलेज बछरांवा (रायबरेली) के प्रवक्ता राम सजीवन रावत को द अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत होने पर बधाई दी गई। शिक्षक सभा के सह मंडल प्रभारी डॉ. आशुतोष कुमार वर्मा के संयोजन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल की मौजूदगी में अंग वस्त्र, श्रीमद्भगवत गीता भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

### 7 हजार किलोमीटर की पर्यावरण यात्रा का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की क्षिप्रा पाठक की 7 हजार किलोमीटर की पर्यावरण यात्रा का समापन हो गया है। सात हजार किलोमीटर की पर्यावरण प्रवास यात्रा का समापन विश्वविद्यालय में हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह एवं वाटर वीमन शिप्रा पाठक के द्वारा सिंदूर के पौधारोपण के साथ सात हजार किलोमीटर की पर्यावरण प्रवास यात्रा का समापन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ उनके दिल्ली आवास पर सिंदूर का पौधा लगाकर इस यात्रा का आरंभ किया गया था। शिप्रा पाठक ने "पंचतत्व" नामक एक संस्था की स्थापना की है, जिसके माध्यम से वह जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में काम करती हैं। उनकी संस्था के साथ 15 लाख लोग जुड़े हुए हैं और उनके सहयोग से नदियों के किनारे 25 लाख पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह, डॉ. भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो. हरिशंकर सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी लखनऊ शीतांशु पाण्डेय, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह, परिसर सौंदर्यीकरण समिति के अध्यक्ष प्रो. अवनीश चंद्र मिश्रा, विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. सीके दीक्षित, प्रो. पी राजीव नयन, प्रो. यशवंत वीरोदय, क्षेत्रीय वन अधिकारी सोनल दीक्षित, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी आरके गौतम, वन दरोगा मंटू प्रसाद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग में मलाई काट रहे मुख्य अभियंता के चहेते बाबू

## 8-10 वर्ष से जमे बाबुओं को छह महीने पहले तबादला होने के बावजूद नहीं किया जा रहा रिलीव, ट्रांसफर नीति ठेंगे पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग में 8 से 10 वर्ष से जमे समूह ग के स्टेनोग्राफर, प्रधान सहायक और प्रशासनिक अधिकारी मलाईदार पद नहीं छोड़ पा रहे हैं। छह महीने पहले इनके तबादले किए जा चुके हैं, इसके बावजूद अपनी कुर्सियों पर जमे हैं।

तेलीबाग स्थित शारदा सहायक कार्यालय में पांच से अधिक बाबुओं को मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद रिलीव नहीं कर रहे हैं। नियमावली के तहत समूह ग के कर्मचारी 3 वर्ष से अधिक समय तक एक पटल पर नहीं रह सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि अधिष्ठान प्रकोष्ठ तेलीबाग में तैनात प्रधान सहायक राजेश कुमार 22 वर्षों से इसी बिल्डिंग में तैनात हैं। 8 वर्षों से शारदा सहायक में परियोजनाओं के बजट सील का महत्वपूर्ण कार्य देख रहे हैं। एक ही पटल पर बरसों से जमे इन बाबुओं को कार्यमुक्त न करने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश कुमार का कहना है कि 8 वर्ष हो गए तो क्या हुआ। ट्रांसफर नीति ही मायने नहीं रखती। किसी तरह का भ्रष्टाचार या घोटाला नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा है तो संज्ञान में लाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरी जगह वेतन, काम पुरानी जगह

कमाई की सीट का इन कर्मचारियों में ऐसा मोह कि ट्रांसफर होने के बाद दूसरी जगह वेतन ले रहे लेकिन काम पुरानी जगह पर कर रहे हैं। प्रधान सहायक रोहित पाठक की प्रोन्नति के बाद ई 10 अनुभाग में तैनाती की गई, लेकिन उसे मुख्य अभियंता द्वारा रिलीव नहीं किया गया है। विभाग में इनकी जगह दूसरा कर्मचारी भी आ चुका है। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी सौमित्र श्रीवास्तव ई 1 में और अभिषेक केसरवानी शारदा सहायक में हैं। इन दोनों का ट्रांसफर हो गया है, लेकिन वहां कार्य नहीं करते हैं।

### पांच बाबुओं के पास महत्वपूर्ण कार्य

सिंचाई विभाग के तेलीबाग स्थित शारदा सहायक कार्यालय में तैनात पांच बाबुओं के पास लिपकों को कार्य आवंटन, ठेकेदारों का रजिस्ट्रेशन, बजट सील, परियोजनाओं का बजट आवंटन, स्टेशनरी आवंटन, अधिकारियों को आवास आवंटन जैसे महत्वपूर्ण कार्य देख रहे हैं। कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात होने के कारण इनके खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें भी आ रही हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि बाबुओं के माध्यम से कमाई का पैसा ऊपर तक अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है। इसलिए इन चहेते कर्मचारियों को अधिकारी रिलीव नहीं कर रहे।

### जल निगम कर्मियों ने जिला मुख्यालयों पर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार :** छह महीने का वेतन और पेंशन न मिलने से नाराज जल निगम कर्मियों व पेंशनरों ने प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर सभाएं और धरना प्रदर्शन करके जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। राजधानी में राणा प्रताप मार्ग स्थित जल निगम मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रदर्शन और आम सभा का आयोजन किया गया। संयोजक वाईएन उपाध्याय ने कहा कि आधा-अधूरा वेतन छह माह तक न मिलने से अधिकारी व कर्मचारी एवं उनके परिवार त्रस्त हैं। सातवां वेतन मिल रहा है न महंगाई भत्ता। राहत भत्ता भी 252 प्रतिशत के स्थान पर 212 प्रतिशत ही दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में मुख्य अभियंता कार्यालय पर अभियंता व कर्मचारी जुटे। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, गाजियाबाद, मेरठ तथा मुरादाबाद में 2 घंटे तक जल निगम का कामकाज पूरी तरह बन्द कर दिया। राम अधार पाण्डेय, एमके भट्ट ने जल निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि सात सूत्री समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अब कार्मिक एवं पेंशनर चुप बैठने वाले नहीं हैं। अब लंबी लड़ाई के लिए कमर कर चुके हैं। 4 जुलाई 2025 को पुन: प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर दिन भर धरना/प्रदर्शन किया जायेगा।

## नौटंकी शैली में किया राम सीता विवाह का मंचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सेंटर फॉर ओरियंटेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मंगलवार को गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में राम-सीता विवाह की संगीतमय प्रस्तुति दी। इसका लेखन, निर्देशन और संगीत अमित दीक्षित रामजी ने किया।

राम के जन्म से लेकर धनुष यज्ञ प्रसंग तक की लीला का मंचन किया गया। नौटंकी शैली की संगीतमय प्रस्तुति में राम के आदर्श व चरित्र का पूर्ण चित्रण देखने को मिला। प्रस्तुति में यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि मानवता को ही धर्म मानने वाले प्रतीक पुरुष वीतरागी राम का जीवन कठिन अवश्य था पर उसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण का मूलमंत्र था। प्रस्तुति में पंकज सत्यार्थी, अंशिका सिंह, निशांत पांडेय, शुभ्रेश शर्मा, शिवदिन सिंह, अभिजीत सिंह, अमित सिंह, छवि श्रीवास्तव, कीर्ति चौरसिया, अभिषेक पाल, कीर्तिका श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सुमन जाजू, अभिषेक दुबे, उद्धव, उज्ज्वल, करन जैसवाल, मनोज तिवारी, राजेश गुप्ता, अमरनाथ विश्वकर्मा, गिरिराज शर्मा, शिखा श्रीवास्तव, छवि, मेघा गुप्ता, अन्नु पाण्डे, अभिषेक दुबे, अभिषेक दुबे, आनंद तिवारी, आनंद श्लोक आदि की भूमिकाएं उल्लेखनीय रहीं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, विशेष सचिव उच्च शिक्षा निधि श्रीवास्तव, पार्षद मालती यादव और पार्षद रामकृष्ण यादव को आमंत्रित किया गया था।

### मोहनलालगंज में छह प्लाटिंग ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को मोहनलालगंज क्षेत्र में छह प्लाटिंग ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि जागेश्वर, कल्लू लाल, शिवपाल, किशन, मिश्रीलाल व अन्य द्वारा ग्राम शिवढ़रा में लगभग 15 बीघा में प्लाटिंग करके कालोनी विकसित की जा रही थी। राम करन, मंशा राम, शीतल व अन्य द्वारा शिवढ़रा में तीन बीघा में प्लाटिंग, इसी तरह गुरुबक्श, प्रमोद कुमार, चन्द्रपाल व अन्य द्वारा शिवढ़रा में पांच बीघा में प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना निर्माण करने पर ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-5 में गुड़म्बा के पैकामऊ में कुर्सी रोड पर अनूप जायसवाल व अन्य द्वारा 12 हजार वर्गमीटर में प्लाटिंग व मोहम्मद वसीम द्वारा गुड़म्बा के ग्राम पलका में 5 हजार वर्गमीटर व नूर आलम द्वारा लगभग 10 हजार वर्गमीटर में प्लाटिंग करने पर ध्वस्त की गई।

## सुंदरकांड के साथ शुरू हुआ माधव मंदिर का स्थापना दिवस उत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



माधव मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ करते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डालीगंज स्थित माधव मंदिर के 64वें स्थापना दिवस उत्सव की शुरुआत मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। पुजारी लालता प्रसाद के मार्गदर्शन में बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जायसवाल, घनश्याम अग्रवाल, श्याम जी साहू और राकेश साहू ने हनुमान का पूजन किया। सुंदरकांड का पाठ पंडित पंकज ने किया।

**▶▶ 27 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा**

अनुराग साहू ने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां भी चल रही हैं। 27 को जगन्नाथ जी रथ पर सवार होकर भक्तों से मिलने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। भक्त रथ यात्रा मार्ग को झाड़ू से बुहारने के साथ इत्र का छिड़काव और पुष्प वर्षा करेंगे। उज्जैन की तर्ज पर डमरू बजाकर महाआरती की जाएगी। रथयात्रा से पहले जगन्नाथ जी, सुभद्रा जी और बलदेव जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। भक्त रथ की रस्सी खींचकर यात्रा शुरू करेंगे। गायक पवन मिश्र भजन सुनाएंगे। रथ पर विराजे राधा-कृष्ण, हनुमान सबको आकर्षित करेंगे। नासिक ढोल रथ यात्रा में सबके आगे बजाते हुए उसके पीछे वानर सेना जयश्रीराम के जयकारे लगाते हुए दिखाई देगी। प्रसाद में जामुन, मीठे चावल, बूंदी भक्तों को वितरित किया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष गोविंद साहू ने बताया कि रथ यात्रा में सम्मिलित कार्यकर्ता एक व्यक्ति एक पेड़ लगाने पर जागरूक करते हुए दिखाई देंगे। यात्रा में 15 फ़ीट हनुमान रथ यात्रा की पताका लहरेगी। उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता व ओमकार जायसवाल ने बताया कि इस फेसबुक के राधा माधव पेज लाइव प्रसारण किया जाएगा।

### बच्ची से दुष्कर्म मामले में दादी व बुआ गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** अमीनाबाद पुलिस ने दुराचार के लिए उकसाने के आरोप में पांच वर्षीय बच्ची की दादी और बुआ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने बच्ची को शराब पिलाई थी। वहीं, मासूम से दुराचार करने के आरोप में ताऊ को पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया कि 29 अप्रैल को एक महिला ने पांच वर्षीय बेटी से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया था कि सड़क हादसे में पति के घायल होने पर बेटी को दादी के पास छोड़ा था। करीब चार दिन तक साथ रहने पर दादी और बुआ ने मासूम को शराब पिलाई।

## चिड़ियाघर में बच्चों ने करीब से देखा वन्य जीवों का संरक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य संग्रहालय और टर्टिल सर्वाइवल एलाइन्स फाउंडेशन इंडिया के तत्वावधान में मंगलवार को वन्य जीवन संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने के लिए जूनियर कन्ज़र्वेशनिस्ट नेचर कैंप शुरू किया गया।

नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में उद्घाटन के बाद टर्टिल सर्वाइवल एलाइन्स फाउंडेशन इंडिया के वैज्ञानिक डॉ. अनुराग एवं श्रीपर्णा दत्ता ने प्रतिभागियों को प्राणी उद्यान का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान बच्चों को शेर, बाघ, तेन्दुआ एवं चीता जैसे मांसाहारी प्राणियों के स्किन पैटर्न, उनकी शिकार करने की तकनीक तथा मगरमच्छ की प्रसिद्ध डेथ रोल शिकार प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई।



कागज पर चित्र बनाता बच्चा। अमृत विचार

कार्यक्रम प्रभारी और राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक अल-शाज़ फात्मी ने वन्य जीवन संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायी वक्तव्य दिया। सरीसृपों की दुनिया से परिचय कराते हुए टर्टिल और टर्टव्याइज़ के बीच की भिन्नता को स्पष्ट किया7 भारत में पाई जाने वाली 25 प्रजातियों के कछुओं एवं 5 प्रकार के टर्टव्याइज़ की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि अधिकांश सरीसृप अंडे देते हैं, किंतु रसल वाइपर जैसे कुछ प्रजातियां बच्चों को जन्म देती हैं। धामिन सांप की पेड़ पर चढ़ने की उत्कृष्ट क्षमता तथा पक्षियों व उनके अण्डों का शिकार करने की प्रवृत्ति की जानकारी भी दी गई। शिविर हर दिन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। जिससे प्रतिभागी बच्चों को विविध पर्यावरणीय और जैविक संस्थानों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। 25 जून को प्रतिभागी राष्ट्रीय वस्त्र कोष एवं संग्रहालय लखनऊ का भ्रमण करेंगे। 26 जून को राष्ट्रीय वनस्पति विज्ञान शोध संस्थान, 27 जून को कुकरैल घड़ियाल प्रजनन केंद्र तथा 28 जून को राज्य संग्रहालय स्थित प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### बच्चों ने बनाए पशु और पक्षियों के चित्र

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को एक शिक्षाप्रद वर्कशीट दी गई। जिसमें उन्होंने भ्रमण के दौरान अर्जित ज्ञान से जुड़े प्रश्नों को हल किया और पशु-पक्षियों से संबंधित चित्र बनाए। इस गतिविधि में बच्चों ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस सफल आयोजन में शारदा प्रसाद, राहुल सैनी, अनुराग द्विवेदी, रामू, सुरेश, सत्यपाल शर्मा एवं पूनम का सहयोग रहा।

**▶▶ चिड़ियाघर से हुई जूनियर कन्ज़र्वेशनिस्ट नेचर कैंप की शुरुआत**

## अमेरिका व इजराइल के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हालिया हमलों तथा ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली ख़ामनेई को दी गई धमकियों के खिलाफ छोटे इमामबाड़े में मंगलवार की शाम मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।



आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र लेकर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

हैदरी टास्क फोर्स की ओर से आयोजित इस प्रदर्शन में कई धर्मगुरु शामिल हुए। टास्क फोर्स के संरक्षक शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका द्वारा की गई बमबारी बेहद निंदनीय है। शांति के नाम पर जंग की आग में घी डालना दुनिया को विनाश की ओर ले जा सकता है। मौलाना यासूब ने इजराइल की ओर से आयतुल्लाह ख़ामनेई को कत्ल की धमकी को वैश्विक शांति के लिए गंभीर ख़तरा बताया। हैदरी टास्क फोर्स के अध्यक्ष मुन्ने आगा, महामंत्री ज़ीशान ज़ैदी ने ने हमले को इंसानियत के विरुद्ध बताया।

## प्रो. मुजाविर हुसैन को मिला शारिब रुदौलवी अवॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक हजार से अधिक किताबें लिखने वाले केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैदराबाद के प्रो. सैयद मुजाविर हुसैन को इस वर्ष के प्रो.शारिब रुदौलवी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। प्रख्यात चिकित्सक डॉ. निहाल रजा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें इरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहंदी ने अवॉर्ड प्रदान किया।



अवॉर्ड के साथ प्रो. मुजाविर हुसैन व डॉ. निहाल रजा, साथ में अतिथि और आयोजक।

कैफ़ी आजमी अकादमी में आयोजित समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कमर हसन रिज़वी ने की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. अली अहमद फात्मी ने कहा कि उर्दू साहित्य में आधुनिकता के विरोध और उत्तर-आधुनिकता की जटिल प्रक्रिया ने आलोचना को उस मार्ग से भटका दिया जिसे हाली से लेकर एहतेशाम हुसैन तक ने बनाया था। उन्होंने प्रो. शारिब को उर्दू और हिंदी दोनों भाषाओं के विद्वानों के बीच लोकप्रिय बताया।

प्रो. शारिब ने अकादमिक और साहित्यिक योगदान के साथ ही उर्दू संस्कृति के प्रचार प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे उन अदबी संगठनों में सक्रिय रहे, जिनका उद्देश्य उर्दू साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना था। प्रो. सैयद मुजाविर ने कहा कि प्रो. शारिब रुदौलवी जैसे विद्वानों को याद करने के लिए ऐसे आयोजन बराबर होने चाहिए। प्रो. रेशमा परवीन ने शारिब रुदौलवी की आलोचना दृष्टि पर कहा कि उनके लिए आलोचना का अर्थ मात्र किसी विचारधारा की पैरवी करना नहीं, बल्कि किसी कृति को कलात्मक और सौंदर्यशील कसौटी पर भी कसना था।

**▶▶ डॉ. निहाल रजा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित**

डॉ. निहाल रज़ा रुदौलवी ने कहा कि शारिब साहब की याद में रुदौली में एक सभागार बनवाएंगे। डॉ. साबिरा हबीब ने कहा कि तकलीफों से भरी जिंदगी होते हुए भी कभी कोई शिक़ायत नहीं की, न किसी की बुराई। प्रो.नलिन रंजन सिंह ने संस्मरण रखते हुए प्रो.शारिब को हिन्दी उर्दू का सेतु बताया। डॉ. खान फारूक, कोलंबिया विश्वविद्यालय न्यूयॉर्क के डॉ. तिम्साल मसूद, कानपुर के प्रो.खान अहमद फारूक आदि ने भी विचार रखे। कर्रार जैदी, यास्मीन अंजुम, प्रो.रूपरेखा वर्मा, प्रो. रमेश दीक्षित, शबीह हसनैन, शाहिद हसनैन, हारुन रशीद, कमर जहां, डॉ. अनीस अंसारी, तकदीस फातिमा, डॉ. मूसी रज़ा, आसिम रजा, डॉ. एसएचए काज़मी और महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। शोआ फातिमा एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट एंड सोसाइटी शोआ फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज का सहयोग रहा। संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मोहम्मद काज़िम ने किया।

**नए मेहमान** | चिड़ियाघर प्रशासन के प्रस्ताव पर शासन ने दी मंजूरी

# चिड़ियाघर में आएंगे चिंकारा और हंसने वाले लकड़बग्घे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में जयपुर चिड़ियाघर से चिंकारा हिरन और एक जोड़ी हाइना (लकड़बग्घा) आने वाले हैं। इनके लिए बाड़ा बनाने का काम शुरु हो गया है। 15 जुलाई तक नए जानवरों के यहां पहुंचने की उम्मीद है।

चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि जयपुर चिड़ियाघर को यहां से बारहसिंघा दिया जा रहा है। इसके बदले एक जोड़ी हाइना और चिंकारा प्रजाति के दो जानवर लाए जाएंगे। इस प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिल गई है।







अगले माह जानवरों को विशेष ट्रक से जयपुर से लाया जाएगा। इसमें एक नर और मादा की हंसने वाली हाइना की जोड़ी भी होगी। हाइना की दो जोड़ी पहले से चिड़ियाघर में मौजूद हैं। पहली बार चिंकारा हिरन को यहां लाया जा रहा है। चिंकारा हिरन मुख्य रूप से भारत, पाकिस्तान और ईरान में पाए जाते हैं। इनका शरीर पतला होने के साथ इनके चेहरे पर भूरे रंग पर सफेद निशान होते हैं। स्वभाव से यह शर्मीले होने के साथ भोजन में घास और फल का प्रयोग करते हैं।

### पहले भी विभिन्न प्रांतों से लाए जा चुके हैं वन्यजीव

इससे पहले भी चिड़ियाघर प्रशासन दर्शकों के लिए देश के विभिन्न प्रांतों से जानवरों को ला चुका है। इनमें भारी भरकम मादा दरियाई घोड़ा इंद्रा को कानपुर से लाया गया है। वह नर दरियाई घोड़ा आनंद की जीवन संगिनी बनी। इसके बाद तिरूपति (आंध्र प्रदेश) से वनराज को लाया गया। शेर बालाराम अब प्राणि उद्यान की शान में चार चांद लगा रहे हैं। बालाराम को शेरनी वसुंधरा के साथ रखा जाने की तैयारी है। इसके पहले एक जोड़ा भालू भी यहां लाए गए। इनमें एक नर और एक मादा शामिल है।

## एक नजर

### साइबर ठग ने छात्र समेत दो के खाते से उड़ाए 1.22 लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर जालसाज ने लविवि छात्र समेत दो के खातों से 1.22 लाख रुपये उड़ा लिए। जालसाज ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर छात्र को फंसाकर ठगी की। पीड़ितों ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। मूल रूप से बलिया निवासी सुधीर कुमार जानकीपुरम स्थित न्यू कैंपस लविवि के छात्र हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिन पहले शेयर ट्रेडिंग में निवेश का मैसेज आया। मैसेज में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर जालसाज ने शेयर पर निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। फिर जाल में फंसाकर सात बार में 61,874 रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले अब्दुल जहर का खाता एसबीआई में है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सेक्टर-एफ में उनका मोबाइल गिर गया था। इसके बाद जालसाज ने यूपीआई की मदद से उनके खाते से 60 हजार रुपये गायब कर दिए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### फ्लैट दिलाने का झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलर से ऐंठे 2.82 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : रिशिता मैनहट्टन में किराए पर फ्लैट दिलाने का झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलर ने बैंककर्मी से 2.82 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अर्जुनगंज निवासी सैयद नदीम हसन आईडीबीआई बैंक में कार्यरत हैं। मई माह में उनका तबादला कोलकाता से लखनऊ हुआ था। पीड़ित ने बताया कि परिवार को लखनऊ शिफ्ट करने के लिए फ्लैट किराए पर चाहिए था। इसके लिए प्रॉपर्टी डीलर समीर श्रीवास्तव से बात हुई। आरोपी ने रिशिता मैनहट्टन के टॉवर नंबर बी-1 में फ्लैट दिलाने की बात कही। यही नहीं मोबाइल पर फ्लैट मालिक से बात कराई। इसके बाद तीन महीने का किराया और ब्रोकिंग चार्ज मिला कर 2.82 लाख रुपये ऑनलाइन ऐंठ लिए। इसके बाद भी नदीम को फ्लैट नहीं मिला। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने धमकाया। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# नशे के लिए चोरी किया गेट, ट्रेन की आहट पर छोड़ा था ट्रैक पर

## सीसीटीवी फुटेज की मदद से दो आरोपी गोमतीनगर में गिरफ्तार, तीसरा फरार, झाड़ियों में छिपाकर रखी लोहे की सीढ़ी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बरामद लोहे की सीढ़ी। अमृत विचार

अमृत विचारः मल्हौर स्टेशन रेलवे ट्रैक पर होल्डिंग स्ट्रक्चर गेट और सीढ़ी छोड़ कर भागने वाले दो आरोपियों को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखी गयी एक लोहे की सीढ़ी बरामद की है। दावा है कि आरोपियों ने रेलवे ट्रैक पर किसी साजिश के तहत होल्डिंग स्ट्रक्चर नहीं छोड़ा था। बल्कि ट्रेन की आहट मिलने पर छोड़कर भागे थे। आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए लोहा चोरी कर बेचते हैं।

इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि रविवार तड़के आनन्द विहार से गोरखपुर जा रही हमसफर एक्सप्रेस के लोको पॉयलट को ट्रैक पर लोहे का होल्डिंग पड़ा मिला था। लोको पॉयलट ने समय रहते ट्रेन को रोक कर स्ट्रक्चर को हटाते हुए आरपीएफ और सीनियर सेक्शन इंजीनियर को सूचना दी थी। जिसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर राजीव श्रीवास्तव ने गोमतीनगर थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

ट्रेन पलटाने की साजिश की आशंका के चलते डीसीपी पूर्वी ने थाना व सर्विलांस टीम को लगाया था। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सैकड़ों सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले। कई फुटेज में तीन संदिग्ध रेलवे लाइन की तरफ जाते हुए दिखाई पड़े थे। फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। उसके बाद विनीतखंड सब्जी मंडी पुल के नीचे से दो आरोपियों को घेरकर पकड़ा।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम जनार्दन निवासी मुजफ्फरपुर बिहार हालपता खरगापुर क्रासिंग और जंगबहादुर पाण्डेय निवासी ललिया जिला बलरामपुर हालपता खरगापुर क्रासिंग स्थित झुग्गी बताया। पूछताछ में आरोपी जनार्दन ने बताया कि उनके साथ राजा बाबू भी था। जो फरार है। आरोपियों ने कबूला कि नशे के लिए 22 जून की देर शाम शहीद पथ के किनारे से होल्डिंग स्ट्रक्चर गेट (जंग लगा) और लोहे की सीढ़ी चोरी की थी। देर रात तीनों मिलकर गेट को निकालकर बेचने के लिए ले जा रहे थे। रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की आहट पर गेट को पटरी पर छोड़कर पास में छिप गए थे। जब देखा कि ट्रेन रूक गयी और पुलिस आयी तो वे भाग गए थे।

### गरीब रथ को भी पलटाने की हो चुकी कोशिश

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में एक बार फिर से ट्रेन पलटाने की साजिश रची गई। 4 महीने में यह चौथी ऐसी घटना है, जब रेलवे ट्रैक पर कोई सामान रखा मिला। इस बार लोहे का बड़ा स्ट्रक्चर रखा था। आनंद विहार से गोरखपुर जा रही हमसफर एक्सप्रेस (12572) पलटने से बच गई। वहीं पुलिस ने इस मामले में दो को गिरफ्तार कर लिया है।जिस जगह पर स्ट्रक्चर रखा गया था, वह पूरी तरह से सुनसान इलाका है। वहां तक पहुंचने के लिए कोई सीधा रास्ता नहीं है। दोनों ओर घने झाड़ और जंगल है। इस बात से साफ है कि यह साजिश उसने रची, जिसे इलाके की पूरी जानकारी थी और जो यह जानता था कि इस जगह पर किसी की नजर जल्दी नहीं पड़ेगी। फिलहाल ट्रेन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। राजधानी में पिछले चार महीने में चार बार ट्रेन पलटाने की कोशिश की गई है। 24 मार्च को दलेर नगर में ट्रैक पर लोहो और लकड़ी का टुकड़ा रखा गया। 16 अप्रैल को दिलावर नगर और रहीमाबाद क बीच गरीब रथ ट्रेन के सामने ढाई फीट लंबा और 6 इंच मोटो लकड़ी का टुकड़ा रख दिया गया था। इस दौरान दूसरे ट्रैक से गुजरी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने ट्रैक पर रखा लकड़ी का टुकड़े देखा और रहीमाबाद स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी थी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर गरीब रथ को मलिहाबाद स्टेशन पर रोक लिया गया था। 23 अप्रैल को बक्कास-उतरेठिया स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखा गया। इसके साथ ही पटरियों में लगने वाली क्लिप भी निकाली गई थी। इस दौरान ट्रैक से गुजर रही मालगाड़ी के ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया था। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ अराजक तत्वों साजिशन यह कार्य किया जा रहा। विभाग अब इस बिंदू पर जांच कर रहा है कि कहीं इसके पीछे कोई मास्टरमांइड य गिरोह तो नहीं है। इसके लिए आरपीएफ और जीआरपी को निर्देश दे दिए गए हैं साथ ही सिविल पुलिस की भी मदद ली जा रही है।

### पूर्व परिचित ने अधिवक्ता के खाते से गायब किए 73 हजार

अमृत विचार, लखनऊः मड़ियांव थाने में अधिवक्ता ने पूर्व परिचित पर करीब 73 हजार रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि आरोपी ने कई बार में रुपये अपनी गर्लफ्रेंड को ट्रांसफर किए थे। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। त्रिवेणीनगर तृतीय स्थित शिवलोक निवासी अधिवक्ता मुनुवा तिवारी ने बताया कि पूर्व में वे जिस कंपनी में थे, वहां हिमांशु भी कार्यरत थे। एक बार वे साथी संग काम से गाजियाबाद गए थे। आरोप है कि उनकी अनुपस्थिति में अक्सर हिमांशु उनके मोबाइल से गर्लफ्रेंड के खाते में रुपये भेजता था। पीड़ित को इस बात की जानकारी नहीं हुई। यही नहीं आरोपी ने उसके मोबाइल से कई बार ऑनलाइन लोन भी हासिल किया। जानकारी होने पर पीड़ित ने हिमांशु को कॉल की लेकिन संपर्क नहीं हुआ। पीड़ित ने मड़ियांव थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# बेकाबू डाला डिवाइडर पर चढ़ा, मजदूर की गिरकर मौत

## रहीमाबाद में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मिठाई दुकानदार की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ काकोरी स्थित आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा

अमृत विचार : काकोरी के आगरा एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा के पांच किमी प्वाइंट के पास सोमवार देर रात पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया। डाले के ऊपर बैठे युवक की सड़क पर गिरकर मौत हो गई, जबकि चालक मामूली रूप से चोटिल हो गया। वहीं, रहीमाबाद में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मिठाई दुकानदार की मौत हो गई।

प्रतापगढ़ निवासी चालक कल्लन सोमवार देर रात पिकअप डाला लेकर आगरा से लखनऊ आ रहा था। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित पांच किलोमीटर प्वाइंट के पास बेकाबू डाला अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए ऊपर चढ़ गया। इस दौरान डाले के ऊपर बैठा लुकमान (38) निवासी सुजानगंज जौनपुर उछलकर आगे सड़क पर जा गिरा। सिर व शरीर में चोट लगने से




वह बुरी तरह घायल हो गया। हादसे में चालक कल्लन को मामूली चोट लगी। कल्लन एक ऑटो की मदद से घायल लुकमान को एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां से डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। देर रात ट्रामा सेंटर में लुकमान की मौत हो गई। इंस्पेक्टर काकोरी ने बताया कि पीड़ित परिवार ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। मृतक के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं।

वहीं, मूल रूप से हरदोई स्थित मदारपुर सिकरौरी निवासी गोलू यादव (22) की गांव के पास की मिठाई एवं नमकीन की दुकान है। भाई कन्हैया ने बताया सोमवार दोपहर गोलू दुकान से सामान खरीदने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। रहीमाबाद टीकर गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख ग्रामीणों ने उसे रोड के किनारे लेटा दिया। कुछ देर बाद गोलू की हालत बिगड़ने लगी। गांव वालों ने घायल के मोबाइल से परिजन को सूचना दी। परिजन गोलू को ट्रामा सेंटर ले गए, जहां उनकी मौत हो गई।

भाई का आरोप है कि गोलू करीब डेढ़-दो घंटे तक सड़क पर तड़पते रहे। अगर सही समय इलाज मिल जाता तो शायद उनकी जान बच जाती थी। कन्हैया ने बताया कि खरीदारी के लिए गोलू के पास करीब 12 हजार रुपये थे, जो गायब हैं। नवंबर माह में गोलू की शादी तय थी। परिवार में पिता गुड्डू सिंह, मां सुमन और तीन भाई हैं।

# ड्राइवर की लापरवाही से पैर पर चढ़ा बस का पहिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आलमबाग बस स्टैंड पर हुई दुर्घटना

अमृत विचारः आलमबाग बस स्टैंड पर मंगलवार को आगरा से लखनऊ आई जनरथ बस चालक की लापरवाही से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। 55 वर्षीय महिला शहनाज के पैर पर बस का पिछला पहिया चढ़ गया, जिससे उनका अंगूठा कटकर अलग हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आगरा से लखनऊ आ रही जनरथ बस आलमबाग बस स्टैंड पर पहुंची। महिला शहनाज रास्ते में ही खड़ी थी। इसी दौरान ड्राइवर ने लापरवाही से बस पीछे की ओर बढ़ा दी और हादसा हो गया। पहिया शहनाज के दाहिने पैर पर चढ़ गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। घटना के तुरंत बाद बस स्टैंड कर्मियों और यात्रियों की मदद से घायल महिला को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक अंगूठा पूरी तरह अलग हो चुका था लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत फिलहाल स्थिर है। बस स्टैंड के प्रभारी एनके वर्मा ने बताया कि जनरथ बस के चालक की गलती से यह हादसा हुआ। ड्राइवर को तत्काल पकड़कर आलमबाग थाने भेजा गया है।

# बड़े भाई के उकसाने पर आत्मदाह करने आई थी महिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पेट्रोल डालते समय भाई बना रहा था वीडियो

▸▸ दरोगा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, भाई गिरफ्तार

अमृत विचारः मुख्यमंत्री आवास के पास आत्मदाह का प्रयास करने के लिए पीलीभीत की महिला को उसके सगे बड़े भाई ने उकसाया था। साजिश के तहत बहन को साथ लेकर भाई लखनऊ आया था। घटना के समय भाई वीडियो बना रहा था। वहीं, गौतमपल्ली पुलिस ने उपनिरीक्षक की तहरीर पर महिला व उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

पीलीभीत हजारा निवासी 27 साल की महिला ने सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास की तरफ जाने वाले रास्ते पर बने टैंगो गेट नंबर-3 पर आत्मदाह का प्रयास किया था। वहां तैनात आत्मदाह निरोधी दस्ते के पुलिस कर्मियों ने समय रहते पकड़ लिया था। महिला के साथ उसका बड़ा भाई और नाबालिग भतीजी भी थे। गौतमपल्ली थाने में पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि पीलीभीत के हजारा कोतवाली में 14 मई को रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद उसकी सुनवाई नहीं हुई।

वह कई दिनों से पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रही थी। कोई कार्रवाई न होने पर महिला को उसके भाई ने लखनऊ जाकर आत्मदाह करने के लिए उकसाया। रविवार को भाई-बहन और भतीजी पीलीभीत से लखनऊ के लिए चले थे। सोमवार सुबह गोल्फ क्लब के पास पहुंच कर महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगाने का प्रयास किया था। महिला के पास से पेट्रोल के साथ माचिस भी मिली। गौतमपल्ली पुलिस को महिला और उसके भाई के पास से मोबाइल फोन मिला। मोबाइल की जांच करने पर कुछ वीडियो मिले। पता चला कि महिला जब खुद पर पेट्रोल डाल रही थी। उस वक्त भाई वीडियो रिकार्ड कर रहा था। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि दरोगा शशिकांत सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# पानी की टंकी पर चढ़ा पुजारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीम ने आधे घंटे में नीचे उतारा

▸▸ सीतापुर में जमीन कब्जा करने की शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

अमृत विचारः सीतापुर के लहरपुर में रहने वाले रमाशंकर शनिवार को पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। इसके बाद सिविल अस्पताल के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गये। रमाशंकर पुजारी हैं। टंकी पर चढ़कर वह जान देने की बात कह रहे थे। जानकारी होने पर हजरतगंज थाने की पुलिस व अग्निशमन कर्मियों की टीम पहुंची। मौके पर पहुंचने के बाद करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर नीचे उतारा गया। वहीं, सीतापुर पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई है।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल के मुताबिक सीतापुर के लहरपुर निवासी रमाशंकर तिवारी सुबह साढ़े बजे के करीब सिविल अस्पताल के पास पहुंचे और टंकी पर चढ़ने लगे। लोगों ने रोकने का प्रयास किया। वह रुके नहीं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन वह ऊपर चढ़ चुके थे। यह देख भीड़ जुट गई। मौके पर अग्निशमन कर्मियों को बुलाया गया। अग्निशमन कर्मियों



पुलिस के आश्वासन पर नीचे उतरा पुजारी

ने हाइड्रोलिक प्लेट फार्म की मदद से उन्हें नीचे उतारने का प्रयास करने लगे, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। इसपर उच्चाधिकारियों ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद वह नीचे उतरे। पुलिस को उन्होंने बताया कि उनकी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है और प्रशासन द्वारा उनकी समस्या की सुनवाई



मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी।

नहीं की जा रही है। उन्होंने अपनी मां के नाम से प्रार्थना पत्र लिखा है। इस मामले में उनकी सुनवाई नहीं हुई है। एसीपी ने बताया कि सीतापुर पुलिस को सूचना दी गई है। उनसे रमाशंकर तिवारी और उनकी बहन रागिनी पांडेय से पूछताछ करने के बाद संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई की बातकर रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है।

# जानवरों को खाना देने गए सैलून पार्टनर व साथियों पर हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः हयात होटल के पास कूड़े के ढेर में सोमवार देर रात कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर महिला सैलून संचालक और उसके साथियों पर दबंगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने महिला समेत पांच को डंडे व हॉकी से जमकर पीटा। जिसमें मूकबधिर समेत दो के सिर फट गए। आरोपियों ने एक कार में भी तोड़फोड़ की। यही नहीं आरोपियों ने महिला से अभद्रता भी की। महिला किसी तरह भागकर विभूतिखंड थाने पहुंची। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर खानापूर्ति कर ली।

ओमेक्स हाइट्स निवासी कोमल अग्रवाल सैलून संचालक हैं। रोजाना वह पार्टनर सिद्धार्थ सिंह के साथ विभूतिखंड में हयात होटल के पास लगे कूड़े के ढेर में कुत्तों



हमले में फटा सिर

व गाय को खाना देते हैं। सोमवार रात भी दोनों पार्टनर, अपने कर्मी विकास, आकाश व मूकबधिर नौकर हरी के साथ मौके पर पहुंचे। खाना खिलाने के दौरान पास की गली से पिता-पुत्र समेत चार लोग आए और जानवरों को खाना देने का विरोध करने लगे।

नशे में धुत आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अभद्रता शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। सभी को गंभीर चोट आई। आरोपियों ने एक कार भी तोड़ दी। दो कर्मचारी विकास और आकाश के सिर फट गए। पीड़ित सिद्धार्थ सिंह का



इनके भी सिर में आई चोटें

आरोप है कि आरोपियों ने कोमल से अभद्रता भी की। कोमल भागकर वहां से विभूतिखंड थाने पहुंची। आरोप है कि पुलिस के सामने भी आरोपियों ने मारपीट की। इसके बाद पुलिस पीड़ितों को थाने ले गयी और मेडिकल कराया। पीड़ित का आरोप है कि तहरीर लिखते समय पुलिस ने कुछ शब्द बदलवा दिए थे। छेड़छाड़ और कपड़े फाड़ने की कोशिश की बात पर अभद्रता लिखने को कहा था। साथ ही आरोपियों की संख्या भी लिखने से मना कर दिया था। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### दुकान बंद होने के बाद ओवर रेट पर मिल रही शराब

अमृत विचार, लखनऊ : दुकान बंद है लेकिन शराब के शौकीनों को शराब मिल रहीं है बशर्ते कुछ दाम ज्यादा देना होगा। ग्राहक के आने पर दुकान के बाहर खड़ा व्यक्ति ग्राहक के रुपये लेकर देशी का पौवा उपलब्ध करा रहा है। आबकारी विभाग के लाख दावों के बावजूद भी राजधानी में बंदी के समय भी शराब की बिक्री लगातार जारी है। पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी मौन होकर बिक्री करवाने में मस्त है। मामला थाना बख्शी तालाब क्षेत्र चंद्रिका देवी मोड़ पर खुली देशी शराब की दुकान का है। यहां समय से पहले अवैध रूप से ओवर रेट पर शराब की बिक्री हो रही है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि ठेके के बगल में स्थित खेतों में भी शराब छिपाकर बेची जा रही है। इस बारे में जब आबकारी निरीक्षक अभिषेक सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। अगर दुकानदार समय से पहले शराब की बिक्री कर रहा है तो उसको नोटिस दिया जायेगा और नियमानुसार कार्रवाई भी की जायेगी। शहर में कई जगह शराब की दुकानों में समय से पहले शराब की बिक्री की जा रही है। अब देखना यह होगा कि आबकारी विभाग इन शराब की दुकानों को लेकर क्या कार्रवाई करता है।

### तीन संचालकों ने बनाई दोबारा डेयरी, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : पशु कल्याण अधिकारी ने हजरतगंज थाने में तीन डेयरी संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पशु कल्याण अधिकारी के मुताबिक अक्टूबर 2024 में नगर निगम ने डेयरियों को हटा दिया था। लेकिन इन तीनों ने दोबारा उसी स्थान डेयरी स्थापित कर दी। हटाने के लिए कहा तो धमकाने लगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव के मुताबिक उप्र पिछड़ा आयोग में कुछ लोगों ने साकेतपल्ली में डेयरी संचालन किए जाने की शिकायत की थी। नगर निगम की जांच में पता चला कि डेयरी दोबारा से बनाई गई है। पशु कल्याण अधिकारी के मुताबिक दो अक्टूबर 2024 को नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए डेयरियों को हटवा दिया था। आरोपी संचालक प्रह्लाद, नरेश पाल और सुदेश उर्फ लल्लू ने दोबारा से उसी स्थान पर डेयरी शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक पशुपालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। नगर निगम की टीम के साथ मिल कर जल्द ही डेयरियों को हटवाया जाएगा।

### गोदाम से 57 बैटरी व 11 इनवर्टर चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र के गहरू स्थित वी5 लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम से 57 बैटरी और 11 इनवर्टर चोरी हो गए। चोरी का शक गोदाम प्रबंधक सहित छह लोगों पर लगा है। गोदाम प्रभारी ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा है। बंथरा के सराय सहजादी निवासी गोदाम प्रभारी विशाल सिंह ने बताया कि 10 जून दोपहर करीब 11:30 बजे एक राहगीर ने गोदाम का गेट खुला देख कर्मचारी को दी। अगले दिन विशाल को जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचे। देखा कि गोदाम का एक शटर खुला था। साथ ही गोदाम से रखी 57 बैटरी और 11 इनवर्टर गायब थे। गोदाम के प्रबंधक दीप डोगरा, कर्मचारी कृपाल सिंह, अजय चतुर्वेदी, संदीप कुमार, रवि प्रकाश और अंशू पर चोरी का शक जताते हुए विशाल ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### कार खड़ी करने के विवाद में दबंगों ने युवकों को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : मानकनगर के आरडीएसओ के पास सोमवार देर रात को चाय की दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर दबंगों का दो युवकों से विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दबंगों युवकों को बुरी तरह से पीट दिया। जान बचाकर भाग रहे युवकों पर ईंट से हमला किया। पीड़ितों ने मानकनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। आलमबाग स्लीपर ग्राउंड निवासी अभिषेक कुमार सोमवार रात करीब 8 बजे दोस्त अभिषेक सिंह के साथ चाय के होटल पर मौजूद था। तभी कार सवार अभिषेक यादव वहा आकर गाली देने लगा। विरोध करने पर अभिषेक के साथ कार में मौजूद विक्की, हर्षित, आकाश यादव, अंकुल व अन्य मारपीट करने लगे। स्थानीय लोगों के बीच बचाव करने पर अभिषेक और उसका दोस्त कार में बैठ कर वहां से चल दिए। इस पर दबंगों ने ओवरटेक कर अभिषेक को रोक कर दोबारा से हमला किया। जिसमें पीड़ित की कार के शीशे टूट गए। साथ अभिषेक के दोस्त को भी गम्भीर चोट लगी। एसओ अजीत कुमार के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# यात्रियों का मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार



अमृत विचार,लखनऊः चलती ट्रेन से यात्रियों के मोबाइल पर्स व अन्य सामान चोरी करने वाले चोर को जीआरपी चारबाग ने गिरफ्तार किया है। जीआरपी प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गया आरोपी बाराबंकी निवासी अरविंद शुक्ला है। उसके पास से चोरी के दो मोबाइल व अन्य सामान बरामद हुआ है।

कार्रवाई | चीन साइबर ठग गिरोह के एजेंटों को पकड़े जाने का मामला

# राजस्थान, गुजरात व महाराष्ट्र समेत एक दर्जन राज्यों में फैला नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 11 राज्यों के बैंक खातों में हुआ ट्रांजेक्शन, पूरी डिटेल पासबुक व खाता नंबर मिला

अमृत विचारः गोसाईंगंज इलाके में पकड़े गये साइबर जालसाज गिरोह का नेटवर्क यूपी ही नहीं बल्कि राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र समेत एक दर्जन राज्यों में फैला है। पकड़े गये आरोपी चीन के साइबर जालसाज गिरोह के एजेंट के रूप में काम करते थे। साइबर क्राइम थाने की पुलिस तीनों गिरोहों के कनेक्शन खंगाल रही है।

साइबर क्राइम थाना, साइबर क्राइम सेल और गोसाईंगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार देर रात को सुल्तानपुर रोड स्थित गब्बर ढाबे के पास घेराबंदी कर एक कार को पकड़ा। कार के अंदर चार साइबर जालसाज पकड़े गये। कार में पकड़े गये जालसाजों में मोहनलालगंज के जैतीखेड़ा का सत्यम तिवारी, बस्ती के दुबौली का दिवाकर विक्रम सिंह, रायबरेली के खालीशाह टोला का सक्षम तिवारी और गोंडा के वजीरगंज स्थित करदा का विनोद कुमार शामिल है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी स्थित फ्रेंडस कालोनी में होटल ओ-सूट में उनके साथियों ने ठिकाना बनाया है। पुलिस टीम ने होटल में छापा मारा तो वहां कोई साथी नहीं मिला। पुलिस को वहां से एक कार मिली। इसके बाद पुलिस मुख्यालय वाली रोड से पुलिस दो कार की घेराबंदी कर अन्य चार आरोपियों जानकीपुरम सेक्टर-जे निवासी कृष शुक्ला, निलमथा निवासी मनीष जायसवाल, गोंडा मनिकापुर निवासी लईक अहमद और बाराबंकी लौताबाग निवासी मो. शाद को पकड़ा। जालसाजों के पास से चार लग्जरी कार व 16 महंगे मोबाइल बरामद हुए।

### 11 राज्यों में बैंक खाते

साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने आरोपी के पास से कई पासबुक, चेक और खाता नंबर बरामद किया। इन खातों में ठगी के रुपये ट्रांसफर कराने के प्रमाण मिले हैं। जिन राज्यों के खातों का प्रयोग ठगी के लिए किया गया उनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, दिल्ली, चंडीगढ़ शामिल है।

### पांच चाइनीज टेलीग्राम ग्रुप के रिकार्ड मिले

साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक आरोपियों ने चाइनीज टेलीग्राम ग्रुप बनाकर ठगी की। इस गिरोह का मुख्य कर्ताधर्ता सत्यम तिवारी था। वहीं ठगी के रकम को क्रिप्टो करेंसी व यूएसडीटी में बदलकर चीन में बैठे गिरोह के आकाओं को भेजता था। पुलिस ने उसके मोबाइल पांच चाइनीज टेलीग्राम ग्रुप के रिकार्ड बरामद किये। इसमें कई बार यूएसडीटी उपलब्ध कराये गये वॉलेट एड्रेस में भेजे गये। सत्यम द्वारा चीन में बैठे गिरोह संचालकों से हुई चैटिंग के भी रिकार्ड पुलिस ने अपने पास सुरक्षित रखा है। उसे जांच के लिए भेजा जाएगा। सत्यम के मोबाइल में कई बैंक खातों से ठगी की रकम ट्रांजेक्शन करने के रिकार्ड भी मिले। कुछ बैंक खातों को एनसीआरपी पोर्टल व समन्वय पोर्टल पर चेक किया गया तो इसकी पुष्टि हुई।

### कई राज्यों में दर्ज है शिकायतें

आरोपियों के खिलाफ गुजरात राजकोट, उड़ीसा के अंगुल, चंड़ीगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कई शिकायतें दर्ज हैं। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक इन राज्यों की पुलिस से संपर्क कर शिकायतों की डिटेल मंगाई जा रही है।

## एक नजर

### आईआईएम में इंडक्शन प्रोग्राम के साथ कक्षा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) ने सत्र 2025–2027 के लिए अपने प्रतिष्ठित पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम, एग्री–बिजनेस मैनेजमेंट, सस्टेनेबल मैनेजमेंट और पीएचडी कार्यक्रमों के नए बैच का स्वागत एक भव्य इंडक्शन प्रोग्राम के साथ किया। यह कार्यक्रम संस्थान के लखनऊ परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें कुल 643 छात्रों ने शिरकत की। इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नवागंतुक छात्रों को न केवल संस्थान की शैक्षणिक संरचना और मूल्य–व्यवस्था से परिचित कराना था, बल्कि उन्हें एक समग्र एवं सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर करने के लिए प्रेरित करना भी था।

### शोध को तकनीकी आधार देने की पहल

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय समाजशास्त्रीय परिषद के तत्वावधान में 24 जून से 30 जून तक प्रतिदिन एक सात दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया शुरू किया गया है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को डेटा विश्लेषण के लिए प्रयोग होने वाले सॉफ्टवेयर का बुनियादी और व्यावहारिक ज्ञान देना है। आज के दौर में शोध की गुणवत्ता और निष्कर्षों की प्रमाणिकता के लिए आंकड़ों का वैज्ञानिक विश्लेषण अनिवार्य हो गया है। इस कार्यशाला का आयोजन देश की विभिन्न प्रमुख समाजशास्त्रीय संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है, जिनमें नॉर्थ वेस्ट इंडियन सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन, राजस्थान, मध्यांचल, मराठी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की समाजशास्त्र परिषदें शामिल हैं। कार्यशाला के संरक्षक के रूप में प्रो. मैत्रेयी चौधरी (अध्यक्ष) और प्रो. श्वेता प्रसाद (सचिव) हैं।

# एकेटीयू में 12 करोड़ की निविदा में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, कुलसचिव पर लगे आरोप



अमृत विचार: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की निविदा में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। यह आरोप विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वित्त नियंत्रक व राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मिर्जापुर के निदेशक प्रो. केएस वर्मा पर लगाए गए हैं। मामले को लेकर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जेम पोर्टल के नियमों की अनदेखी करके 12 करोड़ रुपए की निविदा आमंत्रित कर ली गई और नियमों से खिलवाड़ करके निविदा एक चहेती फर्म को दे दिया गया। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालय एकेटीयू में जेम पोर्टल के माध्यम से नियम के खिलाफ बिड प्रकाशित किया गया और मनमाने तरीके से भ्रष्टाचार कर अपनी मनपसंद फर्मों से सांठगांठ कर जरूरत से ज्यादा कीमतों पर आर्डर कर भारी कमीशन प्राप्त किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मिर्जापुर के निदेशक प्रो. केएस वर्मा द्वारा इस कार्य में विश्वविद्यालय के अधिकारियों का पूरा सहयोग किया जा रहा है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि निदेशक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मिर्जापुर प्रो. केएस वर्मा द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मिर्जापुर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रतापगढ़, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोंडा, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती में कार्यशाला के उपकरणों के लिए प्रकाशित जेम बिड संख्या जीईएम/2025/बी/6168972 23 मई को प्रकाशित किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 12 करोड़ है। इस बिड को बीओक्यू केटेगरी में प्रकाशित किया गया है जबकि बिड में लिखे सभी उपकरण जेम पोर्टल पर अलग केटेगरी में उपलब्ध है।

### यह है नियम

शिकायतकर्ता ने पत्र में नियमों का हवाला देते हुए लिखा है कि यदि जेम पोर्टल पर वस्तु या सेवा की कैटेगरी उपलब्ध होने के पश्चात भी क्रेता द्वारा कस्टम बीओक्यू बिड बनाई जाती है तो ऐसी निविदाओं को प्रक्रिया के किसी भी चरण पर जेम द्वारा स्वत: निरस्त किया जाएगा। अधिकारियों द्वारा 30 प्रतिशत करीब 4 करोड़ के कमीशन के लिए अपनी फर्म को आर्डर देने के माध्यम से नियम विरुद्ध बिड प्रकाशित की गयी। शासन द्वारा जेम संबंधी जारी उपरोक्त शासनादेश में कार्य के अनुभव न्यूनतम 40 प्रतिशत और अधिकतम 80 प्रतिशत की सीमा है। जबकि अपनी फर्म को आर्डर देने के लिए इसकी सीमा 30 प्रतिशत ही रखी है। इस बारे में जब कुलसचिव से बात करने का प्रयास किया गया तो संपर्क नहीं हो पाया। जबकि विश्वविद्यालय के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अभी तो टेंडर खुला नहीं है तो भ्रष्टाचार कैसे हो गया। यह निराधार आरोप है। आरोपकर्ता स्पष्ट सबूत नहीं देते तो उनके खिलाफ विश्वविद्यालय विधिक कार्रवाई पर विचार करेगा।

# पॉलिटेक्निक कक्षाओं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 27 से

अमृत विचार, लखनऊः संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलिटेक्निक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा 5 से 13 जून के बीच आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। काउंसिलिंग प्रक्रिया 27 जून से आरंभ हो रही है जो आगामी 14 अगस्त तक कुल 5 चरणों में सम्पन्न होगी। प्रदेश के राजकीय, अनुदानित, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप व निजी क्षेत्र की पॉलीटेक्निक संस्थाओं में संचालित एक, दो एवं तीन वर्षीय इंजीनियरिंग, फार्मेसी एवं अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु यह काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है। कुल 150 राजकीय व अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थाओं को काउंसिलिंग सहायता केन्द्र के रूप में नामित किया गया है। अभ्यर्थी किसी भी सहायता केन्द्र पर जाकर संस्थाओं एवं पाठ्यक्रमों के चयन हेतु विकल्प भरने, दस्तावेजों का सत्यापन कराने एवं किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जिज्ञासा के समाधान हेतु संपर्क कर सकते हैं। काउंसिलिंग के लिए उन अभ्यर्थियों को भी मौका दिया जा रहा है जिन्होंने सिर्फ एक सवाल का सही उत्तर दिया है। इस बार प्रवेश परीक्षा में कुल 100 प्रश्न थे और सभी प्रश्न चार अंकों के दिए गए थे। पॉलिटेक्निक की सभी सीटों को भरने के लिए अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को मौका दिए जाने की प्राविधिक शिक्षा परिषद तैयारी कर रहा है।

# स्टार्टअप : पुष्प उत्पादन कर किसान हो सकते हैं मालामाल



प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों का समूह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सीएसआईआर सीमैप में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

अमृत विचारः सीएसआईआर सीमैप ने सगंध पुष्प उत्पादन के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया और बताया कि इसकी खेती से किस प्रकार किसान आर्थिक रूप से सक्षम बन सकते हैं। एरोमा मिशन के अंतर्गत सीएसआईआर-सीमैप में औषधीय एवं सगंध पौधों की उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों पर किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। एरोमा मिशन के अंतर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में देश के 15 राज्यों के 69 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने किया।

निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी कहा कि सीएसआईआर-सीमैप औषधीय एवं सगंध पौधों में अनुसंधान एवं विकास कार्य लगभग 60 वर्षों से कर रहा है। जिसके निरंतर प्रयासों के फल स्वरूप औषधीय एवं सगंध पौधों मे 160 से भी ज्यादा उन्नत प्रजातियों के साथ-साथ उनकी कृषि तकनीकी का भी विकास किया गया है। प्रयोगशालाओं के द्वारा 25 राज्यों में एरोमा मिशन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सगंध पौधों की खेती करने वाले किसानों के लगभग 4000 क्लस्टर बनाए जा चुके हैं। इन क्लस्टर में 400 आसवन इकाइयों को स्थापित किया गया है जिससे किसान अपनी फसल का आसानी से आसवन कर सकें। यह भी बताया कि यदि आप स्टार्टअप्स के अंतर्गत सीएसआईआर-सीमैप मे स्थापित इंक्यूबेसन सेंटर से संस्थान द्वारा विकसित हर्बल उत्पादों को बनवाकर एक वर्ष के लिए बाज़ार मे बिक्री कर सकते हैं तथा इसके बाद तकनीकी हस्तांतरण कर सकते हैं।

कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक व समन्वयक, डॉ. ऋषिकेश भिसे व दीपक कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया व पौधों की पहचान कराई। डॉ. संजय कुमार ने संस्थान की गतिविधियों एवं सेवाओं व नीबूघास के उत्पादन की उन्नत कृषि तकनीकी प्रतिभागियों से साझा की। डॉ. राजेश वर्मा ने खस के उत्पादन की उन्नत कृषि तकनीकि प्रतिभागियों से साझा की। डॉ. राम सुरेश शर्मा ने तुलसी की वैज्ञानिक खेती के बारें में प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋषिकेश भिसे, वैज्ञानिक द्वारा किया गया तथा डॉ. राम सुरेश शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



नार्वे जाने वाले दल में शामिल छात्र–छात्राएं, साथ में शिक्षिका। अमृत विचार

# बाल शिविर में भाग लेने नार्वे जाएगा सीएमएस का छात्र दल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस का पोच सदस्यीय दल अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर (सीआईएसवी कैम्प) में प्रतिभाग हेतु नार्वे रवाना जाएगा।

अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर में प्रतिभाग हेतु नार्वे रवाना हो रहे इस दल के छात्र सदस्यों में अहान सिंह, आबिदा हुसैन अंसारी, आद्या भटनागर एवं अविघ्न कुशवाहा शामिल हैं जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की शिक्षिका साक्षी सिंह करेंगी। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

# भातखंडे संस्कृति विवि में हुई विद्या परिषद की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. मांडवी सिंह व अन्य। अमृत विचार

▶▶ शैक्षणिक नीतियों एवं आगामी योजनाओं पर गहन चर्चा, लिए गए महत्वपूर्ण फैसले

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में विद्या परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों एवं आगामी योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन और 20 अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक के पूर्व में हुई विद्या परिषद की बैठक में अनुमोदित विषय पं. विष्णु नारायण भातखंडे, पं. बिरजू महाराज एवं बेगम अख्तर की स्मृति में विश्वविद्यालय में तीन पीठ स्थापित करने के सुझाव पर सदस्यों ने सहमति प्रदान की। इसके अलावा परिषद द्वारा आठ शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान करने की संस्तुति भी की गई।

विलुप्त प्राय सरोद, सारंगी एवं पखावज वाद्ययंत्रों के विषय में विद्यार्थियों के प्रवेश के प्रोत्साहन के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना प्रस्तावित की गई, जिसका समर्थन समस्त सदस्यों ने सर्वसम्मति से किया।

पद्मभूषण साजन मिश्र ने विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों में देश के ख्याति प्राप्त एवं युवा कलाकारों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

प्रो. केके थपलियाल ने शोध विषय के चयन के संदर्भ में कहा कि शोध का विषय गंभीर विचार-विमर्श और चर्चा के उपरांत ही निर्धारित किया जाना चाहिए।

प्रो. उमेश कुमार सक्सेना ने विश्वविद्यालय में एक सूचना आधारित संग्रहालय की स्थापना का सुझाव दिया, जिससे शोधार्थी प्रयोग आधारित संगीत एवं संबंधित विषयों से जुड़ी जानकारी एवं अध्ययन सामग्री का लाभ उठा सकें।

सदस्य अरुण भट्ट ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय से जुड़े रहे ऐतिहासिक कलाकारों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने एवं विद्यार्थियों तथा जनसामान्य को उनके योगदान से परिचित कराने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एक चित्र-वीथिका की स्थापना की जानी चाहिए।

सभी सदस्यों ने उच्च गुणवत्ता वाले सुझाव बैठक में प्रस्तुत किए, जिन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में अत्यंत लाभकारी माना गया।

# तबादले के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ ऑफलाइन प्रक्रिया निरस्त करने पर मंथन कर रहे अधिकारी

अमृत विचार : सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड कालेजों) में तबादले के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन की तैयारी है। ऑफलाइन आवेदन को लेकर मचे बवाल के बीच माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी इस साल ऑफलाइन प्रक्रिया निरस्त करने पर मंथन कर रहे है। शासनादेश में व्यवस्था दी गई थी कि छह जून तक निदेशालय में ऑफलाइन आवेदन कर चुके तकरीबन एक हजार शिक्षकों के मामले में नियमानुसार विचार किया जा सकता है।प्रदेश के 4512 एडेड कालेजों में करीब 65 हजार शिक्षक कार्यरत हैं। इन कालेजों में शिक्षकों को स्थानांतरण की सुविधा दोनों माध्यमों से दी गई है, लेकिन पहले से आफलाइन आवेदन करने वाले शिक्षकों की फाइलें अभी भी जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआइओएस) और संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) स्तर पर लंबित हैं।

इससे उनका आवेदन अधर में लटक गया है। शिक्षकों का कहना है कि कई जगहों पर प्रबंध समितियों ने ट्रांसफर के लिए आफलाइन एनओसी जारी कर दी और आनलाइन स्थानांतरण का विकल्प 'नहीं' लॉक कर दिया है। साथ ही उनकी फाइलें निदेशालय तक नहीं पहुंच पाईं हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इन पदों पर स्थानांतरण कैसे होगा? अधिकारियों ने बताया कि ऐसी ही समस्याओं से बचने के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन पर ही विचार करने की तैयारी चल रही है जिससे की विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो।

# शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल 29 में 23 शिक्षक मिले गैरहाज़िर

संवाददाता निगोहां

▶▶ बीईओ ने लिखा बीएसए को पत्र, कार्रवाई तय

अमृत विचारः उतरावां प्राथमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी का औचक निरीक्षण से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। मोहनलालगंज के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कनौजिया ने मंगलवार को उतरावां स्थित कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत 29 शिक्षकों में से 23 शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस भारी अनियमितता से क्षुब्ध खंड शिक्षा अधिकारी ने तत्काल इसकी रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजते हुए सभी अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है। शिक्षकों की लापरवाही से छात्रों का भविष्य संकट में निरीक्षण के दौरान बीईओ कनौजिया ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों का बिना सूचना के गैरहाज़िर रहना बेहद गंभीर लापरवाही है। इससे बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ता है और यह सरकारी शिक्षा प्रणाली के प्रति विश्वास को कमजोर करता है।

सूत्रों के अनुसार, बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही कार्रवाई की जा सकती है। इसमें वेतन रोकने से लेकर निलंबन तक की सिफारिश की जा सकती है। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कनौजिया ने कहा कि हम नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। शैक्षिक अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र के शिक्षकों में मचा हड़कंप बीईओ की इस सख्ती के बाद अन्य विद्यालयों में भी शिक्षक सतर्क हो गए हैं और अब उपस्थिति को लेकर सजगता बढ़ती दिख रही है।

# मजदूर के खाते से की 1.60 लाख की ऑनलाइन शापिंग

अमृत विचार, सरोजनीनगरः क्रेडिट कार्ड बंद कराने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने मजदूर के खाते से 1,60,432 रुपये की खरीदारी कर ली। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। सरोजनीनगर के बाग नंबर-2 बेहसा निवासी मजदूर जितेंद्र कुमार ने बताया कि 2 जून की शाम मोबाइल पर एक कॉल आई। फोनकर्ता ने क्रेडिट कार्ड बंद करने के संबंध में सूचना मांगी, जो उन्होंने शेयर कर दी। चार दिन बाद बैंक से आयी कॉल से पता चला कि खाते से 1,60,432 रुपये की फ्लिपकार्ट से खरीदारी की गई है। पीड़ित ने बताया कि कि बैंक वालों ने जबरदस्ती उसका क्रेडिट कार्ड बनवा दिया था। लेकिन उसने कभी भी इसका इस्तेमाल नहीं किया और ठगी का शिकार हो गया।

# योग दिवस का समापन व प्रमाण पत्र वितरण हुआ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लविवि में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए प्रतिभागी। अमृत विचार

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय में योग दिवस के अवसर पर प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आरके सिंह निदेशक द्वितीय परिसर लखनऊ विश्वविद्यालय थे। प्रो. सिंह ने कहा कि योग दिवस 21 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा शिक्षार्थियों ने कामन योग प्रोटोकॉल एवं सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड संख्या में अभ्यास किया। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास हेतु योग महत्वपूर्ण साधन है विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग का अभ्यास करना चाहिए योग के अभ्यास से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में परिवर्तन आएगा।

संकाय के कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि 21 मई से 21 जून तक चलने वाले विभिन्न सेमिनार, कार्यशाला, योग शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। विभाग में योगासन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुष्मिता सिंह, द्वितीय स्थान मनीष दत्ता, तृतीय अंकिता गौतम तथा योगासन प्रतियोगिता मां प्रथम व्याख्या सिंह, द्वितीय रागिनी तथा तृतीय उषा गौतम रहीं। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर फैकल्टी के शिक्षक डॉ. रामनरेश व भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एक ही अनुक्रमांक की मिली दो उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। स्क्रूटनी के दौरान बोर्ड अधिकारियों को एक ही अनुक्रमांक की दो उत्तर पुस्तिकाएं जांच के लिए मिलीं। वहीं फर्जी परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा देने का भी मामला सामने आया है प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय में ऐसे कुल 17 मामलों का पता चला है। क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज में कुल आक्षेप के 58 मामले सामने आए थे, जिनमें इन 17 मामलों के अलावा 15 मामलों में फर्जी परीक्षार्थियों की भूमिका पाई गई। इसका मतलब है कि किसी अन्य व्यक्ति ने असली परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा दी। वहीं, 13 अन्य विसंगतियों की भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनके एक ही अनुक्रमांक की दो उत्तर पुस्तिकाएं मिली हैं, उनकी जांच परीक्षा समिति करेगी। जांच में आरोपी पाए गए परीक्षार्थी को एक साल के लिए बोर्ड परीक्षा से डिबार कर दिया जाता है। वहीं, फर्जी परीक्षार्थियों को जेल हो जाती है और ऐसे अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से जमानत लेनी पड़ती है।

# प्रदेश में पहली बार होगी यूपी प्रो हैंडबॉल लीग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




पत्रकारों से वार्ता करते हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय व अन्य।

▶▶ दिसंबर में होगा आयोजन

अमृत विचारः प्रदेश में प्रोफेशनल प्रोफेशनल हैंडबॉल लीग की शुरुआत होने जा रही है। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन दिसंबर में नोएडा में 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' का आयोजन करेगा। प्रदेश की इस पहली आधिकारिक हैंडबॉल लीग दस दिनों तक चलेगी जिसमें कुल 39 मुकाबले खेले जाएंगे।

इस संबंध में आयोजित एक प्रेस वार्ता में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय और कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय ने जानकारी दी कि इस लीग के पहले संस्करण में आठ टीमें होगी जिसमें मुख्यतः यूपी के खिलाड़ी होंगे। इस लीग में एक टीम लखनऊ की भी होगी। इस लीग में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी होंगे, जिनमे से 15 यूपी से, दूसरे प्रदेश से एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के साथ दो अन्य खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिलेगी। डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि कहा कि हैंडबॉल की लोकप्रियता देश में तेजी से बढ़ रही है। इस लीग से प्रदेश के खिलाड़ियों को नया मंच मिलेगा, बल्कि उन्हें आर्थिक प्रोत्साहन भी हासिल होगा। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 10 लाख रुपए, उपविजेता को 7 लाख रुपए और तीसरे व चौथे स्थान की टीमों को 2.5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# पंखे में उतरा करंट, बुजुर्ग दंपति की मौत

संवाददाता, निगोहां

▶▶ बिना पुलिस को सूचना दिए परिजन ने किया अंतिम संस्कार

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के अघैया गांव में फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से रमाशंकर दीक्षित (85) और उनकी पत्नी सरला देवी (80) की मौत हो गई। घरवालों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही दंपति का अंतिम संस्कार कर दिया।

रामशंकर के बड़े बेटे सुरेंद्र दीक्षित ने बताया कि पिता रमाशंकर दीक्षित (85) व मां सरलादेवी (80) सोमवार रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए। मंगलवार सुबह जब दोनों काफी देर कमरे से बाहर नहीं निकले तो नातिन रूबी दोनों को जगाने कमरे पहुंची। कमरे में उसने नाना व नानी को जमीन पर मृत पड़े देखा। फर्राटे वाला पंखा सरला देवी के सिर पर गिरा पड़ा था। रूबी ने शोर मचाते हुए बाहर भागी और बड़ी मामी निर्मला को सूचना दी।

कुछ ही देर में अन्य परिजन भी आ गए। घरवालों ने पंखा हटाकर शवों को कमरे से बाहर निकाला। कुछ ही देर में खबर गांव में फैली तो ग्रामीण रमाशंकर के घर के बाहर जमा हो गए। आशंका जतायी जा रही है कि फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में पहले सरलादेवी आईं और उन्हें बचाने के प्रयास में रमाशंकर दीक्षित भी चपेट में आ गए। परिजनों ने पोस्टमार्टम के डर से पुलिस को बिना सूचना दिए ही दोनों का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया।

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट। सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है।


## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालतीः मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया– एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

–फेसबुक वॉल से

# विकास से महाविनाश की ओर



निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्लावामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्लावामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### बेटे ने रिटायर्ड इंस्पेक्टर को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आलमबाग :** यूपी पुलिस से रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने कृष्णानगर कोतवाली में बेटे पर मारपीट व धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है। नारायणपुरी में रहने वाले हरिशरण सिंह ने बताया कि बेटा अमित कुमार सिंह आए दिन उनसे व मां माया सिंह को प्रताड़ित करते हुए पीटता है। बुजुर्ग दंपति को लात-घूंसे व रॉड से पीटने के बाद घर से निकालने की धमकी देता है।

### अनुसूचित वर्ग के युवकों की पिटाई निंदनीय:मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि उड़ीसा में जातिवादी संगठनों के लोगों के जरिये अनुसूचित वर्ग के दो युवकों की पिटाई निंदनीय है। उड़ीसा सरकार के साथ केंद्र सरकार दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे ताकि इस तरह की जघन्य घटना दोबारा न हो।

# लोला और उसके पति त्रिजिन की तलाश में केरल जाएगी पुलिस

## उज्बेकिस्तान की महिलाओं के पकड़े जाने के मामले में पुलिस ने निकाली आरोपी की कॉल डिटेल, केरल भागने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उज्बेकिस्तान की युवतियों व महिलाओं को भारत बुलाने और उनकी पहचान छिपाने के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराने के मामले में पुलिस की जल्द डॉ. विवेक गुप्ता से पूछताछ करेगी।

वहीं, गिरोह की सरगना लोला कायूमोवा और उसका कथित पति त्रिजिन राज उर्फ अर्जुन राणा लखनऊ से भाग निकले हैं। पुलिस को आशंका है कि वह केरल भागे है। पुलिस ने दोनों के नंबर के कॉल डिटेल निकाला है। जिसके आधार पर उनकी लोकेशन निकाली जा रही है। एक पुलिस टीम केरल के लिए रवाना की जाएगी। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस इस दिशा में भी पड़ताल कर रही है। पुलिस ने उधर, संदेह के आधार पर दो लोगों से पूछताछ भी की है।

सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस स्टेशन इलाके में न्यू हजरतगंज के एक फ्लैट से अवैध रूप से रह रहीं उज्बेकिस्तान की दो महिलाओं होलिडा और नीलोफर को पकड़ा गया था। दोनों ने बताया था कि उज्बेकिस्तान की रहने वाली लोला कायूमोवा ने उन्हें बुलाया था। उसी ने दोनों के चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी पत्रकारपुरम निवासी डॉ. विवेक गुप्ता के से करवाई थी। पुलिस इस मामले में लोला और उसके कथित पति त्रिजिन राज उर्फ अर्जुन राणा की तलाश में जुटी हुई है। उनकी तलाश में पुलिस मंगलवार को भी कई स्थानों पर दबिश दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपित त्रिजिन राज केरल का रहने वाला है। आशंका है कि वह कहीं लोला के साथ केरल तो नहीं भाग गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी त्रिजिन ने भी कई फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए थे। पुलिस उसके गिरोह के बारे में पता करने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा एलआईयू टीम भी कही अहम जानकारियां जुटाने का प्रयास कर रही है।

### मोटी रकम लेकर की थी प्लास्टिक सर्जरी

पुलिस की जांच में लोला कायूमोवा के संबंध डॉ. विवेक गुप्ता से होने की बात पता चला। होलिडा और नीलोफर ने भी बताया कि डॉ. विवेक गुप्ता ने सर्जरी की थी। जिसके बदले बड़ी रकम लोला के जरिए ली गई थी। प्लास्टिक सर्जरी करने वाले डॉ.विवेक गुप्ता से पुलिस अभी पूछताछ नहीं कर सकी है। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर से पूछताछ के लिए कुछ कागजी कार्रवाई की जा रही है। पूरी होते ही नोटिस भेजी जाएगी। ताकि इस मामले में अहम सुराग हाथ लग सके।

### लोला के मोबाइल में है क्रिप्टो वॉलेट

इस मामले में ओमेक्स आर्चिड आर-1 में कथित पति के साथ रहने वाली लोला कायूमोवा के खिलाफ स्थानीय लोगों ने पुलिस और एफआरआरओ से शिकायत की थी। जिसके बाद लोला को पूछताछ के लिए बुलाया गया। जब उसके दस्तावेज और मोबाइल की जांच की गई तो क्रिप्टो वॉलेट भी लोड मिला था। हालांकि लोला ने क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग करने की बात कही थी। वहीं, पूछताछ के बाद से ही लोला लिवइन पार्टनर अर्जुन राणा के साथ गायब हो गई।

### लोला ने राजाजीपुरम निवासी युवक से की थी शादी

पुलिस की जांच में सामने आया कि लोला कायूमोवा ने राजाजीपुरम निवासी युवक से शादियां की है। इसके बाद वह तेलीबाग निवासी त्रिजिन राज के साथ ओमेक्स आर-टू के अनूप कुमार श्रीवास्तव के फ्लैट में लिवइन में रहने लगी थी। उसने जनक प्रताप सिंह नाम के व्यक्ति से शादी की थी। जनक प्रताप सिंह राजाजीपुरम की तुलसी विहार कालोनी का निवासी है। लोला ने फर्जी मैरिज प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेजों की मदद से किराए का सत्यापन करवा लिया। पुलिस ने दस्तावेजों की जांच नहीं की और आसानी से लोला को सत्यापन की रसीद मिल गई। जनक के पड़ोसियों ने बताया कि कई वर्षों से नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक लोला के शादी के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### विद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ाने को चलाया अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए मंगलवार को एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता ने किया।

चयनित टीम की ओर से बाबू बनारसी दास वार्ड, उदयगंज, विक्रमादित्य वार्ड व बर्फखाना क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों व झुग्गी-झोपड़ी में निवास करने वाले गरीब परिवारों से संवाद स्थापित कर उनके बच्चों को राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। चयनित क्षेत्रों में आठ बच्चों ने सहमति जताई।

# बेटी पर गलत नजर रखता था सौतेला पिता, पत्नी को मारना चाहता था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


सिमरन

▸▸ महानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल
▸▸ बीसीए छात्रा की हत्या का मामला

**अमृत विचार:** महानगर स्थित विज्ञानपुरी कालोनी में बीसीए छात्रा सिमरन राजपूत (19) हत्याकांड में एक चौंकाने वाली बात सामने निकलकर आयी है। मां रेखा राजपूत का आरोप है कि बेटी पर उसके सौतेले पिता विकास चंद्र पांडेय की गंदी नजर थी। कुछ दिन पहले भी विकास ने सिमरन से बदतमीजी की थी। सिमरन शिकायत करने कोतवाली जा रही थी, लेकिन विकास के गिड़गिड़ाने पर वह रूक गयी थी। इसी के बाद से आरोपी विकास उससे चिढ़ा बैठा था। रेखा ने पुलिस को बताया कि विकास सौतेली बेटी के साथ-साथ उसकी भी हत्या करना चाहता था। लेकिन समय रहते पुलिस के पहुंचने से वह बच गयी। पुलिस ने आरोपी विकास को मंगलवार को जेल भेज दिया है।

पुलिस पूछताछ में रेखा ने बताया कि वर्ष 2001 में डाक्टर जागेश राजपूत से शादी हुई थी। वर्ष 2006 में सिमरन पैदा हुई थी। वर्ष 2014 में जागेश ने आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद से वह अपनी बेटी के साथ अकेले रहने लगी। संपत्ति ठीक-ठाक होने के कारण किराए पर उठाकर मां-बेटी का खर्चा चल रहा था। इसी बीच सोशल मीडिया पर रेखा की बातचीत मध्यप्रदेश के रीवा स्थित छिबला निवासी विकास चंद्र पांडेय से शुरु हो गई थी। जिसके बाद दोनों ने शादी कर ली थी। शुरुआत से ही विकास की नजर उनकी संपत्ति पर थी। धीरे-धीरे वह उनकी संपत्ति बेचने लगा। इसका विरोध सौतेली बेटी सिमरन करती थी। रेखा ने बताया कि रविवार को सिमरन ने बताया था कि विकास उसपर गलत नजर रखता है। इसी कारण सिमरन और विकास में विवाद होता था। सोमवार देर शाम को भी आरोपी विकास सिमरन से अभद्रता करने लगा। सिमरन के टोकने पर गुस्से में विकास ने किचन से चाकू उठाकर ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी।

दो चाकू से गोदने के बाद विकास उसके गर्दन पर पैर रखकर खड़ा भी हो गया। वह तसल्ली करना चाहता था कि सिमरन की जान न बचे। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। महानगर पुलिस ने डीवीआर कब्जे में ले लिया है। रेखा ने बताया कि बचाने में विकास ने चाकू से उसपर भी वार किया था, लेकिन हाथ में चाकू लगने से वह घायल हो गयी। आरोपी दोबारा हमला करता उससे पहले पुलिस पहुंच गई, जिससे वह बच गई। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि जांच में कुछ बिंदु सामने आए है। उन तथ्यों को भी जांच में शामिल किया जाएगा।

### सिमरन के शरीर पर मिले चाकू से वार के 18 निशान

इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि रेखा के बयान के आधार पर दर्ज रिपोर्ट में धाराएं बढ़ाई जाएंगी। मंगलवार को दो डॉक्टरों के पैनल ने सिमरन के शव को पोस्टमार्टम कराया। जिसमें वीडियाग्राफी व फोटोग्राफी भी हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिमरन के शरीर पर चाकू से वार के 18 निशान मिले हैं। आरोपी ने गर्दन, सीना, पेट और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए थे।

### बेच दी सारी संपत्ति, सिर्फ बचा था मकान

इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि रेखा के पास कई संपत्ति थी। कुर्सी रोड पर एक प्लाट था। जिसे विकास ने तीन करोड़ रुपये में बिकवा दिया था, जिसमें 80 लाख रुपये दिए थे। बाकी रुपये नहीं दे रहा था। अब उसकी नजर विज्ञानपुरी स्थित मकान पर थी। यही नहीं उसने 2.80 करोड़ में उसका सौदा भी तय करवा दिया था।

### जन्मदिन पर भी की थी अभद्रता

रेखा ने पुलिस को जनवरी में सिमरन का जन्मदिन था। विकास ने उस दिन भी बेटी के साथ अभद्रता की थी। इसको लेकर दोनों में काफी झगड़ा हुआ था। किसी तरह मामला शांत हुआ। एक सप्ताह पहले आरोपी ने वहीं हरकत की। इसके बाद से सिमरन विकास के खिलाफ पुलिस से शिकायत करना चाह रही थी।

# केसरी खेड़ा में तालाब की जमीन पर भू-माफिया ने किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ नागरिक सुविधा दिवस में मंडलायुक्त से की शिकायत
▸▸ सैदपुर में कूटरचित बैनामे के आधार पर सरकारी जमीन कब्जाई

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में मंगलवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें केसरी खेड़ा से आए शिकायतकर्ता ने मंडलायुक्त को बताया कि नगर निगम जोन 5 के केसरी खेड़ा वार्ड में खसरा संख्या 1293,1294,1295 की राजस्व अभिलेखों में तालाब में दर्ज भूमि पर भू-माफिया ने कब्जा कर लिया है।

मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल तालाब से कब्जा खाली करवाने और भूमाफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते के निर्देश दिए। ग्राम सैदपुर से पहुंचे एक अन्य शिकायतकर्ता ने बताया कि ग्राम सैदपुर जागीर परगना तहसील बीकेटी के सरकारी खसरा संख्या 240, 244 पर भू-माफिया द्वारा कूट रचित बैनामे के आधार पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। एक अन्य शिकायतकर्ता ने भू-माफिया राजेंद्र यादव, अनिल यादव व गुरु प्रसाद यादव द्वारा तालाब की जमीन खसरा संख्या 283, 284 पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की।

जिस पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को सरकारी जमीन की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा तत्काल हटाने और विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसमें नगर आयुक्त गौरव कुमार, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव व अपर नगर आयुक्त ललित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


स्मार्ट सिटी कार्यालय में फरियादी की बात सुनतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

### अवैध निर्माण की शिकायत की तो जान से मारने की मिल रही धमकी

शिकायतकर्ता ने इंदिरा नगर के फरीदी नगर में पिकनिक स्पॉट रोड पर कुदरत, मुन्नू व अविनाश सिंह द्वारा अवैध निर्माण करने की मंडलायुक्त से शिकायत की। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। शिकायत के बाद से ही प्रार्थी को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। मंडलायुक्त ने एलडीए के संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर संबंधित इमारत को तत्काल सील करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### 57 में से केवल तीन प्रकरण निस्तारित

नागरिक सुविधा दिवस में कुल प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से केवल तीन का मौके पर निस्तारण हो सका। इनमें लखनऊ विकास प्राधिकरण से सम्बंधित 22 प्रकरण, नगर निगम के 24, बिजली 5, पुलिस विभाग 2 और आवास विकास का एक प्रकरण था।

# शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला को कोल्डड्रिंक बॉटिलंग प्लांट कर्मी ने प्रेम जाल में फंसाया। फिर शादी का झांसा देकर छह साल तक यौन शोषण किया।

यही नहीं गर्भवती होने पर दवा देकर गर्भपात भी कराया। उसके बाद शादी से इंकार कर दिया। क्षुब्ध महिला ने खुदकुशी का प्रयास किया, लेकिन जान बच गयी। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति ने बताया कि पीड़िता का जल्द ही मजिस्ट्रेट का समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मूल रूप से सीतापुर निवासी महिला सरोजनीनगर में किराए के मकान में रहती है। उसका पति से अलगाव हो चुका है।

पीड़िता ने बताया कि कुछ वक्त पहले उसकी मुलाकात आदेश सिंह निवासी बाराबंकी से हुई। बातचीत के दौरान आदेश ने बताया कि वह कोल्डड्रिंक बॉटिलंग प्लांट में काम करता है। आरोपी ने पहले उसे प्रेम जाल में फंसाया। फिर शादी का झांसा देकर करीब छह साल तक यौन शोषण किया। पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपी ने दवा देकर गर्भपात कराया था। पीड़िता ने बताया कि जब भी वह शादी के लिए कहती तो आरोपी टालमटोल करता था। दबाव बनाने पर आदेश ने शादी से इंकार कर दिया। परेशान पीड़िता ने 10 मई को जहर खाकर खुदकुशी का प्रयास किया था। पीड़िता ने एसीपी कृष्णानगर से मुलाकात कर शिकायत की। निर्देश पर सरोजनीनगर पुलिस ने आरोपी आदेश के खिलाफ दुष्कर्म, गर्भपात, धमकी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


## कार्यालय नगर पंचायत देवां, बाराबंकी

पत्रांक: 1976 / न0पं0 देवां / ई – निविदा सूचना / 2025–26 दिनांक : 23.06.2025

**ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से एवं 15वाँ वित्त आयोग की धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु निविदा ई–निविदा पोर्टल के माध्यम से दिनांक 21.06.2025 से 11.07.2025 तक डाउनलोड/अपलोड की जायेगी । प्राप्त निविदायें दिनांक 14.07.2025 को अपरान्ह 1: 00 बजे खोली जायेगी। यदि किन्ही कारणों से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसकी अगली तिथि अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जायेगी । ई – निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जिसको डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत देवां, बाराबंकी**


## सार-संक्षेप

### हाई वैल्यू वाली फसलों से उद्यान विभाग बढ़ाएगा निर्यात

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषकों की आय बढ़ाने के लिए हाई वैल्यू, निर्यातोन्मुखी और प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किए जाने पर फोकस करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्यात प्रोत्साहन को बढ़ाने के लिए औद्यानिक विशेषज्ञों की टीम को देश-विदेश में निर्यात के नये अवसर तलाशने का भी सुझाव दिया है। दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को उद्यान निदेशालय में राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के स्तर पर ले जाने के की समीक्षा की। इस दौरान उद्यान मंत्री के समक्ष औद्यानिक फसलों एवं प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात को बढ़ाए के क्रम में लैंड-लॉक्ड राज्यों द्वारा निर्यात किए जा रहे औद्यानिक फसलों एवं उत्पादों पर अध्ययन कर डिलाइट इंडिया द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। मंत्री ने डिलाइट इंडिया के प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों के साथ तुलनात्मक उत्पादवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### डायरी और टैबलेट के साथ प्राइमरी कक्षा में प्रवेश करेंगे शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राथमिक विद्यालयों की दीवारें उम्मीदों से सजने लगी हैं। शिक्षक डायरी और टैबलेट के साथ कक्षा में प्रवेश करेंगे और स्मार्ट क्लास, गणित किट व लाइब्रेरी बुक्स बच्चों की आंखों में नई रोशनी भरेगी। इसका ताज़ा प्रमाण हाल ही में आयोजित परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में सामने आया है। जहां यूपी के कक्षा-3 के छात्रों ने राष्ट्रीय औसत से अधिक अंक अर्जित कर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 तक बालवाटिका से कक्षा-2 तक के बच्चों को पढ़ने-लिखने और गणना में ग्रेड स्तर की दक्षता दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में सुनियोजित शिक्षण के लिए संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, गणित किट, टीएलएम, लाइब्रेरी बुक्स, शिक्षक डायरी और 'तालिका' जैसे संसाधनों को उपलब्ध कराया जा चुका है। इतना ही नहीं, राज्य के 4.53 लाख से अधिक शिक्षकों व शिक्षामित्रों को ब्लॉक स्तर पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी पर आधारित दक्षताओं से सशक्त किया गया। कक्षा शिक्षण को रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण के उपरांत निरंतर शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### 517 गांवों में चलेगा धरती आबा जनभागीदारी विशेष अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए एक क्रांतिकारी पहल शुरू की है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और धरती आबा जनभागीदारी अभियान के माध्यम से पहले चरण में 26 जिलों के 517 गांवों में विशेष अभियान चलेगा। इसमें 18 विभागों की योजनाओं का समन्वित क्रियान्वयन शुरू करने के साथ डाटा वैलीडेशन और लाभ वितरण ने निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को झारखंड के हजारीबाग से शुरू किए गए इस अभियान को योगी सरकार ने प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने का बीड़ा उठाया है। इस पहल के तहत 15 नवंबर तक 517 चिन्हित ग्रामों में 25 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो राज्य के 26 जनपदों और 47 विकास खंडों को कवर करेगा। जनजातीय ग्रामों को 18 विभागों के 25 विशेष योजनाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर गांव में इन सभी योजनाओं का लाभ पूरी तरह से पहुंचे। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अंबेडकरनगर, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रयागराज, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर एवं सोनभद्र को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चिन्हित किया गया है।

### तमाम सरकारी विभागों में ट्रांसफर पोर्टल पर सही डेटा अपलोड नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ:** तबादलों को लेकर मचे घमासान के बीच यह तथ्य भी सामने आया है कि तमाम सरकारी विभागों में ट्रांसफर पोर्टल पर सही डेटा ही अपलोड नहीं है। खासकर कुछ विभागों में डिजिटल डेटा अपलोड करने वाले एक्सपर्ट की कमी है। इसके कारण अपूर्ण डेटा तमाम अनियमितताओं का कारण बनता है। इस बीच उप्र. में तबादलों को लेकर कई विभागों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन और वन विभाग में सभी तबादले निरस्त कर दिए गए तो स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में तबादला सत्र ही शून्य कर दिया गया। आयुष समेत जिन विभागों में तबादलों को मंजूरी दी गई, उनमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आ गईं। स्थिति यह है कि 16 साल से एक ही जिले में जमे अफसरों को छोड़ दिया गया जबकि दो साल पहले आए अधिकारी का तबादला कर दिया गया। तबादला सत्र के दौरान हुए तबादलों को लेकर ऐसा विवाद खड़ा हुआ कि सीएम के स्तर से हस्तक्षेप करना पड़ा। सूत्रों की मानें तो विभागीय मंत्री और प्रमुख सचिवों के बीच विवाद तो कहीं प्रमुख सचिवों की उदासीनता के चलते ऐसी गड़बड़ियां हुईं, जिन्हें समय रहते संभाला नहीं जा सका। तबादले को लेकर सबसे ज्यादा विवाद आयुष और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग में देखने को मिला।

आयुष विभाग में रसूखदार डॉक्टरों को बचाने के लिए नियम तक मनमाफिक तय कर दिए गए। इसके तहत तबादले के दायरे में केवल वही डॉक्टर आए जो 12 साल से एक ही जिले में हैं। इसका प्रभाव हुआ कि जिले में 15 साल से जमे डॉक्टरों को छुआ तक नहीं गया।


## नीलामी सूचना

कार्यालय उपनिदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ मण्डल लखनऊ (19 बी विधान सभा मार्ग, शीला काम्प्लेक्स, लखनऊ) को आवंटित शासकीय वाहन संख्या–यू0पी–32 बी0जी0–6806 मॉडल टाटा सूमो गोल्ड (निर्माण वर्ष 2015) जो वर्तमान में आर0के0 मोटर्स कल्यानपुर रिंग रोड निकट जगरानी हॉस्पिटल में खड़ी है, की नीलामी दिनांक 28 जून, 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे होनी प्रस्तावित है। वाहन का न्यूनतम मूल्य रू0 2,40,000/–है यह नीलामी शासनादेश संख्या–1288(।।)/30–4–2022–24के0एम0/76 दिनांक 11 जून, 2002 के अनुसार अधिकतम मूल्य पर की जाएगी। शासनादेश कार्यालय में अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

जो व्यक्ति/फर्म अधिकतम बोली लगाने/नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हों, वे तद्दिनांक नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व अपरान्ह 12 बजे तक रू0 5000/– नगद धनराशि अथवा विभाग के पक्ष में अर्नेस्ट मनी रू0 5000/– का बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करेंगे। वाहन की भौतिक स्थिति तथा बाजार मूल्य से कम मूल्य प्राप्त होने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, वाहन नीलामी समिति में निहित है। इस संबंध में कोई वाद/विवाद मान्य न होगा।

विनोद कुमार मिश्र,
अध्यक्ष
(वाहन नीलामी समिति)

UP – 235237 **दिनांक:** 23/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**



## कार्यालय जिलाधिकारी अयोध्या

(खनन अनुभाग)

संख्या: 938/ REVAYO-MIN0MINW/17/2025-MINE-AYO दिनांक: 24.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय विज्ञप्ति संख्या 838/क्वैरी कार्यालय/2025–26 दिनांक 20.05.2025 द्वारा विज्ञापित किया गया था तहसील सदर स्थित गाम रानोपाली में भण्डारित बालू के सम्बंध में एकल निविदा प्राप्त हुयी है, जिसे समिति द्वारा निरस्त कर पुनः विज्ञापन की संस्तुति की गयी है। तहसील सदर के ग्राम रानोपाली बी0एन0पी0 (सन्त निरंकारी आश्रम के बगल में) गाटा सं0 519, 522, 521, 523 में सीज अवैध रूप से भण्डारित साधारण बालू के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 2595/86–2018–12(सामा0)/2018 भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग दिनांक 03.12.2018 में दिये गये निर्देशानुसार 03 माह की अल्प अवधि के लिए ई–टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से दिनांक 25.06.2025 से 02.07.2025 तक ई–निविदा etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार आंमत्रित किया जाता है:–

जनपद अयोध्या तहसील सदर में सीज भण्डारित सा0 बालू विवरण

| क्र0स0 | लाट संख्या/ तहसील/ ग्राम | गाटा संख्या | खनिज का नाम | सीज के उपरान्त अनुमानित भण्डारित बालू मात्रा (घन मी0) | रायल्टी दर (घन मी0) | न्यूनतम आरक्षित मूल्य (घन मी0) | कुल धनराशि का 75 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर/ग्राम रानोपाली बी0एन0पी0 (सन्त निरंकारी आश्रम के बगल में) | 519, 522, 521, 523 | साधारण बालू | 8840 | 65 | 5,74,600/– | 4,30,950/– |

| क्षेत्र का विवरण | बिन्दु (Pillars) | अक्षांश (Longitude) | देशान्तर (Longitude) |
|---|---|---|---|
| सदर/ग्राम रानोपाली बी0एन0पी0 (सन्त निरंकारी आश्रम के बगल में) | A | 26°46'18.2" | 082°11'10.3" |
| | B | 26°46'18.2" | 082°11'11.8" |
| | C | 26°46'19.4" | 082°11'12.3" |
| | D | 26°46'19.3" | 082°11'12.8" |
| | E | 26°46'17.3" | 082°11'12.0" |
| | F | 26°46'17.3" | 082°11'11.2" |
| | G | 26°46'15.4" | 082°11'10.1" |
| | H | 26°46'15.9" | 082°11'08.7" |

2. सभी खण्डों से बालू हटाने/उठाने की अवधि अधिकतम 03 माह होगी जिसमें कोई विस्तार अनुमन्य नही होगा।
3. ई–निविदा आंमत्रण सूचना दिनांक 25.06.2025 समय 10.00 बजे से दिनांक 02.07.2025 समय 5.00 बजे तक ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर निविदाकार के द्वारा अपनी ई–निविदा अपलोड की जायेगी।
4. ई–निविदा दिनांक 03.07.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित ई टेण्डर समिति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार, अयोध्या में खोला जायेगा।
5. उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी खनन अनुभाग जिलाधिकारी कार्यालय अयोध्या से प्राप्त की जा सकती है।

अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/
प्रभारी अधिकारी (खनन)
अयोध्या।

**UP-235294 दिनांक 24.06.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती
Provincial Division, P.W.D., Shrawasti

पुलिस लाइन, भिनगा–श्रावस्ती–271831
Police Line, Bhinga-Shrawasti
Phone No. 05250-222961
E-Mail: pdpwdswt2012@gmail.com

पत्रांक : 1 8 9 4/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक : 18–06–2025

## ई–निविदा सूचना

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग मरम्मत हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पैच मरम्मत के अन्तर्गत कार्य | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत एन0एच0–730 के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.90 | 2.09 | 945.00 | 09 माह |
| 2 | श्रावस्ती | विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत एन0एच0–730 के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 21.30 | 2.13 | 945.00 | 09 माह |
| 3 | श्रावस्ती | विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत एनएसएलएच मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.34 | 1.93 | 945.00 | 09 माह |
| 4 | श्रावस्ती | विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत एनएसएलएच मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.97 | 2.10 | 945.00 | 09 माह |
| 5 | श्रावस्ती | विकास खण्ड जमुनहा में विधान सभा श्रावस्ती के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 29.43 | 2.94 | 945.00 | 09 माह |
| 6 | श्रावस्ती | विकास खण्ड जमुनहा में विधान सभा भिनगा के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.20 | 1.92 | 945.00 | 09 माह |
| 7 | श्रावस्ती | विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत बी0बी0एस0सी0 मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | 945.00 | 09 माह |
| 8 | श्रावस्ती | विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत बी0बी0एस0सी0 मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.50 | 1.95 | 945.00 | 09 माह |
| 9 | श्रावस्ती | विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत भिनगा–सिरसिया–चौधरीडीह–गुलरिहा मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.00 | 1.90 | 945.00 | 09 माह |
| 10 | श्रावस्ती | विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत भिनगा–सिरसिया–चौधरीडीह–गुलरिहा मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 945.00 | 09 माह |
| 11 | श्रावस्ती | विधानसभा श्रावस्ती के अन्तर्गत एस0एच0/एम0डी0आर0/ओ0डी0आर0 मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 37.70 | 3.77 | 945.00 | 09 माह |
| 12 | श्रावस्ती | विधानसभा भिनगा के अन्तर्गत एस0एच0/एम0डी0आर0/ओ0डी0आर0 मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 34.00 | 3.40 | 945.00 | 09 माह |

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 26–06–2025 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाइन दिनांक 26–06–2025 से 10–07–2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब–साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन–लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 10–07–2025 पूर्वान्ह 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 10–07–2025 अपराहन 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ङ) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176(सा0)/06 दिनांक 25–08–2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
श्रावस्ती

UP – 235217 **दिनांक:** 23/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in,
**पर उपलब्ध है।**

## एक नजर

### कुशीनगर में दो युवकों ने आपस में किया विवाह

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के खैरटिया शीतलापुर गांव में स्थित शिव मंदिर में दो युवकों ने आपस में विवाह कर लिया। विवाह से पहले एक युवक ने अपना ट्रांसप्लांट कराया और सोनिया बन गया। विवाह के दौरान पारंपरिक रस्में निभाई गई। सोनिया ने लाल साड़ी पहनकर खैरटिया चौराहा निवासी प्रेम कुमार के साथ सात फेरे लिए। सोनिया ने कहा कि शादी पूरा होने का एहसास हुआ है। प्रेम कुमार ने कहा कि प्यार शरीर से नहीं, आत्मा से होता है। उन्हें लोगों की राय से कोई फर्क नहीं पड़ता। क्षेत्र में दो युवकों की शादी की काफी चर्चा रही।

### अभय सिंह की हत्या के मामले में सुनवाई 5 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कोतवाली देहात थाने के पकड़ी गांव निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष राम अभिलाख सिंह के भतीजे अभय सिंह की शहर के पयागीपुर चौराहे के पास गोली मारकर हत्या के मामले वादी मुकदमा राम अभिलाख सिंह को कोर्ट ने जिरह के पांच जुलाई को तलब किया है। तीन सितंबर 2024 को राम अभिलाख सिंह के भतीजे अभय सिंह की शहर के पयागीपुर चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### एमएलसी व पूर्व विधायक के मामलों में बहस की तिथि तय

**संवाददाता, सुलतानपुर :** एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन और धमकी मामले में दो अलग-अलग मामलों में बहस की तिथि नियत की है। पहले मामले में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में बहस की सुनवाई 14 जुलाई को होगी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक यह मामला 11 मई 2019 का है, जब चुनाव उड़नदस्ता प्रभारी गजेंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं, दूसरे मामले में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और तीन अन्य पर गाली-गलौज व हत्या की धमकी देने के मामले में बहस की तारीख 11 जुलाई तय की गई है।

# एमपी के राजा रघुवंशी बनने से बच गये प्रयागराज के कप्तान

**प्रयागराज, अमृत विचार।** मध्य प्रदेश के इंदौर में बीते हुई सोनम और राजा रघुवंशी की कहानी यूपी के प्रयागराज में दोहराते दोहराते बच गई। जहां शादी के बाद विदा होकर आई दुल्हन ने पति को अपने करीब फटकने तक नहीं दिया। चाकू दिखाकर दूल्हे को हत्या करने या खुद आत्महत्या कर लेने की धमकी दी। डरे-सहमे दूल्हे ने तीन-चार दिन बाद दुल्हन को उसके घर भेज दिया और मां को पूरी बात बताई, जिसके बाद दोनों परिवारों के बीच सुलह हुआ।

यमुनानगर जोन के नैनी के एडीए कॉलोनी के रहने वाले कप्तान निषाद की शादी करछना थाना क्षेत्र के सितारा देवी के साथ 29 अप्रैल को हुई थी। शादी के बाद 2 मई को रिसेप्शन भी हुआ। कप्तान निषाद ने बताया कि शादी के बाद 30 अप्रैल को वह अपनी दुल्हन सितारा देवी को विदा कराकर घर लाया। रिसेप्शन में भी दोनों के पक्षों के लोग शामिल हुए थे। शादी के दो दिन तक सब कुछ ठीक रहा लेकिन तीसरे दिन जब पति कप्तान निषाद अपनी पत्नी सितारा देवी के नजदीक जाने की कोशिश की तो सितारा देवी ने चाकू निकाल लिया। उसने कहा कि अगर वह उसके करीब आएगा तो उसे मार देगी या खुद आत्महत्या कर लेगी। दुल्हन ने बताया कि उसका अफेयर उसके भतीजे अमन निषाद से चल रहा है। वह उसी के साथ रहना चाहती है। पीड़ित पति कप्तान का कहना है कि लड़की मायके चली गई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। समझौते के बाद दोबारा फिर से लड़की ससुराल आई लेकिन एक-दो दिन के बाद ही लड़की घर से भाग गई। सितारा देवी भागने के बाद अपने प्रेमी रिश्ते के भतीजे अमन निषाद के साथ कहीं चली गई थी। हालांकि अब लौटकर घर आ गई है और मायके में रह रही है लेकिन वह अपने प्रेमी रिश्ते के भतीजे गांव के अमन निषाद के साथ रहना चाहती है। इस मामले में एसीपी करछना अरुण कुमार त्रिपाठी का कहना है कि नैनी थाने में पारिवारिक विवाद को लेकर शिकायत आई है। इस मामले में पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**रिश्ते तार-तार**

- शादी के बाद ससुराल पहुंची दुल्हन ने पास आने पर पति को चाकू दिखाकर धमकाया
- विदा होकर मायके गई दुल्हन अपने रिश्ते के भतीजे के साथ फरार

### हनीमून के लिए केदारनाथ चलने को कह रही थी दुल्हन

पीड़ित पति कप्तान निषाद का कहना है कि उसकी पत्नी उसे हनीमून पर केदारनाथ ले जाने की बात कर रही थी, लेकिन पीड़ित पति का कहना है कि हाल में सोनम रघुवंशी और राजा रघुवंशी की घटना के चलते वह केदारनाथ जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। पति कप्तान की मां शांति देवी का कहना है कि अच्छा हुआ कि समय रहते बहू की असलियत का पता चल गया नहीं तो इकलौते बेटे के साथ कोई भी हादसा हो सकता था। शायद इसीलिए वह बेटे को केदारनाथ ले जाना चाहती थी।

## कानपुर : हैलट इमरजेंसी के रेड जोन में आग, मरीजों में मची चीख-पुकार

**कानपुर, अमृत विचार।** हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब रेड जोन में लगे एक पंखे में अचानक आग लग गई। पंखे को जलता देख पास में भर्ती मरीज के तीमारदारों ने चीखपुकार मचा दी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों, डॉक्टरों, स्टाफ व इमरजेंसी पीआरओ ने मरीजों को बेड सहित रेड जोन से बाहर निकाला और उनको वार्ड नंबर एक में शिफ्ट किया। कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया, इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और छानबीन की। हैलट अस्पताल के रेड जोन के बेड नंबर 12 के ऊपर पंखा लगा था, जिसमें सुबह करीब साढ़े आठ बजे के बाद अचानक आग लग गई। जब आग लगी तो तब बेड नंबर 12 पर पंखे के नीचे यशोदा नगर निवासी माला गुप्ता भर्ती थीं और बगल में फत्तेहपुर निवासी वंश भर्ती थे। पंखे में आग लगने पर मरीजों-तीमारदारों में चीखपुकार मच गई और तीमारदार अपने-अपने मरीजों को आग से बचाने का प्रयास करने लगे।

# अयोध्या : खेत गए किसान की गला काटकर हुई हत्या

## पूराकलंदर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, मचा कोहराम

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया गोवा गांव के निकट धान के खेत की सिंचाई करने गए किसान की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका शव खेत में रखी चारपाई पर मिला। घटनास्थल पर संघर्ष के कोई निशान नहीं पाए गए, संभावना जताई जा रही है कि हत्या करने से पहले या तो उसे नशे में धुत किया गया या अचेत किया गया। मृतक विवाहित था वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



नागेंद्र यादव (फाइल फोटो)

मृतक किसान नागेंद्र यादव (40) के पिता राम प्रकाश यादव ने बताया कि सोमवार रात लगभग 10 बजे उनका बेटा धान की रोपाई के लिए खेत में पानी भरने के लिए गया था। घर के लोग मंगलवार सुबह यह देखने गए थे कि पानी खेत में जा रहा है या नहीं। ऐसा तो नहीं नागेंद्र सो गया हो। मौके पर उन्हें खून से लथपथ नागेंद्र का शव मिला। इससे चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर देवेंद्र सिंह वह फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।

### घटनास्थल पर नहीं मिले संघर्ष के निशान

मृतक नागेंद्र शारीरिक दृष्टि से मजबूत था। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्यारों की संख्या चार-पांच से कम नहीं थी। अगर वह होशो-हवास में होता तो घटनास्थल पर कड़े संघर्ष के निशान मिलते। जबकि ऐसा नहीं था। वह चारपाई पर पीठ के बल लेटा हुआ था। बताया जाता है कि उसे कुछ बुरी आदतें भी थी। ऐसे में माना जा रहा है कि हत्यारे ने वारदात को अंजाम देने से पहले या तो उसे नशे में धुत कर दिया या उसे अचेत किया गया। सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि सभी पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सर्विलांस सेल का भी सहारा लिया जा रहा है।

## प्रेमी युगल की मंदिर में जबरन कराई गई शादी

**कुशीनगर, अमृत विचार:** जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध मंझरिया देवी मंदिर परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मंदिर में एकांत में बैठे प्रेमी युगल को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जुट गई और ग्रामीणों ने प्रेमी युवक से जबरन युवती की मांग भरवा दी। यह पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सुकरौली निवासी व्यवसायी का पुत्र और गिदहा धनहा निवासी युवती के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार को दोनों मंझरिया देवी मंदिर परिसर में एकांत में बैठे थे, तभी सैकड़ों की संख्या में लोग मंदिर पर आ गए। मौके पर युवती की मां को भी बुला लिया गया। हंगामे के बीच ग्रामीणों ने मंदिर में सिंदूर मंगाकर युवती की मांग भरवाई। युवक के पिता ने जांच की मांग की है।

## यही कपड़े पहनकर कुशाग्र ट्यूशन पढ़ने गया था : सोनिया

**कानपुर, अमृत विचार।** शहर के चर्चित कुशाग्र हत्याकांड में डेढ़ साल बाद कुशाग्र के कपड़े व बैग देखकर एडीजे 11 सुभाष सिंह की कोर्ट में मंगलवार को मां सोनिया फफक पड़ी। बोली बेटे को क्यो मारा अगर पैसा चाहिए था तो ले लेती। कुशाग्र की सामग्री को देखकर मां की तबियत कोर्ट में बिगड़ गई। मां ने कुशाग्र की सामग्री को तस्दीक किया। गवाही पूरी होने के बाद जिरह शुरू हुई। बुधवार को भी जिरह जारी रहेगी। इससे पहले कमिश्नर से शिकायत के बाद रायपुरवा पुलिस ने कुशाग्र हत्याकांड से जुड़ी सभी सामग्री को कोर्ट भेजा।

कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्तूबर 2023 को बेरहमी से अपहरण करके हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को दोषी मानकर उनको जेल भेजा था। मंगलवार को मामले की सुनवाई के लिए तीनों आरोपियों को जेल से कोर्ट लाया गया। सबसे पहले रायपुरवा पुलिस की ओर से भेजे गए कुशाग्र के घटना के वक्त पहने हुए कपड़े, हेलमेट, मोबाइल, स्कूली बैग और पानी की बोतल आदि प्रस्तुत किया गया। जिसकी मां सोनिया कनोडिया ने पहचाना। डेढ़ साल बाद कुशाग्र के कपड़ों को देखकर मां सोनिया फफक-फफककर रोने लगी। उन्होंने बिलखते हुए कुशाग्र के कपड़ों और बैग को अपने हाथों में ले लिया। मां ने कुशाग्र के कपड़ों व सामग्रियों को देखकर उनको पहचाना। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि सोनिया कनोडिया ने गवाही में सामग्रियों को पहचानकर कहा कि यहीं कपड़े पहनकर कुशाग्र ट्यूशन पढ़ने गया था। कपड़ों को देखकर उनकी तबियत भी बिगड़ी। गवाही पूर होने के बाद आरोपी प्रभात के अधिवक्ता ओम नारायण द्विवेदी ने जिरह की। समय खत्म होने की वजह से बची हुई जिरह अब बुधवार को होगी।

## खेत में करंट की चपेट में आकर किसान की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर भारी पड़ी। खेत में लगे खंभे में उतर रहे करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने शव के अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। बाद में पुलिस के समझाने पर परिजन माने। घटना मीरपुर मजरे गाजीपुर में मंगलवार को हुई। जयप्रकाश (45) सुबह खेत में धान की बेरन लगाने गया था। वह खेत में लगे बिजली के खंभे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद करवाई गई। परिजन जयप्रकाश को सीएचसी मथुरानगर ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने हंगामा करते हुए इस घटना के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया, कहा कि परिवार को 50 लाख मुआवजा दिया जाए और किसी सदस्य को रोजगार दिया जाए।



जयप्रकाश फाइल फोटो।

## गोंडा : मेडिकल कॉलेज के 22 जूनियर रेजिडेंट को सेवा समाप्ति की नोटिस

**गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय मेडिकल कॉलेज मे सेवा दे रहे 22 जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की सेवा समाप्त किए जाने का फरमान जारी किया गया है। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी आदेश से हड़कंप मचा हुआ है।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से जारी आदेश में कहा गया है नीट परीक्षा वर्ष 2018-19 बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत 96 पद के सापेक्ष 71 अभ्यर्थियों को गोंडा मेडिकल कॉलेज आवंटित किया गया है। जिनको आगामी 28 जून को कार्यभार ग्रहण करना है। इस आदेश के दृष्टिगत जो मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट सेवा दे रहे हैं उनकी सेवा समाप्त की जाएगी। इस आदेश से पूरे चिकित्सकों में खलबली मची हुई है। जिन चिकित्सकों की सेवा समाप्त की गई है उनमें सभी जूनियर रेजिडेंट है। प्रधानाचार्य की ओर से जारी की गई नोटिस में सभी डॉक्टरों की सेवा 27 जून को समाप्त होगी, साथ यह दिए भी निर्देश दिया गया है कि जो लोग अस्पताल के हॉस्टल में रहते हैं वे उसको खाली करते हुए उसकी सूचना वार्डन को जरूर दें। प्राचार्य डॉ धनंजय श्रीकांत कोटा स्थाने ने बताया कि अनिवार्य सेवा बांड के तहत 71 में अभ्यर्थियों को स्थानीय मेडिकल कॉलेज में आवंटन मिला है जिनको आगामी 28 जून को ज्वाइन करना है। जिसको देखते हुए मेडिकल कॉलेज में सेवा दे रहे 22 जूनियर डॉक्टर की सेवा समाप्त किए जाने की नोटिस दी गई है। उन्होंने बताया कि जब इन डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज में ज्वाइन किया गया था तो इस नियम की जानकारी दी गई थी।

## सीतापुर में मिले तीनों बच्चे परिजनों के सुपुर्द

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुम तीन बच्चों को पुलिस ने 24 घंटे में खोज कर परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया। तीनों बच्चे सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र से बरामद हुए हैं। मोहम्मदपुर खाला थाना के पतौंजा के राम हर्ष वर्मा का 8 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार और नेमकुमार कनौजिया का 10 वर्षीय पुत्र जिया व पांच वर्षीय अमन जामुन तोड़ने की बात बोलकर 21 जून को बेहड़ा बाजार की ओर गए थे। पता न चलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इस बीच सीतापुर में तुतुहीपुर चौराहे के पास इन तीनों के देखे जाने की जानकारी मिली। सोमवार को देर शाम तीनों बच्चों को पुलिस ने रामपुर मथुरा कस्बे से बरामद कर लिया। पुलिस ने बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## 20 लाख के घोटाले में 21 साल बाद रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** 21 वर्ष की जांच के बाद 20 लाख के मैलाथियान घोटाले में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने सोमवार को आधा दर्जन स्वास्थ्यकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके बाद यहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में तत्कालीन सीएमओ समेत 29 लोगों पर 20 लाख के मैलाथियान के फर्जी रूप से आपूर्ति किए जाने का आरोप था।

खबर के अनुसार बताया जाता है कि सोमवार को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने पत्रांक संख्या 4 (डी)/ एलटी-फार्मा/ अभियो/2025/ 611 एक पत्र भेजा, जिसमें जिले के 12 पीएचसी व सीएचसी पर वर्ष 2003-04 में 20 लाख के मैलाथियान कीटनाशक की फर्जी आपूर्ति कर भुगतान किए जाने के प्रकरण में आरोपी के रूप में निरोपित किए गये कर्मियों के विरूद्ध धारा-19, भ्र. नि.अधि. 1988 एवं धारा-197 द.प्र.सं. के अंतर्गत सक्षम न्यायालय में अभियोग चलाये जाने हेतु अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। बात दें कि 21 वर्ष पहले वर्ष 2003-2004 में जिले में 20 लाख के मैलाथियान की फर्जी आपूर्ति एवं भुगतान का मामला उजागर हुआ था, जिसमे तत्कालीन सीएमओ समेत 29 स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जांच चल रही थी। कई बार आरोपियों के बयान भी दर्ज किए गये थे। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के यहां चल रही जांच पूरी होते ही शासन ने अभियोग की स्वीकृति प्रदान दी।

## सार-संक्षेप

### 27 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या के मठ-मंदिरों से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। 27 जून को बड़े भव्यता के साथ धूमधाम से यात्रा निकाली जाएगी। जो मंदिरों से निकल कर सरयू तट तक जाएगी। लगभग 12 से भी अधिक मंदिरों में इस उत्सव की परंपरा को निभाया जाएगा। वहीं राम मंदिर के निकट स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा राम कचहरी मंदिर, दशरथ महल, मणिरामदास छावनी, राम वल्लभा कुंज समेत अन्य मंदिरों में भी धूम रहेगी। रथ यात्रा मुख्य रूप से रामघाट के रास्ते से ही सरयू तट तक जाने की परंपरा है। वहीं कुछ संतों का मानना है कि पहले इस परंपरा को निभाए जाने के लिए रामघाट के करीब सरयू की जलधारा होने के कारण भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता रहा है। जब यह रथ यात्रा अपने मंदिरों से निकलकर रामघाट की ओर जाती थी तो रास्ते में पड़ने वाले सभी मठ मंदिरों से इस यात्रा का भव्य स्वागत करने की परंपरा निभाई जाती है।

### बसपा नेता पर जमीन कब्जाने का आरोप

**नवाबगंज, गोंडा :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासिनी महिला वसीमा खातून ने थाने पर दी गई लिखित तहरीर में बताया कि वह एक विधवा महिला हैं। उनका बेटे बाहर रहते हैं। गांव के ही रसूखदार बसपा नेता अब्दुल राजिक उस्मानी उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जमीन बेचने का दबाव भी बना रहे हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि विपक्षी द्वारा एक बैनामा दस्तावेज 1999 का दिखाया जा रहा है, जबकि उनके पति की मृत्यु बैनामा दस्तावेज के छः माह पहले ही हो गई थी। अवैध कब्जे के इस मामले में उपजिलाधिकारी से भी पीड़ित महिला द्वारा शिकायत की गई है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों को कोई निर्माण न करने की हिदायत दी गई है। दोनों पक्षों से वैध दस्तावेज मांगे गए हैं। बसपा नेता अब्दुल राजिक उस्मानी का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है। जिस जमीन को लेकर शिकायत हुई है। उस जमीन को उन्होंने बैनामा ले रखा है। खारिज-दाखिल की प्रक्रिया चल रही है।

### युवती के अपहरण व धर्मांतरण में आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के हुजूरपुर पुलिस ने दो माह पूर्व युवती के अपहरण, धर्मांतरण व निकाह मामले में फरार चल रहे आरोपी को लखनऊ से पुलिस ने गिरफ्तार किया। इससे पूर्व पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। आरोपी धर्मान्तरण व निकाह कराने का दोषी है। कोर्ट में पेश किए जाने पर इसे जेल भेज दिया गया है। हुजूरपुर एसएचओ बृजेन्द्र कुमार मिश्रा को जानकारी मिली कि तीन मई को एक 20 वर्षीय युवती के अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन व निकाह मामले में प्रकाश में आया आरोपी लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब के मगट गांव निवासी अमिन कैसरबाग बस स्टैंड के पास पना लिए हुए है। उन्होंने तत्काल विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर गठित पुलिस टीम को लखनऊ दबिश को भेजा। लखनऊ में कैसरबाग बस स्टैंड के पास उसे धर दबोचा गया। कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर उसे शहर लाकर कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया। युवती के अपहरण, धर्मांतरण व निकाह मामले में पीड़ित परिजनों को जानमाल की धमकियां मिल रही थीं। तीन आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

### दोस्त के भतीजे का अश्लील वीडियो बना किया वायरल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी का एक और मामला सामने आया है। एक युवक ने दोस्त के नाबालिग भतीजे का अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया। साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला तरिख थाना क्षेत्र का है। पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम मुख्यालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार साइबर टिपलाइन में चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की सूचना दी गई। जांच में सामने आया कि यह अश्लील वीडियो अनस के स्नैपचैट अकाउंट से भेजा गया था, जो एक मोबाइल नंबर से जुड़ा है। इस नंबर का संबंध मोहम्मद अनस निवासी मौथरी तहसील नवाबगंज थाना सतरिख से जुड़ा मिला। जांच अधिकारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय व तकनीकी सहायक पंकज सिंह यादव की जांच में आरोपी अनस ने स्वीकार किया कि उसने वीडियो खुद रिकॉर्ड किया और अपने मित्रों को स्नैपचैट के माध्यम से भेजा था। अनस ने अपने लखनऊ निवासी दोस्त के भतीजे का अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किया था। साइबर क्राइम निरीक्षक की ओर से आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### उपभोक्ताओं को मिले निर्बाध बिजली आपूर्ति : डीएम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आपूर्ति व्यवस्था और उपभोक्ता समस्याओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति बेहद जरूरी है। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिले इसके लिए फॉल्ट होने पर अभियंता तुरंत समस्या का समाधान करें। उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। डीएम ने रामनगर क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। आपदा की स्थिति में बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए कार्ययोजना बनाने को कहा गया। डीएम ने आरडीएसएस योजना के कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने ऊर्जा प्राप्ति, बिलिंग कार्य और लाइन हानि की जानकारी ली। उन्होंने क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मरों की स्थिति की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी कार्यों को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने खराब ट्रांसफॉर्मर समय पर बदलने को कहा। नई बिजली लाइनें बिछाने के काम में तेजी लाने को कहा।

# बहन की हत्या को नेट पर खोजा था हथियार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**कबूलनामा**

- हत्यारोपी भाई के खुलासे पर पुलिस भी रह गई हैरान, भेजा गया जेल

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में 69 वर्षीय वृद्ध बहन द्रोपदी आनंद का हत्यारोपी छोटा भाई भगवानदास ने जेल जाने से पहले मंगलवार को पुलिस को और भी बहुत कुछ बताया। जिसे सुनकर पुलिसकर्मी हैरान रह गए। हालातों पर अफसोस भी आया। भगवानदास ने बताया कि बहन के कहने पर हत्या करने को राजी हो गया था, लेकिन बहन को तड़पता नहीं देख पाता। चाहता था कि बहन एक ही वार में दुनिया से चली जाए। इसी कारण इंटरनेट पर ऐसा हथियार सर्च किया, जिससे एक वार में ही उसकी सांसे थम जाए। सर्च करने पर उसे नारियल काटने वाला बांका बेहतर लगा। जिसे उसने 20 जून को 900 रुपये में खरीदकर लाया था।

हैलट से सोमवार रात डिस्चार्ज होने पर गोविंदनगर पुलिस आरोपी भगवान दास को गिरफ्तार कर थाने ले गई। भगवानदास पूरी रात हवालात में गुमसुम बैठा रहा। उसकी आंख भी नहीं लगी। मंगलवार सुबह पुलिस ने उसे नाश्ता कराया। इसके बाद पूछताछ की। तब भगवान दास ने बताया कि बीमार बहन के कारण वह रोज सीटीआई के पास से उसके लिए नारियल पानी लाता था। नारियल को दुकानदार बांके से काटता था। एक बार उसने कहा, घर ले जाकर काट लेंगे तो दुकानदार ने कहा कि चाकू से नारियल काटना मुश्किल है। एक दिन उसने दुकानदार से कहा कि बांका उसे बेच दो। इस पर दुकानदार ने 900 रुपये लेकर बांका दे दिया। उसने बताया कि सुबह करीब चार बजे उसने बहन की हत्या की थी। जब वह गहरी नींद में थी। सोते समय सिर पर वार किए, लेकिन बहन तड़पने लगी। इस पर उसे करंट लगाकर मारने का निर्णय किया। उसके तड़पते समय ही पैरों में रस्सी बांधी। अंगूठों पर तार लपेटकर साकेट ऑन कर दिया। पुलिस ने नारियल दुकानदार को बुलाकर भी पूछताछ की तो आरोपी की बात सच निकली। गोविंदनगर पुलिस ने नारियल दुकानदार को गवाह बनाया है। मंगलवार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### ट्रस्ट ने साझा की निर्माण कार्य की तस्वीर





**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर में चल रहा निर्माण कार्य धीरे-धीरे अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। चार महीने में मंदिर परिसर की भव्यता और दिव्यता दिखाई देने लगेगी, जिसके लिए 28 जून से दो दिवसीय मंदिर निर्माण समिति की बैठक भी आयोजित की गई है। इस बैठक में मंदिर निर्माण संबंधित समीक्षा की जाएगी। इसके पूर्व मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चल रहे निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरों को भी साझा किया है। जिसमें परिसर में बने मंदिर के शिखर की भव्यता और चल रही निर्माण कार्य प्रगति की ओर निरंतर बढ़ रहा है।

**आगमन** विधानसभा अध्यक्ष ने की विधायकों के योगदान और कार्यशैली की प्रशंसा

# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : महाना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। आपातकाल की चर्चा में उन्होंने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय था। लोकतंत्र में तानाशाही के लिए कोई स्थान नहीं है। यह दिन हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और स्वतंत्रता की अहमियत की याद दिलाता है।

यूपी विधानसभा को लेकर कहा कि यह देश की सर्वोत्तम विधानसभा है। तीन वर्षों में विधायकों के योगदान और कार्यशैली की प्रशंसा की। कहा कि विधायिका का सम्मान जिस स्तर तक बढ़ा है, वह काबिले तारीफ है। तीन वर्षों में केवल दो दिन ही विधानसभा की कार्रवाई स्थगित हुई, बाकी दिन बहुत स्वस्थ, गरिमापूर्ण और लोकतांत्रिक चर्चा हुई। कहा कि जनता की समस्याएं जब सदन में उठती हैं तो विपक्ष चर्चा के लिए हमेशा तैयार रहता है। कहा कि आज जनता जागरूक और संवेदनशील हो चुकी है। हमारे विधायकों में डॉक्टर, इंजीनियर, वित्त विशेषज्ञ और कानून के जानकार शामिल हैं। बताया कि राम मंदिर निर्माण प्रारंभ होने के समय वे अयोध्या के प्रभारी मंत्री थे और इस पुण्यभूमि की सेवा करने का अवसर उन्हें मिला, जो उनके लिए गौरव की बात है। यहां विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, चन्द्रभानु पासवान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया।



सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर लेते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

# उप्र की कानून व्यवस्था खराब भ्रष्टाचार चरम पर: माता प्रसाद

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बहुत खराब स्थिति में है और भ्रष्टाचार चरम पर है। स्थानीय सर्किट हाउस पर एक भेंट वार्ता के दौरान माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि यूपी में लोग जब जिसको चाहते हैं, गोली मार देते हैं। जब चाहते हैं, अपहरण कर लेते हैं। उप्र पुलिस अपराध नहीं रोक पा रही है। पुलिस ठीक से रात्रि गश्त नहीं कर रही है। इसलिए नकबजनी, चोरियां अधिक हो रही हैं और इन घटनाओं को कारित करने वाले जो यंग ब्लड हैं, उनको रोकने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। हर साल बाढ़ की विभीषिका के सवाल पर माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि सरकार से मिलने वाली धनराशि को काम में लगाया नहीं जाता, बल्कि उसे निकाल कर खा लिया जाता है। इसकी शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष मेरे क्षेत्र के एक बन्धे पर 2 करोड़ 80 लाख रुपया निकालकर खा लिया गया।



माता प्रसाद पांडेय। नेता प्रतिपक्ष

## एक नजर

### तीन तस्कर 63 किलो डोडा छिल्का के साथ दबोचे

**बरेली :** बारादरी थाना पुलिस ने भरतौल-हरुनगला रोड पर चेकिंग के दौरान तीन तस्करों को 63 किलो डोडा छिल्का के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 15.75 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आंवला के गांव बझेडा निवासी रघुनाथ, बदायूं के थाना बिसौली के दसौली निवासी बबलू और बिशारतगंज के गांव रहमानपुर निवासी छत्रपाल के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

### पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 90 हजार ठगे

**बरेली :** किला थाना क्षेत्र में एक युवक से टेलीग्राम एप पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगों ने 90 हजार दो सौ रुपये ठग लिए। युवक की तहरीर पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पंजाबपुरा निवासी गोपाल मिश्रा ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब के नाम से एक मेसेज प्राप्त हुआ। जिस पर संपर्क करने पर अज्ञात व्यक्ति ने खुद को किसी बड़ी कंपनी से जुड़ा हुआ बताते हुए एक स्कीम के तहत कार्य करने का प्रस्ताव दिया। आरोपी के झांसे में आकर पीड़ित ने 90,200 रुपये भेज दिए। लेकिन बाद में उन्हें ठगी का पता चला।

### मोहर्रम के चांद से होगा इस्लामी नए वर्ष का आगाज

**बरेली :** इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम है। 26 जून यानी गुरुवार की शाम चांद देखा जाएगा। चांद के दीदार के साथ 27 या 28 जून को इस्लामी 1447 हिजरी का आगाज होगा। दरगाह आला हजरत से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि इस तरह यौमे आशूरा (10 वां मोहर्रम ) 6 या 7 जुलाई को पड़ेगा।

# घर में महिला का गला कसकर बेड में किया पैक

## बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



उर्मिला कटियार

▸▸ सिर पर भी भारी चीज से वार किया, रावतपुर में वारदात

▸▸ लिव इन में युवक के साथ रहती थी महिला

**अमृत विचार :** रावतपुर में लिव इन रिलेशन में रह रही महिला की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने महिला का चुनरी से गला कसकर उसे बेड में पैक कर दिया। सिर पर भी भारी वार से चोट के निशान हैं। स्कूल से लौटे छोटे बेटे ने बेड से निकली मां की चुनरी देखी, तब वारदात का पता चला। हत्या का आरोप बड़े बेटे पर है, लेकिन मृतका की बहन ने लिव इन में रह रहे युवक पर आरोप लगाया है। पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

रावतपुर गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार, पति जगदीश की मौत के बाद 18 सालों से रंजन नामक युवक के साथ लिव इन में रह रही थीं। उर्मिला के दो नाबालिग बेटे हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटा इंटर और 15 वर्षीय छोटा बेटा नौवीं का छात्र है। दोनों अर्मापुर केंद्रीय विद्यालय-टू में पढ़ते हैं। मंगलवार सुबह छोटा बेटा स्कूल गया था जबकि बड़ा बेटा घर पर ही था। रंजन दो तीन दिन से काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। मंगलवार दोपहर छोटे बेटे ने स्कूल से लौटने के बाद घर में मां को न पाकर बड़े भाई से पूछा तो उसने जानकारी न होने की बात कही। इस पर उसने मां को ढूंढना शुरू किया तो बेड से उनकी चुनरी थोड़ी बाहर लटकी दिखी। बेड खोला तो अंदर मां बेसुध पड़ी थीं। इस पर उसने पास में मसवानपुर में रहने वाली मौसी गीता को सूचना दी।

मौसी आईं और फिर रावतपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को उर्मिला की सांसें चलती दिखीं तो रीजेंसी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गीता ने पुलिस को बताया कि रंजन मार्केटिंग का काम करते हैं, इसलिए अक्सर घर से बाहर ही रहते हैं। पुलिस की पूछताछ में छोटे बेटे ने बड़े भाई पर शक जताया, जिस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं गीता के अनुसार उसकी बहन की मौत में पति रंजन का हाथ है। बेटे को मोहरा बनाया जा रहा है।

# न चाहकर भी स्कूल को लेना पड़ा वाची का एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



स्कूल के गेट पर वाची व उसके परिजन।

▸▸ जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिली थी बच्ची

**अमृत विचार :** आम से खास हुई वाची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के प्रबंधन को न चाह कर भी लेना पड़ा। हकीकत यह कि वाची के पिता मुख्यमंत्री से नहीं मिलते तो यहां एडमिशन कराने वाला कोई नहीं था। डीएम और बीएसए समझाकर वक्त निकालने की कोशिश में थे। मुख्यमंत्री के पास जाने के बाद अधिकारियों ने उसे फोन कर एडमिशन होने की जानकारी दी।

पिता अमित कुमार और मां प्राची जिलाधिकारी के कहने पर मंगलवार की सुबह 11 बजे वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे। जहां एडमिशन से संबंधित बाकी प्रक्रिया पूरी कराई गई। जिसके बाद वाची के वहां पढ़ने लिए प्रवेश होने पर लगा मानों सपने को पंख लग गए हों। वाची ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री से अपने एडमिशन की गुहार लगाई थी।

वाची के पिता अमित कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी ने उन्हें सोमवार की फोन करके बताया था कि आपकी बेटी का एडमिशन हो गया। तब वह लखनऊ से लौट रहे थे। सुबह अपनी बच्ची वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे अमित के चेहरे पर एडमिशन की खुशी के साथ नियमों की अनदेखी से लड़कर सफलता मिलने की थी।

वाची के पिता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पल भर में एडमिशन होने का आदेश दिया तो लगा कि अब उनकी बच्ची का भविष्य संवर जाएगा।

सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में अपनी बच्ची का एडमिशन कराने की इच्छा रखने वाले अमित का मुख्यमंत्री के पास पहुंचने के बाद स्कूल में आने को लेकर स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य दोनों इंतजार कर रहे थे। अमित ने बताया कि मुख्यमंत्री के जनता दरबार से निकलने के साथ ही जिलाधिकारी अनुज सिंह ने फोन कर पूछा कहां हो बधाई हो, आपकी बच्ची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में ही हो गया है। मैंने बताया कि मैं बच्ची के साथ लखनऊ से लौट रहा हूं। उन्होंने कहा कि स्कूल चले जाना। उसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने कई बार फोन कर जानकारी ली।

# सचिव ने माह में दो बार निकाला वेतन, आंखें मूंदे रहे बैंक मैनेजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एआर ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** साधन सहकारी समिति सिमरा बोरीपुर के बर्खास्त किए जा चुके सचिव की ओर से कई बार वेतन निकाले जाने के मामले में दो सेवानिवृत्त और एक मौजूदा बैंक मैनेजर भी दोषी पाया गया है।

आरोप है कि सचिव मनमानी कर महीने में दो-दो बार वेतन निकालता रहा और समिति पर जमा होने वाले खाद, बीज के पैसे में घपलेबाजी करता रहा और बैंक मैनेजर अंजान बने रहे। एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार ने तीनों बैंक अधिकारियों (दो सेवानिवृत्त) के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए बैंक प्रबंधन को पत्र लिखा है।

क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिमरा बोरीपुर में सहकारी साधन समिति (पैक्स) है। यहां पर तैनात रहे सचिव शकील अहमद पर आरोप है कि 2016 में एक माह में दो बार वेतन निकाल लिया था। इसके अलावा वर्ष 2020 में खाद, बीज की बिक्री के आए 4 लाख 59 हजार से अधिक रुपयों में से 1 एक लाख 14 हजार ही जमा किए। जबकि तीन लाख 45 हजार 767 रुपये बैंक में सचिव ने जमा नहीं किए। इसको लेकर उसे 2021 में सस्पेंड कर दिया गया था। नोटिस देकर सरकारी धन को जमा करने का आदेश दिया गया था, लेकिन नोटिस के बाद भी पैसा जमा नहीं किया। 2022 में सचिव को बर्खास्त कर दिया गया था।

# कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा के अंकों को जारी करने के निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ याची को चार हफ्तों के अंदर आवेदन करने का निर्देश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती, 2023 के मामले में भर्ती बोर्ड के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि वह याची अभ्यर्थियों को उनके लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की जानकारी छह हफ्तों के भीतर प्रदान करें। याची चार हफ्तों के अंदर आवेदन करें और सचिव नियमानुसार अंकों की जानकारी दें।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने मोहित सिंह व 10 अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में 60,422 कांस्टेबल पदों पर आवेदन मांगे गए थे, जिसमें लगभग 45 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। लिखित परीक्षा के बाद 1,72,000 अभ्यर्थी उत्तीर्ण घोषित हुए, लेकिन मेडिकल व शारीरिक दक्षता की सूची में केवल 1,27,000 अभ्यर्थियों का नाम ही शामिल किया गया। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए याचियों ने दावा किया कि वे लिखित परीक्षा में सफल हुए थे, लेकिन मेडिकल टेस्ट के लिए उन्हें नहीं बुलाया गया।

# निपाह वायरस का पता लगाएगी पोर्टेबल किट

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने किया विकसित

भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है।

एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।

निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों (फ्रूट बैट) के माध्यम से फैलता है और भारत में कई बार इसका प्रकोप देखा जा चुका है। पचास प्रतिशत से अधिक मृत्यु दर के साथ, यह सबसे घातक वायरल रोगों में से एक है।

# मदरसे में नाबालिग का यौन शोषण करता था हैदरी दल का सदस्य, गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी नबी हसन।

▸▸ फरीदपुर पुलिस को आरोपी के मोबाइल से मिले किशोर से यौन शोषण के 40 वीडियो

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना पुलिस ने शाहजहांपुर के मदरसे में किशोर का यौन शोषण करने वाले को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी आरोपी हैदरी दल का सदस्य निकला। पुलिस को उसके मोबाइल से किशोर के यौन शोषण के 40 वीडियो मिले हैं। वह इंस्टाग्राम पर हैदरी दल 25 आईडी का एडमिन है। मंगलवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपी नबी हसन फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पिपरथरा का निवासी है। वह शाहजहांपुर में रहकर गुलशने मुस्तफा मदरसे में दीनी तालीम हासिल कर रहा था। वह पांचवी तक पढ़ा है। उसने दीनी तालीम के दौरान शाहजहांपुर के तिलहर के एक मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय किशोर के साथ कई बार कुकर्म किया और उसके वीडियो बना लिए। आरोपी कई बार किशोर को अपने घर पर भी लाया और वहां भी उसके साथ यौन शोषण किया और धमकी दी कि शिकायत करने पर उसे जान से मार देगा। किशोर के पिता ने थाना फरीदपुर में आरोपी नबी हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद फरीदपुर पुलिस ने आरोपी को फरीदपुर में बीसलपुर रोड पर धर्मकांटा के पास साठा पुलिया से गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि इंस्टाग्राम पर धार्मिक उन्माद फैलाने और दूसरे युवक के मोबाइल नंबर से इंस्टाग्राम आईडी बनाने के आरोप में भी उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# छात्रा से मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बरेली :** नवाबगंज थाना क्षेत्र में कोचिंग जाते समय छात्रा से मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। बदमाशों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल, तमंचा और बिना नंबर की एक बाइक बरामद हुई है। आरोपियों की पहचान मोहल्ला गुलशननगर, नवाबगंज निवासी सूरजपाल और गांव सिकलापुर थाना जहानाबाद पीलीभीत निवासी तस्लीम के रूप में हुई।नवाबगंज थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि 12 जून को सुबह 9 बजे एक छात्रा कोचिंग पढ़कर घर वापस जा रही थी। गांव परौथी के पास दोनों बाइक सवार बदमाश उसका मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गए थे।

# किस्तों पर करें गौरव विशेष ट्रेन से 7 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



▸▸ रेलवे ने यात्रियों को दी सुविधा, 826 रुपये देना होगा मासिक भुगतान

**अमृत विचार :** आस्था और पर्यटन को एक साथ जोड़ते हुए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव विशेष ट्रेन 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन करने की घोषणा की है।

यह धार्मिक यात्रा 30 जून 2025 से शुरू होकर 11 जुलाई 2025 तक चलेगी। कुल 12 दिन और 11 रातों की इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु प्रमुख सात ज्योतिर्लिंगों के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत गौरव ट्रेन से गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, ओरई, झांसी और ललितपुर से यात्रियों को चढ़ने और उतरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस ट्रेन में अलग-अलग श्रेणी शामिल है।

इसके अलावा कम आय वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए आईआरसीटीसी ने मात्र 826 प्रतिमाह की आसान ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। इस ट्रेन की बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। इस यात्रा पर (लीव ट्रैवल कंसेशन) की सुविधा भी मान्य होगी। ऑनलाइन बुकिंग के लिए www.irctctourism.com पर जाएं या आईआरसीटीसी कार्यालय, पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद, बरेली या अन्य जिलों से जाने वाले यात्री इस ट्रेन में लखनऊ से बैठ सकते हैं।

### ये तीर्थ स्थल हैं शामिल

योजना के तहत महाकालेश्वर (उज्जैन), ओंकारेश्वर, द्वारिकाधीश मंदिर, नागेश्वर, सोमनाथ, त्र्यंबकेश्वर (नासिक), भीमाशंकर और घृष्णेश्वर (औरंगाबाद) के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही पंचवटी, कालाराम मंदिर, सिग्नेचर ब्रिज, भेटद्वारका और अन्य स्थानीय स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

### पैकेज श्रेणियां

1. **कंफर्ट श्रेणी (53,260 प्रति व्यक्ति)** डीलक्स होटलों में एसी कमरों में रात्रि विश्राम, शाकाहारी नाश्ता, दोपहर और रात्रि भोजन, स्थानीय भ्रमण हेतु एसी बस की सुविधा।
2. **स्टैंडर्ड श्रेणी (40,000 प्रति व्यक्ति)** बजट एसी होटलों में रात्रि विश्राम, नाश्ता, दोपहर एवं रात का शाकाहारी भोजन, नॉन-एसी बसों द्वारा भ्रमण।
3. **स्लीपर श्रेणी (23,500 प्रति व्यक्ति)** नॉन-एसी बजट होटलों में शेयरिंग में रात्रि विश्राम, वाश एंड चेंज की सुविधा, शाकाहारी भोजन व नॉन-एसी बस द्वारा भ्रमण।

# जौनपुर के थे पिता-पुत्री, दो लापता श्रद्धालुओं की तलाश जारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



यमुनोत्री मार्ग पर हुए भूस्खलन की जानकारी लेते डीएम और एसपी।

▸▸ यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन में हुई थी दोनों की मौत, कई यात्री दब गए थे

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन का शिकार हुए दो श्रद्धालुओं के शवों की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर निवासी हरिशंकर गुप्ता (47) व उनकी नौ वर्षीया पुत्री ख्याति के रूप में हुई है। अभी, लापता दो अन्य श्रद्धालुओं की तलाश जारी है।

गौरतलब है कि, यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर 9 कैची भैरव मंदिर के पास सोमवार शाम भूस्खलन होने से मलबे में कई तीर्थ यात्री दब गए थे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दो शवों को बरामद कर लिया था लेकिन शव क्षतविक्षत होने के चलते उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी। वहीं, मुंबई निवासी रसिक भाई (60) को बचा लिया गया था। उनका जानकीचट्टी पीएचसी में उपचार चल रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात मिले दोनों शवों की पहचान जौनपुर निवासी पिता-पुत्री के रूप में हुई जबकि दो लापता श्रद्धालु बी-58 कृष्णा विहार नई दिल्ली की रहने वाली भविका शर्मा (11) पुत्री जय शर्मा और मुंबई के कमलेश जेठवा (35) पुत्र कांतिबाई बताए जा रहे हैं।

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य और एसपी सरिता डोबाल ने मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### मलबे से हाथ निकालकर मांगी मदद

भूस्खलन में घायल रसिक भाई ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ यमुनोत्री धाम के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते पर अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने शुरू हो गए। जब उन्हें होश आया तो मलबे से किसी तरह हाथ बाहर निकालकर मदद मांगी।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1.1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4.1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6.1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8.1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10.1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3.1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5.1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7.1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8.1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।



### वर्ग पहेली -11 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | 3 कृ | | | 4 ले | न |
| म | | प | | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष,अमावस्या-16.00 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.40 तक तत्पश्चात अर्द्रा।

**मेष** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए संसाधन विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — आज संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या थोड़ी सुस्त हो सकती है। लेकिन आपको बड़ी जिम्मेदारियों का पालन करना पड़ेगा। दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे-धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। विचारशैली में नयापन आयेगा।

**कर्क** — आज पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे।

**कन्या** — आज निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आज शुरू कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**तुला** — आज आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संपत्ति की डील से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय व्यर्थ न करें।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।

**मकर** — आज जॉब में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनाव युक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों। प्रेमी जन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा।

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |

# पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हराया

## गेंदबाजों ने किया निराश और फील्डिंग भी रही ढीली, बेन डकेट ने लगाया शतक, 77 साल बाद आखिरी दिन 350 रन चेज



बेन डकेट।

**लीड्स, एजेंसी**

भारतीय गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन और ढीली फील्डिंग का पूरा फायदा उठाते हुए बेन डकेट के शानदार शतक की मदद से इंग्लैंड ने 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल करके पहले टेस्ट के पांचवें दिन मंगलवार को भारत को 5 विकेट से हरा दिया। 77 साल बाद कोई टीम आखिरी दिन 350 रन बनाकर मैच जीती है। 1948 में डॉन ब्रेडमैन की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ ही 404 रन बनाकर जीत हासिल की थी।

**बेन डकेट की शतकीय पारी :** डकेट ने 170 गेंद में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से 149 रन बनाये जबकि जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी करके भारत की मैच में वापसी के सारे रास्ते बंद कर दिये थे। इसके बाद जो रूट ने 53 और जैमी स्मिथ ने 44 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पांच मैचों की श्रृंखला में अब इंग्लैंड 1-0 से आगे है।

**पांच शतक काम न आए :** भारत की ओर से इस मैच में पांच शतक बने, लेकिन इसके बावजूद टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। इसके लिए खराब क्षेत्ररक्षण भी जिम्मेदार रहा चूंकि भारतीयों ने कई कैच टपकाये।

**गेंदबाजी रही असफल :** जसप्रीत बुमराह को दूसरे छोर से गेंदबाजी में सहयोग नहीं मिल पाने से भी भारत की मुश्किलें बढ़ी। भारतीय गेंदबाजों ने सिर्फ दूसरी पारी में ही 44 चौके और तीन छक्के दे डाले। पहली पारी में 54 चौके और पांच छक्के लगे थे। दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में अभी समय है लेकिन गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव तय है ताकि मैच में पूरे 20 विकेट लिये जा सकें। आखिरी सत्र में रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उस समय इंग्लैंड को 69 रन की जरूरत थी लिहाजा रूट ने 150 से अधिक टेस्ट के अपने अनुभव का बखूबी इस्तेमाल करके युवा स्मिथ के साथ मेजबान को मंजिल तक पहुंचाया। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने चार कैच टपकाये।

**संभलकर खेला इंग्लैंड :** बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 19 ओवर में 57 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे कृष्णा ने 15 ओवर में 92 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में राहुल के हाथों लपकवाया। इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी।

**जडेजा नहीं चले :** जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। एक रिवर्स स्वीप पर उन्होंने चौका लगाया तो दूसरी पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का जड़ा।


कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य मैच के दौरान तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

### कप्तान की अनुभवहीनता नजर आई, कुलदीप की कमी खली

कप्तान गिल की अनुभवहीनता भी साफ नजर आई जिनके कुछ फैसले और रणनीति सटीक नहीं रही। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल कप्तानी कर रहे हैं। इस हार के साथ ही पारंपरिक प्रारूप में कोच गौतम गंभीर का रिकॉर्ड और खराब हो गया। गंभीर के कोच रहते भारत अब 11 में से सात टेस्ट हार चुका है। यह आंकड़ा दोहरे अंकों में भी पहुंचने का डर है क्योंकि बुमराह बाकी चार में से दो मैच नहीं खेलेंगे। शार्दुल ठाकुर ने पूरे मैच में 16 ओवर डाले और दो विकेट चटकाये। रविंद्र जडेजा जिस तरह से लय के लिये जूझते नजर आये, कुलदीप यादव को नहीं खिलाने के फैसले पर टीम प्रबंधन जरूर मलाल कर रहा होगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने मैच में पांच विकेट लिये लेकिन जिस तरह से उनकी गेंदों पर चौके पड़े हैं, वह भरोसेमंद गेंदबाज नजर नहीं आते।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन**

**भारत दूसरी पारी : 364 रन**

**इंग्लैंड दूसरी पारी**

**373/5** (82 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉली का राहुल बो कृष्णा | 65 |
| बेन डकेट का रेड्डी बो ठाकुर | 149 |
| ओली पोप बो कृष्णा | 08 |
| जो रूट नाबाद | 53 |
| हैरी ब्रूक का पंत बो ठाकुर | 00 |
| बेन स्टोक्स का गिल बो जडेजा | 33 |
| जैमी स्मिथ नाबाद | 44 |

**गेंदबाजी :** बुमराह 19-3-57-0, सिराज 14-1-51-0, जडेजा 24-1-104-1, कृष्णा 15-0-92-2, ठाकुर 10-0-51-2


इंग्लैंड के जो रूट साथी बल्लेबाज जेमी स्मिथ के साथ जीत के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### निचले क्रम पर रन नहीं बनने और कैच छूटने से मैच गंवाया : गिल

**लीड्स :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से मिली हार के बाद स्वीकार किया कि निचले क्रम के बल्लेबाजों से रन नहीं बन पाना हार का अहम कारण रहा। उपकप्तान ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक जमाया जबकि गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भी शतक बनाये लेकिन भारत दोनों पारियों में अपेक्षित बड़ा स्कोर नहीं बना सका और कई अहम कैच भी छूटे। गिल ने मैच के बाद कहा यह शानदार टेस्ट मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन हमने कैच छोड़े और निचले क्रम से भी रन नहीं बने। लेकिन टीम पर गर्व है और कुल मिलाकर अच्छा प्रयास था। कल हम 430 के करीब रन बनाकर पारी घोषित करने की सोच रहे थे लेकिन निचले क्रम पर रन नहीं बनने से मुश्किल हो गई। उन्होंने कहा हमने निचले क्रम के योगदान पर बात की लेकिन यह इतनी जल्दी (विकेटों का पतन) हो गया। हमें आने वाले मैचों में इसमें सुधार करना होगा। उन्होंने कैच छूटने पर अपने क्षेत्ररक्षकों का बचाव करते हुए कहा इस तरह की विकेटों पर आसानी से मौके नहीं मिलते। यह युवा टीम है और सीख रही है। उम्मीद है कि इन पहलुओं पर आगे बेहतर प्रदर्शन होगा।

**एक नजर**

### अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार



**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

### मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।


भारत के नीरज चोपड़ा चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट के दौरान पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

## नीरज चोपड़ा ने गोल्डन स्पाइक मीट में खिताब जीता

**ओस्ट्रावा, एजेंसी**

पेरिस डायमंड लीग जीतने के चार दिन बाद भारत के भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक मीट में पहली बार खेलते हुए खिताब अपने नाम किया।

चोपड़ा ने 20 जून को पेरिस डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने यहां विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के गोल्ड टूर्नामेंट में नौ खिलाड़ियों के बीच 85.29 मीटर का थ्रो फेंकते हुए खिताब जीता। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है। 27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता।

## शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

**नई दिल्ली, एजेंसी**


जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



## दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन
- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# देश ने 21 महीने तक झेला आपातकाल का काला दौर



**आपातकाल के 50 साल**

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल 25 जून 1975 को लागू किया था जो 21 मार्च 1977 तक कुल 21 महीने लागू रहा था। आपातकाल का कानूनी आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 352 था जो आंतरिक अशांति के आधार पर राष्ट्रीय आपातकाल लागू करने की अनुमति देता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के 12 जून 1975 को इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध ठहराए जाने से पैदा हुई राजनीतिक अस्थिरता, सरकार के खिलाफ जयप्रकाश नारायण के व्यापक जनांदोलन और कानून व्यवस्था और प्रशासनिक नियंत्रण को कारण बताकर ये फैसला देश पर थोपा गया था। हालांकि, आपातकाल ने यह भी दिखाया कि लोकतंत्र को कमजोर करना तो संभव है, लेकिन स्थाई रूप से नहीं। आपातकाल के बाद जब जनता जागी तो 1977 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस को पहली बार हार का सामना करना पड़ा।

### देश में ये सब हुआ आपातकाल के दौरान

- संसद और विधानसभाओं की शक्तियां सीमित कर लोकतंत्र का हनन किया गया।
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकार निलंबित हो गए।
- तमाम विपक्षी नेताओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया।
- समाचार पत्रों पर सरकार की निगरानी शुरू हुई, खबरों को सेंसर किया जाने लगा।
- संजय गांधी के नेतृत्व में कई जगह जबरन नसबंदी करवाई गई, खासकर गरीबों में।
- भय और दमन के चलते आम लोग सरकार के खिलाफ बोलने से डरने लगे।

### अब तक राजनीतिक मुद्दा

आपातकाल को 50 वर्ष गुजर चुके हैं लेकिन राजनीतिक तौर पर देश में ये अब भी मुद्दा बना हुआ है। भाजपा और विपक्षी दल अक्सर कांग्रेस को आपातकाल के लिए दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस बचाव में कोई कोई जवाब नहीं दे पाती।

### कुछ बदलाव भी हुए

- देश में प्रशासनिक अनुशासन बढ़ा, ट्रेनें समय पर चलने लगीं, सरकारी कामकाज की रफ्तार तेज हो गई।
- सरकारी दावे के मुताबिक अपराधों में कुछ गिरावट आई और कानून व्यवस्था की स्थिति भी कुछ हद तक सुधरी।
- जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ावा मिला लेकिन इसका तरीका काफी विवादित रहा था।
- लोकतंत्र और मानवाधिकारों की कीमत पर हुए इन फायदों को स्वीकार नहीं किया गया।

### आपातकाल का घटनाक्रम

- 12 जून 1975 इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के चुनाव को रद्द किया।
- 25 जून 1975 राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल घोषित किया।
- 26 जून 1975 अखबारों की प्रेस पर ताले गए, सेंसरशिप लागू कर दी गई।
- जुलाई 1975 विरोध में आंदोलन, हजारों विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी की गई।
- 1976 देश में नसबंदी अभियान शुरू, हजारों लोगों की नसबंदी हुई।
- जनवरी 1977 केंद्र ने चुनाव की घोषणा कर आपातकाल हटाने के संकेत दिए।
- 21 मार्च 1977 आपातकाल समाप्त, चुनावों में कांग्रेस की चुनाव में हार।

### लोकनायक का उदय

आपातकाल विरोधी आंदोलन के अगुवा जयप्रकाश नारायण को लोकनायक की उपाधि मिली। आपातकाल ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस जैसे प्रमुख विपक्षी नेता पैदा किए।

## एक नजर

### इंडोनेशिया: आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और सात विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को कभी-कभी गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### कोर्ट ने खारिज की इमरान खान की जमानत याचिका

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को नौ मई के दंगों से संबंधित आठ आतंकवाद मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान पर नौ मई, 2023 की हिंसा के संबंध में लाहौर में कई मामले दर्ज हैं, जिसमें अपने समर्थकों को सरकारी और सैन्य भवनों पर हमला करने के लिए उकसाने का आरोप भी शामिल है।

### बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण

**ढाका।** आईएमएफ ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है। आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था। कोष के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को विस्तारित ऋण एवं निधि सुविधा के तहत बांग्लादेश में वृद्धि और पुनर्रचना के लिए तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी करने के बाद मंजूरी दी।

### एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में

**नई दिल्ली।** सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है। चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार को ईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### ट्रंप का दावा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दावा किया कि इजराइल और अमेरिका के हमलों के कारण ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया है। नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, ईरान कभी भी अपने परमाणु कार्यक्रम का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा। उनकी परमाणु क्षमताएं खत्म हो गई हैं। बाद में सोशल मीडिया पर कहा कि इजराइल ईरान पर आगे कोई हमला नहीं करेगा और सभी सैन्य विमान लौट जाएंगे, क्योंकि दोनों देशों में युद्ध विराम प्रभावी है। अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, सभी विमान वापस लौटेंगे और ईरान की ओर दोस्ताना 'प्लेन वेव' करते हुए घर लौटेंगे।

### ईरान-इजराइल से करीब 3100 भारतीयों को निकाला

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान और इजराइल से मंगलवार को अपने 3100 से अधिक नागरिकों को निकाला। दोनों देशों से 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत अब तक 3,170 लोगों को सुरक्षित लाया गया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के भारीभरकम सी-17 विमान का उपयोग करते हुए 400 से अधिक लोगों को इजराइल से लाया, जिन्हें पहले इजराइल से भूमि मार्ग से जॉर्डन और मिस्र ले जाया गया था। इसके अलावा, 161 भारतीयों को सड़क मार्ग से इजराइल से जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचाने के बाद विशेष विमान से स्वदेश लाया गया। मंगलवार को दो विशेष उड़ानों के जरिये 573 भारतीयों, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया। मंत्रालय ने बताया कि ईरान से निकाले गए लोगों के नए जत्थों के साथ, भारत अब तक फारस की खाड़ी के इस देश से 2,576 भारतीयों को वापस ला चुका है।


# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंट में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को जूतों की माला पहना घुमाया

- जम्मू पुलिस की करतूत, एसएसपी ने दिया जांच का आदेश

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू के मध्य क्षेत्र में मंगलवार को एक संदिग्ध चोर को सार्वजनिक रूप से जूतों की माला पहनाकर पुलिस की गाड़ी के बोनट पर बैठा घुमाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जांच शुरू की गयी है।

सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वहां मौजूद लोग इस कृत्य पर तालियां बजाते और खुशी मनाते हुए नजर आ रहे हैं। जहां कई लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की वैधता और नैतिकता पर सवाल उठाए हैं तो वहीं कुछ लोगों ने इसे जंगल राज करार दिया है। जम्मू के एसएसपी जोगिंदर सिंह ने घटना की निंदा करते हुए इस मामले में विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

आरोपी कश्मीर का निवासी है और गिरफ्तारी के समय नशे की हालत में था। उसे एक अस्पताल के पास पीछा करने के बाद पकड़ा गया। बख्शी नगर पुलिस थाने के थाना प्रभारी आजाद मन्हास ने बताया कि आरोपी उस गिरोह का है, जिसका हाल ही में इस इलाके में भंडाफोड़ हुआ था। कुछ दिन पहले दवा खरीदते समय एक व्यक्ति से 40,000 रुपये लूट लिये गए थे, हालांकि वह व्यक्ति चोर को पहचानकर उससे भिड़ गया था।



पुलिस की गाड़ी पर बैठा चोरी का आरोपी।

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

- चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# बीजिंग में चीनी उपराष्ट्रपति हान से मिले डोभाल

- एससीओ की बैठक में उठाया सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा

**बीजिंग, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों के साथ यहां चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। एससीओ अधिकारियों के साथ बैठक में झेंग ने सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। डोभाल ने अपने संबोधन में सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों को जिम्मेदार ठहराने की बात कही।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हान के हवाले से कहा कि चीन स्थायी सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को बनाए रखने, पारस्परिक लाभ और सबके लिए लाभदायक परिणामों की खातिर कानून के शासन की भावना के अनुरूप एससीओ के अन्य सदस्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। हान ने कहा कि चीन समानता और एकजुटता को बनाए रखेगा, ताकि साझा शासन, सहयोग और क्षमता निर्माण को बढ़ाया जा सके और अनिश्चितताओं और अस्थिरताओं से जूझ रही दुनिया में सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने में एससीओ की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा सके।

डोभाल ने एससीओ से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है। डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है।



### नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 24 लोगों की मौत, 200 घायल

- यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और लगभग 200 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी है।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने भी रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

# उदयपुर में फ्रांसीसी पर्यटक से दुष्कर्म

**जयपुर।** उदयपुर शहर में फ्रांस की एक पर्यटक के साथ दुष्कर्म कर आरोपी फरार हो गया। आरोप है कि आरोपी पर्यटक को एक पार्टी से बहला-फुसलाकर अपने किराए के अपार्टमेंट में ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

घटना सोमवार को बड़गांव थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार 22 जून को दिल्ली से उदयपुर पहुंची महिला अंबामाता क्षेत्र के एक होटल में ठहरी थी। पीड़िता की मेडिकल जांच के बाद केस दर्ज किया गया है। पीड़िता आरोपी के संपर्क में कैसे आई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिला टाइगर हिल स्थित 'द ग्रीक फार्म कैफे एंड रेस्ट्रो' में एक पार्टी में गई थी, जहां उसे आरोपी सिद्धार्थ मिला। आरोपी ने उसे आसपास की जगहें दिखाने के बहाने बाहर बुलाया और उसे सुखेर में अपने किराये के अपार्टमेंट में ले गया। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया।

**राहत भरी खबर** | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।